फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 73 संख्याः 13 प्रभात जयपुर, शनिवार 13 अगस्त, 2022 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.00 रु.

ARBIT



जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

Sariska & Bollywood ...The Old Connection

In 1993, Rakesh Roshan arrived at Sariska and stayed with his entire unit at this Palace hotel.

How Gut Bacteria Evolve To Become....

Celebration: Azaadi Ka Mahotsav

Aye Watan, mai jahaan rahoon, janha me yaad rahe tu......



*टाइगर प्रेमियों के लिए एक बड़ी अच्छी खबर है। इन्टरनैशनल यूनियन फॉर कंज़र्वेशन ऑफ नेचर की नवीनतम रिपोर्ट में बताया गया है कि टाइगर की आबादी गत सात वर्ष में 40 प्रतिशत तक बढ़ी है। वर्ष 2015 में 3,200 टाइगर थे और 2022 में संभवतया 4,500 टाइगर हैं। वन्यजीव संगठन पैंथेरा के अनुसार, विलुप्ति के कगार पर पहुंच चुकी प्रजाति के लिए यह एक महत्वपूर्ण टर्निंग पॉइन्ट है। वर्ष 1968 के बाद से कुछ वर्षों के अन्तराल पर टाइगर की स्थिति का आकलन किया जाता है क्योंकि यह जीव लगातार ''एन्डेजर्न्ड'' बना हुआ है। नवीनतम रिपोर्ट में भी हालांकि, टाइगर एन्डेन्जर्ड ही है, पर इसकी स्थिति बेहतर है। पैंथेरा संगठन में टाइगर प्रोग्राम के डिप्टी डायरैक्टर अभिषेक हरिहर ने कहा कि, इस बार की रिपोर्ट के अनुसार टाइगर की आबादी पूर्व के अनुमान से अधिक है। वर्ष 2010 में शुरु हुए ग्लोबल टाइगर रिकवरी प्रोग्राम के प्रति कई सरकारें कृतसंकल्प हैं। इस प्रोग्राम का लक्ष्य था टाइगर की आबादी में कमी के रुझान को पलटना और वर्ष 2022 तक जंगल में बाघ की आबादी को कम से कम 6000 पहुंचाना। यह लक्ष्य पूरा नहीं हो सका है। अब इस वर्ष के अंत में, टाइगर रेंज वाले राज्यों के नेताओं व वैज्ञानिकों की मीटिंग होगी जिसमें 12 वर्षीय रिकवरी कार्यक्रम बनाया जाएगा। नए आकलन का अनुमान है कि, एशिया में जंगली बाघ की आबादी 3,725 और 5,578 के बीच है, अर्थात् औसतन, टाइगर की आबादी 4,500 है। इसमें 3,140 अनुमानतः वयस्क हैं। विश्व की कुल टाइगर आबादी का 76 प्रतिशत साउथ एशिया में है। यहां टाइगर की आबादी काफी बढ़ी है, खासकर भारत और नेपाल में। रिपोर्ट कहती है कि, पूर्वोत्तर एशिया में आबादी स्थिर है पर रुस में और चीन में, सीमावर्ती भागों में आबादी बढ़ सकती है। साउथ ईस्ट एशिया में कम्बोडिया, लाओस और वियतनाम में हालात खराब हैं। वैज्ञानिक कहते हैं, संरक्षण प्रयास जारी रखना महत्वपूर्ण है क्योंकि टाइगर अभी भी एन्डेन्जर्ड हैं। पैंथेरा के चीफ साइन्टिस्ट, जॉन गुडरिक कहते हैं कि, उन्हें उम्मीद है कि अगले एसैसमैंट तक स्थिति बेहतर होगी और टाइगर को ''वल्नरेबल'' वर्ग में रख दिया जाएगा।*

# पं. नेहरू ने 14 अगस्त 1947 को हिन्दुस्तान टाइम्स को भारतीय तिरंगे पर पत्र लिखा था

**पत्र में तिरंगे के बारे में लिखी बातें तो सार्थक हैं ही, पर पत्र ने यह भी दर्शाया कि तिरंगे का डिज़ाइन कोई आकस्मिक प्रेरणा का नतीजा नहीं था, बल्कि काफी सोच, चिंतन व आशा पर आधारित था**

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 12 अगस्त। कांग्रेस ने शुक्रवार को जवाहर लाल नेहरू का वह पत्र जारी किया, जो उन्होंने भारतीय राष्ट्र ध्वज पर 75 साल पहले हिन्दुस्तान टाइम्स के तत्कालीन संपादक देवदास गांधी को लिखा था। पत्र इस प्रकार है:

मैंने वे बहुत सारे पत्र पढ़े हैं जो ''ध्वज के लिये धन्यवाद'' फीचर के अन्तर्गत हिन्दुस्तान टाइम्स में प्रकाशित हुये हैं। मैं ध्वज की ''डिजायन'' की किसी आलोचना से संतुष्ट नहीं हूँ तथा मैं यह मानता हूँ कि यह ध्वज, जिस रूप में स्वीकार हुआ है, सफलतापूर्वक उन चीजों का कलात्मक एवं प्रतीकात्मक रूप से प्रतिनिधित्व करता है, जिनका प्रतिनिधित्व करना इसका उद्देश्य है।

यह ध्वज कुल मिलाकर एक प्रतीक है। तीन रंगों तथा चरखा वाला हमारा झंडा सालों तक हमारे लिये

- **एक बात और उजागर की पं. नेहरू के पत्र ने कि, उस दौर के राजनीतिज्ञ काफी सोचते थे, मौलिक सोच रखते थे। केवल नारेबाजी तक सोच व चिंतन सीमित नहीं था।**
- **स्वतंत्रता दिवस पर, अगर अब हम स्वतंत्र होने की बात करें तो, नारे बाजी से स्वतंत्रता दिलाने की भगवान से प्रार्थना करें। उदाहरण के लिये राज्य के मु.मंत्री ने बड़े जोश व असरदार तरीके से कहा कि, बलात्कार के बाद मृत्युदण्ड देने की नयी व्यवस्था के कारण महिलाओं की हत्या के आंकड़ों में भारी वृद्धि हुई। यह उद्घोष आंकड़ों से कतई प्रमाणित नहीं होता है और ना ही समझ में आता है। भगवान स्वतंत्रता दिलाये ''जिम्मेवार'' नेताओं के गैर जिम्मेवाराना दावों से, क्योंकि, अगर सोच तथ्यों पर आधारित नहीं है तो, उसको प्रचारित करने का क्या मतलब। अभिप्राय केवल जनता का ध्यान आकर्षित करना है, तो किसी रीति नीति के अपेक्षा कैसे करें प्रशासन से।**

स्वतंत्रता एवं एकता के साथ ही भारत की श्रमजीवी जनता का प्रतीक रहा है। इसके इर्द-गिर्द जो भावना एवं प्रतीकात्मकता बन गई है, उसके प्रति हिंसक हुये बिना, इस झंडे के मूलस्वरूप को जरा सा भी बदलना हमारे लिये पूरी तरह असंभव होता। यह झंडा मूलतः बहुत सजग सोच-विचार के बाद अपनाया गया था, तथा मेरे विचार से इसके रंगों का चयन तथा व्यवस्था बहुत कलात्मक तथा सुंदर थी तथा है। चरखा इस झंडे में भावना, परिकल्पना एवं संकल्पना की एक खास खूबसूरती जो जोड़ता है। चूँकि अब झंडे पर पूरा चरखा नहीं है तो यह नहीं मान लिया जाना चाहिये कि हमने चरखे को या इसमें निहित भाव को त्याग दिया है। संविधान सभा के प्रस्ताव में, यह साफ तौर पर कहा गया था कि इसके केन्द्र में बना हुआ चक्र चरखे का प्रतिनिधित्व करता है। यह (चक्र) वस्तुतः उस विचार के प्रति कुछ और अधिक व्यवहार्य एवं कलात्मक है, जो झंडे के लिये ज्यादा उपयुक्त एवं अनुकूल था, की निरन्तरता

**( शेष अंतिम पृष्ठ पर )**

## दिल के टुकड़े हज़ार हुए!

**-श्रीनंद झा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 12 अगस्त। ''धर्मनिरपेक्ष खेमे'' में नीतीश कुमार की वापसी के साथ भूतपूर्व जनता पार्टी के इधर-उधर बिखरे पड़े सोशलिस्ट

- **पुराने सोशलिस्ट नीतीश कुमार के ''शुद्ध'' मु.मंत्री बनने के बाद, इधर-उधर बिखरे पड़े सोशलिस्ट नेताओं में एक होने का सपना जागा, जिससे विपक्ष की राजनीति में 2024 के चुनाव से पहले एक होकर सत्ता में आने का प्रयास सजीव हो सके। एक होने की यह प्रक्रिया सभी राज्यों में शुरू हो गयी है या शीघ्र हो जायेगी।**

नेताओं में एक होने का सपना जगा है और इन नेताओं ने एक व्यावहारिक एकता गढ़ने के प्रयास शुरू कर दिए गए हैं। जहाँ, नीतीश कुमार ने, स्वयं इंकार कर दिया है कि, 2024 के लोकसभा

**( शेष अंतिम पृष्ठ पर )**

# 'नीतीश प्र.मंत्री बनने की स्पर्धा में नहीं हैं'

**उनकी पार्टी के अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह ने साथ में यह भी जोड़ा, पर नीतीश में सफल प्र.मंत्री बनने के सब गुण मौजूद हैं**

**-डॉ. सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 12 अगस्त। बिहार में भाजपा के साथ बने गठबंधन से बाहर आकर मोदी-शाह की जोड़ी को मात देने के बाद, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज इस बात को दोहराया कि प्रधानमंत्री बनने की महत्वाकांक्षा ''उनके मन पर हावी नहीं है।'' उन्होंने कहा कि ''हम हर व्यक्ति को साथ लेने की दिशा में काम करेंगे।''

लेकिन जब उनसे पूछा गया कि असम्बद्ध विपक्षी दलों में एकजुटता लाने की प्रक्रिया में वे अपने लिये क्या भूमिका लेकर चल रहे हैं, तो कुमार ने कहा, ''हमारी भूमिका सकारात्मक होगी। मेरी इच्छा है कि (भाजपा के नेतृत्व वाले एन.डी.ए. के विरूद्ध) सभी दल एकजुट हों। आने वाले दिनों में, आप (इस दिशा में) कुछ होता हुआ देखेंगे।''

10 अगस्त को आठवीं बार बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद, नीतीश कुमार ने अगले लोकसभा चुनावों को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

- **नीतीश कुमार ने यह भी कहा कि, दो चार दिन में संपूर्ण विपक्ष को एक साथ जोड़ने की दिशा में ''एक्शन'' दिखेगा।**
- **उन्होंने व्यंग्यात्मक ढंग से कहा कि, यह भी सच है कि कुछ लोगों को आदत पड़ गयी है, केन्द्रीय एजेंसियों का दुरूपयोग करने की, पर उन्हें याद रखना चाहिये कि, जनता उनकी हर हरकत पर निगाह रखे हुए हैं।**

पर कटाक्ष किया: ''वे 2014 में तो जीत गये थे, लेकिन क्या वे 2024 में जीत पाएंगे? उन्होंने पत्रकारों से उस समय भी कह दिया था कि वे ''किसी चीज के दावेदार नहीं हैं,'' जब उनसे पूछा गया था कि क्या वे प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार बनना चाहते हैं। उन्होंने कहा ,''प्रश्न तो यह पूछा जाना चाहिये कि क्या वह व्यक्ति, जो 2014 में आया (जीता) था, 2024 में जीत जायेगा।''

इस विषय में दोबारा प्रश्न किये जाने पर उन्होंने हाथ जोड़कर कहा, ''यह मेरे मन में नहीं है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि लोग क्या कहते है, भले ही मेरे नज़दीकी लोग ऐसा क्यों न कहते हों।'' उन्होंने आगे कहा कि बड़ा काम यह होगा कि सभी विपक्षी दल एकजुट हो जायें और उनका काम इस स्थिति को सुनिश्चित करना है।

लेकिन जब उनसे पूछा गया कि बिखरे हुये विपक्षी दलों में एकता स्थापित करने में, वे अपनी क्या भूमिका मानते हैं तो कुमार ने कहा, ''हमारी भूमिका सकारात्मक होगी। मेरे पास बहुत से फोन कॉल आ रहे हैं। मैं चाहता हूँ कि (भाजपा के नेतृत्व वाले एन.डी.ए. के खिलाफ) सभी (दल) एक हो जायें। आप आने वाले दिनों में (इस दिशा में) कुछ होता देखेंगे।''

**( शेष अंतिम पृष्ठ पर )**

## सफल कूटनीति

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 12 अगस्त। चीन की निरन्तर सैन्य कवायद ताइवान को डराकर रोक नहीं पाई हैं। न्यूयार्क टाइम्स का कहना है कि वस्तुतः इन सैन्य

- **ताइवान ने दो महाशक्तियों, अमेरिका व चीन की पारस्परिक प्रतिस्पर्धा के बीच संतुलन का, बीच का रास्ता निकाला। अमेरिका हथियार देने को तैयार, चीन ने केवल डराने के स्तर तक ही अपना विरोध सीमित रखा, ताइवान ने कूटनीतिक जीत का ढिंढोरा नहीं पीटा, क्योंकि चीन इससे उत्तेजित होकर और भारी बमबारी करता।**

कवायदों से उसके कूटनीतिक, आर्थिक तथा युद्धाभ्यास की महत्ता में इस

**( शेष अंतिम पृष्ठ पर )**

# रूस भारतीय रूपये को रिज़र्व करैंसी के रूप में काम में लेना चाहता है

**रूस के पास 600 खरब डॉलर का विदेशी मुद्रा का रिज़र्व है। पर, अमेरिका व यूरोप के आर्थिक प्रतिबंधों के कारण, इस संकट के समय में इस राशि का कुछ उपयोग नहीं कर पा रहा है रूस**

**-अंजन रॉय-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 12 अगस्त। रुस अपने वैश्विक लेनदेनों में लगातार पाबन्दियां लागू करने से हताश है और बताया जाता है कि वह अमेरिकी डॉलर्स की अपेक्षा अन्य वित्तीय सम्पत्तियां खरीदने की योजना बना रहा है। उसकी नई बॉस्केट में भारतीय रुपया आधारित सम्पत्तियां भी हैं।

पश्चिमी देशों द्वारा रुस पर लगाए गए व्यापक आर्थिक प्रतिबंधों के बाद इस देश ने अपने विदेशी मुद्रा भण्डार के पोर्टफोलियो को शिफ्ट करने का निर्णय लिया है। रुस के पास युद्ध के लिए 6 सौ बिलियन डॉलर का भण्डार था, यद्यपि इस देश द्वारा गत 24 फरवरी को युद्ध की शुरुआत किए जाने के बाद अमेरिका विदेशों में जमा इसके धन को फ्रीज़ कर चुका है।

फ्रीज़ किए जाने तक रुस अपनी सरप्लस विदेशी मुद्रा को अधिकांशतः डॉलर परिसम्पत्तियों के रुप में ही रखता था। अपने खुद के धन के फ्रीज़ हो जाने और संकट के समय इसके स्वयं के पास

- **रूस के समक्ष अब केवल तीन विकल्प हैं, विदेशी मुद्रा का अपना भण्डार या तो चीन की मुद्रा यूआन, भारतीय मुद्रा रूपया, या टर्की की मुद्रा लीरा में रखे।**
- **युआन सबसे ज्यादा माफिक आती रूस को क्योंकि चीन रूस का सबसे बड़ा पर ट्रेडिंग पार्टनर है, पर युआन पर चीन की सरकार का काफी बड़ा नियंत्रण है, अतः इस मुद्रा में पूरा विदेश मुद्रा का भण्डार ज्यादा सुरक्षित नहीं है।**
- **भारत की मुद्रा भी ज्यादा स्थिर नहीं, इसकी कीमत घटती जा रही है, पर विदेशी मुद्रा का भण्डार रूपये में रखना, इतना जोखिम का काम नहीं।**
- **पर टर्की, हालांकि उद्योग व व्यापार की दृष्टि से बढ़ रहा है, लेकिन उसके राष्ट्रपति की अचानक बेवजह बदलती नीतियां, लीरा के मूल्य स्थिर रखने में बाधक मानी जाती हैं।**

उपलब्ध ना होने के अनुभव ने रुस के विशेषज्ञों को यह पक्का विश्वास दिला दिया कि जहां तक संभव हो डॉलर को डम्प कर दिया जाना चाहिए।

वित्तीय विशेषज्ञों के पास उपलब्ध एक आंतरिक दस्तावेज में रुस कहता है कि उसे युआन, रुपया और यहां तक कि टर्की के लीरा की कुछ होल्डिंग्स करने की जरुरत पड़ेगी।

**( शेष अंतिम पृष्ठ पर )**

## 'सुल्ली डील्स'

**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 12 अगस्त। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को ''सुल्ली डील्स'' केस की जांच पर स्टे ऑर्डर देने से मना कर दिया। ''सुल्ली डील्स'' के रचियता ओंकारेश्वर ठाकुर के खिलाफ कई एफ.आई.आर. दर्ज है।

सुल्ली डील्स ऐप जुलाई 2021 में एक शेयरिंग फ्लेटफॉर्म गिटहब पर दिखी थी। इस ऐप में जानी मानी मुस्लिम

- **सुप्रीम कोर्ट ने ''सुल्ली डील्स'' ऐप के खिलाफ जांच रोकने और सभी केसों को क्लब करने से इंकार किया।**

महिलाओं की नीलामी की जाती थी और उनके लिए अपमानजनक शब्द ''सुल्ली'' का प्रयोग किया जाता था, इससे महिलाओं में जोड़-तोड़ कर बनाई गई तस्वीरें अश्लील व अपमानजनक विवरण के साथ लगाई जाती थीं।

वर्तमान केस में सर्वोच्च न्यायालय ठाकुर द्वारा दायर की गई एक याचिका

**( शेष अंतिम पृष्ठ पर )**

# तेलंगाना के मु.मंत्री चन्द्रशेखर राव का परिवार आल्हादित है नीतीश के मु.मंत्री बनने से

**चन्द्रशेखर राव का परिवार मानता है कि, प्राचीन काल में नालन्दा ने विश्व को राह दिखायी थी, अब फिर बिहार ने रास्ता दिखाया है भाजपा को परास्त करने का व भाजपा की ''बैक डोर पॉलिटिक्स'' पर नियंत्रण करने का**

**-लक्ष्मण वेंकट कुची-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 12 अगस्त। बिहार के मुख्यमंत्री एवं जे.डी. (यू) नेता नीतीश कुमार ही एक मात्र ऐसे नहीं हैं, जिन्हें अपने सहयोगी एवं केन्द्र में सत्तारूढ़ भाजपा से अपने राज्य और खुद की पार्टी को वास्तविक चुनौती मिली है।

क्योंकि भाजपा अब स्वयं को तेलंगाना में मुख्य विपक्षी पार्टी मानती है और इस राज्य को लेकर गंभीरता बरत रही है।

देश के दक्षिण में तेलंगाना के मुख्यमंत्री एवं तेलंगाना राष्ट्र समिति (टी.आर.एस.) के सुप्रीमो के. चन्द्रशेखर राव (के.सी.आर.) ने भाजपा की और उनकी खुद की कीमत पर उनके राज्य में जड़े जमाने को एक खतरे की घंटी की तरह लिया।

अपने दो कार्यकाल में कुछ हद तक सत्ता विरोधी लहर का सामना कर रहे के.सी.आर. पर आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से लेकर जिला स्तर के स्थानीय नेताओं सहित भाजपा के कुछ सीनियर नेताओं ने भ्रष्टाचार और वंशवादी राजनीति के दो मुद्दों को लेकर जोरदार हमला किया। तेलंगाना में भाजपा की महत्वकांक्षाएं बहुत ज्यादा हैं और वह वर्ष 2019 के आम चुनावों में जीती गईं चार लोकसभा सीटों की अपनी संख्या को बढ़ाना चाहती है।

दक्षिण भारत में कर्नाटक के अलावा वह तेलंगाना ही है जहां पर भाजपा ने कांग्रेस के पतन को भुनाया है

- **चन्द्रशेखर को एक ''एडवांटेज'' है तेलंगाना में, जो उत्तर भारत में, देश के अन्य भागों में गैर भाजपा मु.मंत्रियों को हासिल नहीं है। चन्द्रशेखर राव तेलंगाना में एक सशक्त ''मीडिया हाऊस'' के मालिक हैं, इससे वे आंकड़ों व नारों से प्र.मंत्री मोदी पर भरपूर आक्रमण कर रहे हैं, जो अन्य राज्यों के मु.मंत्री नहीं कर पाते।**
- **पर, मीडिया विशेषज्ञ, संदीप शास्त्री का कहना है कि, बिहार का मॉडल देशभर में हर राज्य में दोहराना संभव नहीं है, क्योंकि हर प्रदेश की राजनीतिक स्थिति व स्वभाव में फर्क है, अतः बिहार में चल गया इसलिए जरूरी नहीं कि, हर जगह चल जायेगा।**
- **शास्त्री का यह भी पुरजोर ढंग से कहना है कि, विपक्ष को भाजपा से लड़ाई, मोदी के व्यक्तित्व व विपक्ष के स्थानीय नेता के व्यक्तित्व के बीच कभी नहीं होने देनी चाहिये, क्योंकि इस मामले में भाजपा व मोदी विपक्ष के किसी भी नेता से मीलों आगे हैं। विपक्ष व भाजपा के बीच संघर्ष मुद्दे, ''प्रॉस्पैक्टिव'' व ''नैरेटिव'' पर आधारित होने चाहिये।**

और हाल ही सम्पन्न ग्रेटर हैदराबाद म्यूनिसिपल काउन्सिल चुनावों में उसने शानदार प्रदर्शन किया है। स्वाभाविक ही है कि राज्य के मुख्यमंत्री ने इससे चौकन्ना होकर अपना पूरा बचाव करते हुए प्रधानमंत्री पर सामने से सीधा प्रहार किया है।

हिन्दी बैल्ट के अन्य विपक्षी नेताओं के विपरीत के.सी.आर. को तेलंगाना में जो चीज़ मदद पहुंचाती है वह है राज्य की शेष राजनीतिक पार्टियों और राजनेताओं की भांति एक मजबूत मीडिया संस्थान पर उनका स्वामित्व होना। इसके अतिरिक्त राज्य में सत्तारूढ़ पार्टी के मुख्यमंत्री की हैसियत से उन्हें स्थानीय भाषाई प्रेस पर महत्वपूर्ण बढ़त मिली हुई है जो अपने आप में मायने रखती है और प्रोपेगंडा गेम में भाजपा को मात दे सकती है।

यह एक ऐसी सुविधा है जिससे उत्तर भारत की कई क्षेत्रीय पार्टियां खासकर कांग्रेस, खासतौर पर गुजरात,

**( शेष अंतिम पृष्ठ पर )**

## कांग्रेस की रहस्यमय चुप्पी

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 12 अगस्त। जहां सारे विपक्षी दल बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश

- **नीतीश को मु.मंत्री बनाने में सोनिया गांधी की पर्दे के पीछे सबसे अहम् भूमिका रही। पर, अब कांग्रेस ने चुप्पी साध रखी है, शायद इसलिये कि कांग्रेस विरोधी क्षेत्रीय नेताओं (जैसे, ममता, तेलंगाना के चन्द्रशेखर राव आदि) को विपक्ष की एकता तोड़ने का मौका व बहाना न मिल जाये।**

कुमार द्वारा गठित महागठबन्धन के पीछे इकट्ठे हो गये हैं, वहीं उनके द्वारा भारतीय जनता पार्टी को त्याग दिये जाने

**( शेष अंतिम पृष्ठ पर )**

## विचार बिन्दु

**त्याग यह नहीं कि मोटे और खुरदरे वस्त्र पहन लिए जायें और सूखी रोटी खायी जाये, त्याग तो यह है कि अपनी इच्छा अभिलाषा और तृष्णा को जीता जाये। –सुफियान सौरी**

# ''ध्वज तिरंगा देश की शान, हर हिंदुस्तानी का अभिमान, अचानक क्यों आया दिव्य ज्ञान, कि पुन: चलाओ नया अभियान''

सात समुद्र पर, दूर-दराज बर्मिंघम में भारत माँ के ग्रामीण, आदिवासी, गरीब माँ-बाप के बेटे-बेटियों नें, राष्ट्र मंडल खेलों में मेडल्स जीत-जीत कर, बेमिसाल उपलब्धियों के साथ गर्व से तिरंगा फहराया। न शोरगुल, न रैलियां और न कर्कश दिखावटी नारे।

हजारों-लाखों विद्यार्थी, हर 15 अगस्त, 26 जनवरी को अपने-अपने सँस्थानों में बिना पोलिटिकल पार्टियों के आव्हान-यात्राओं, के प्यारे तिरंगे ध्वज को दिल की गहराइयों सलाम करते हैं।

तिरंगा देशवाशियों के लिए सदैव प्रिय, सम्माननीय रहा है और हमेशा रहेगा। देश के वीर सैनिकों को यह प्राणों से प्रिय है। देश के किसानों, मजदूरों, दस्तकारों, सामान्य नागरिकों नें हमेशा इसे अपने दिल से सम्मान दिया है।

देश के नागरिक बिना दिखावटी अभियानों के, प्राणों की आहुति देकर इसका सम्मान करते आए है और सदैव करेंगे।

तिरंगा हमारे देश की आजादी की लड़ाई का उत्प्रेरक रहा है। इस संघर्ष के बलिदानों का, आन्दोलनों का साक्षी रहा है। उस समय तो इसका सम्मान बढ़ाने के लिए, इसको पकड़ कर चलने वाले बलिदानी शूरवीरों को किसी प्रकार की यात्राए निकाल कर इसका गौरव बढ़ाने की आवश्यकता नहीं पड़ी। आज अचानक अलग-अलग रंगों के राजनीतिक दलों को ऐसा करने की आवश्यकता क्यों कर पड़ गई? क्या जनता उनकी निष्ठाओं पर शंका कर रही है???

**राजनीतिक दलों का यह दिखाने का कि कौन सी पार्टी कितनी लोकप्रिय-देश भक्त है, निरर्थक कम्पीटिसन है। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में बहसें चलाई जा रहीं है कि कब कब किस-किस ने तिरंगे का मान-अपमान-स्वीकार-अस्वीकार किया। यह तो इतिहास की बातें हुई। राजनीतिक दल अब क्यों इन बातों को सिद्ध-असिद्ध करने में इतनी शक्ति लगा रहे है? कोई डर सता रहा है क्या??**

यह तेरा-मेरा तिरंगा क्यों, तिरंगा हम सब का तिरंगा है??

देश के कुछ बड़े राजनीतिक दलों में विभिन्न प्रकार से दिखावटी नारे लगा कर तिरंगे ध्वज के माध्यम से देश प्रेम, देश भक्ति दिखाने की होड़ सी लगी है। अधिक से अधिक झण्डे घर-घर लगवा कर अपनी देश भक्ति का नाप बता रहे हैं। उनकी देश भक्ति पर किसने शंका की है, किसने चुनौती दी है? किसी नें नहीं।

देश के नागरिकों को तो कभी भी अपना देश प्रेम प्रदर्शित करने के लिए इस प्रकार के दिखावटी अभियानों की आवश्यकता पड़ी नहीं। राजनीतिक दलों का यह दिखाने का कि कौन सी पार्टी कितनी लोकप्रिय-देश भक्त है, निरर्थक कम्पीटिसन है। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में बहसें चलाई जा रहीं है कि कब कब किस-किस ने तिरंगे का मान-अपमान-स्वीकार-अस्वीकार किया। यह तो इतिहास की बातें हुई। राजनीतिक दल अब क्यों इन बातों को सिद्ध-असिद्ध करने में इतनी शक्ति लगा रहे है? कोई डर सता रहा है क्या??

किसी नगरिक को कोई आपत्ति नही बल्कि स्वागत करते हैं कि पार्टियां नि:शुल्क या सशुल्क झंडे वितरित करें, अधिक से अधिक घरों में लगवाएं। खतरा तो केवल यह है कि इसे समाज को बांटने और देश भक्ति नापने का, नया पैमाना तो नहीं बनाया जा रहा है? आशा करे कि इस पैमाने पर देश में कूट-कूट कर देश भक्ति भरने का अभियान न चल पड़े।

क्या झंडा लगाने मात्र से नागरिक को देश भक्ति का प्रमाण पत्र मिल जाएगा---क्या मोब लिंचर्स, दंगा भड़काने और उसमें भाग लेने वाले तिरंगा लपेट लें तो देश भक्त बन जाएंगे? खाद्य पदार्थों, दवाओं में मिलावट करने वाले, गगन चुम्बी तिरंगा फहरा लेंगे तो देश भक्त होने का प्रमाण पत्र मिल जाएंगे? क्या भ्रष्टाचार करने वाले, माफियाओं को संरक्षण देने वाले, जातीय व लैंगिक आधार पर भेदभाव-अत्याचार करने वाले, समाज में नफरत-आतंक फैलाने वाले तिरंगा फहराते ही देश भक्त हो जाएंगे? इस प्रकार के लोग अंधाधुन्द झंडे भी बांटेंगे और अपने घरों और वहनों पर बड़े से बड़े झंडे भी लगाएंगे, देश भक्ति का प्रमाण पत्र जो लेना है??

क्या सामान्य नागरिक जो हर प्रकार से देश के संविधान, कानून को मानते हुए, काम कर के, रोजगार सृजित कर, देश की उन्नति में सहायक होकर अपना योगदान करता है वो झंडा फहराने वालों से कम देश भक्त होगा??

चलते चलते, यह कि सोशल मीडिया पर चल रहा है--कहीं कहीं तो गरीबों को राशन लेने के लिए झंडा खरीदना पड़ रहा है, कुछ सरकारी महकमों में कर्मचारियों को 20 रु का झंडा 30 रु में दिया जा रहा है--पोलिटिकल पार्टियों के कुछ दफ्तरों में 30रु से सस्ते में झंडा मिल रहा है–बताया जा रहा है कि पार्टियों ने तो लाखों-करोड़ों झंडे खरीदे है, मुफ्त देने के लिए--हो सकता है, हमारी लोकप्रिय देश भक्त पार्टियां के दूर दर्ज के कुछ दफ्तरों नें गफलत में पैसे लेकर तिरंगे झंडे बेच दिए होंगे।

**–अतिथि सम्पादक,**
**महावीर सिंह,**
**आई.ए.एस. ( से.नि. )**

## राशिफल शनिवार 13 अगस्त, 2022



**पंडित अनिल शर्मा**

भाद्रपद मास, कृष्ण पक्ष, द्वितीया तिथि, शनिवार, विक्रम संवत 2079, शतभिषा नक्षत्र रात्रि 11:28 तक, शोभन योग प्रात: 7:49 तक, तैतिल करण दिन 2:20 तक, चन्द्रमा आज कुम्भ राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-कर्क, चन्द्रमा-कुम्भ, मंगल-वृष, बुध-सिंह, गुरू-मीन, शुक्र-कर्क, शनि-मकर, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

त्रिपुष्कर योग रात्रि 11:28 से रात्रि 12:54 तक है। आज अश्वत्थ मारूती पूजन, अशून्य शयन व्रत, पंचक है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ 7:39 से 9:16 तक, चर 12:32 से 2:09 तक, लाभ-अमृत 2:09 से 5:15 तक।

**राहूकाल:** 9:00 से 10:30 तक। सूर्योदय 6:01, सूर्यास्त 7:02

**मेष**
आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। चलते कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी।

**वृष**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।

**मिथुन**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। प्रतिष्ठित व्यक्तियों से व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा।

**कर्क**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। बनते कार्य बिगड़ने का भय बना रहेगा। यात्रा में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

**सिंह**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक खर्चों पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा।

**कन्या**
व्यावसायिक कार्यों के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। व्यावसायिक कार्य योजना का क्रियान्वयन हो सकता है। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। अस्त-व्यस्त कार्य व्यवस्थित होने लगेंगे।

**तुला**
नौकरीपेशा व्यक्तियों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सोच-विचार हो सकता है। आर्थिक स्थिति ठीक बनी रहेगी।

**वृश्चिक**
घर-परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।

**धनु**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। नये-पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

**मकर**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे।

**कुंभ**
व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। अटके हुए व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण व्यावसायिक कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मीन**
आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। अनावश्यक धन खर्च हो सकता है। स्वास्थ्य संबंधित मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।

# थेवा कला का उद्‌गम सत्रहवीं शताब्दी में हुआ प्रतापगढ़ में सामंतसिंह के शासनकाल में

सत्रहवीं शताब्दी में थेवा कला का उद्गम प्रतापगढ़ के शासक सामंतसिंह के शासनकाल में हुआ। प्रतापगढ़ में थेवा कला के प्रथम शिल्पी स्वर्गीय नाथूलाल सोनी थे। उन्होंने सामंतसिंह को अपनी कलाकृतियां दिखाई तो वे प्रसन्न हुए। उन्होंने नाथूलाल सोनी की थेवा कला को प्रश्रय दिया। उन्होंने नाथूलाल सोनी को राजसोनी परिवार की उपाधि प्रदान की।

प्रतापगढ़ राज्य के राजा-महाराजाओं ने कलाकारों को प्रतापगढ़ में बसाने हेतु चार सौ बीघा जमीन बक्शीश में दी। फलस्वरूप यह राजसोनी परिवार उत्तरोत्तर प्रगति करते रहे, फलते-फूलते रहे और आज विश्व के प्रमुख संग्रहालयों तथा राज महलों में इस कला की कला कृतियाँ सुशोभित हो रही हैं। इधर राजा महाराजाओं ने अपने विदेशी मेहमानों को थेवा-कला की उत्कृष्ट कलात्मक वस्तुएं उपहार में देकर खुश करने में कोई कसर नहीं रखी। परिणाम स्वरूप विदेशी लोगों ने भी इस कला की कलात्मक कला कृतियां अपने यहां मंगवाने में कीर्तिमान स्थापित किया। प्रतापगढ़ की थेवा कला को देश-विदेश में ख्याति मिली। यही कारण है कि इस कला का नाम एनसाइक्लोपीडिया आफ ब्रिटेनिका में भी अंकित है।

थेवा कला कांच पर सोने का सूक्ष्म चित्रांकन है। कांच पर सोने की यह कारीगरी अत्यन्त बारीक, कमनीय एवं कलात्मक होती है। इसके लिए रंगीन बेल्जियम ग्लास (कांच) का प्रयोग किया जाता है। चित्रकारी का ज्ञान इसके लिए आवश्यक होता है। सर्वप्रथम सोने की बारीक शीट पर सूक्ष्म चित्रांकन नई नक्काशी के साथ किया जाता है। इस कला का कलाकार चित्रकला के पश्चात् अनवरत अभ्यास एवं सतत साधना से




पन्नालाल मेघवाल

कांच पर बारीक कला की नक्काशी तथा रेखांकन को प्रकल्पित कर चित्रांकन का रूप साकार करता है।

थेवा कला में लगभग चार इंच लम्बी एवं तीन इंच चौडी स्वर्ण शीट को पीट-पीट कर मनचाहा विस्तार दिया जाता है। बार-बार स्वर्ण शीट को पीटते रहने की प्रक्रिया को स्थानीय भाषा में थेरना कहा जाता है तथा शीट पर विभिन्न आकृति उकेरने के लिए उपयोगी चांदी के रिंग की फ्रेम को वादा कहते है। इस प्रकार स्थानीय भाषा में उच्चारित थेरना के थे एवं वादा के वा से मिलकर थेवा शब्द बना। मूलत: जहां सोने की शीट के बिना थेवा कला शून्य है वहीं सोने की शीट पर काँच को निश्चित आकृति में बनाये रखने के लिए चाँदी के रिंग के स्वरूप के बिना थेवा-कला की कल्पना निर्मूल है।

काँच पर स्वर्ण के विस्मयकारी शिल्पांकन से निर्मित थेवा कला में एक छोटी सी अगूंठी से लेकर बडी मजूंषा तक बनाई जाती है। गले का हार, पेण्डल इयरिंग, पाजेब, बिछुए, सिगरेट, बाक्स, इत्रदान, पानदान, टाईपिन, कफ के बटन, कलात्मक तश्तरियां, श्रृंगारदान एवं तस्वीरें तक बनाई जाती है। भाव मग्न मोर की आकृतियाँ, रासलीला एवं



शिकार के दृश्य, फूल पत्ती आदि का कलात्मक चित्रांकन इस कला की उत्कृष्टता प्रतिपादित करते हैं।

थेवा कला से अंलकृत आभूषणों का मूल्य धातु न होकर कलाकार की कला का होता है। इस कला में सोना कम एवं साधना अधिक होती है। यही कारण है कि वे आभूषण मंहगे होने के बावजूद लोगों द्वारा व्यापक पैमाने पर बनवाये जाते हैं। कई परिवार केवल थेवा कला के आभूषण खरीदने मात्र के लिए ही प्रतापगढ पहुँचते है। स्थानीय एवं विदेशी ग्राहकों के अग्रिम आदेश हर समय रहते हैं।

भारत सरकार ने भी थेवा कला की मनभावन कलाकृतियों की कलात्मकता को समझा तथा समय-समय पर इस कला के पारंगत एवं महारत प्राप्त राजसोनी परिवार के सदस्यों को राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया। सन् 1969 में रामप्रसाद सोनी, सन् 1970 में शंकरलाल राजसोनी, सन् 1972 में वेणीराम राजसोनी, सन् 1975 में रामविलास राजसोनी, सन् 1977 में जगदीशप्रसाद राजसोनी, सन् 1980 में बसन्तराज राजसोनी एवं सन् 1982 में रामनिवास राजसोनी कलाविद राष्ट्रपति अंलकरण पुरस्कार से सम्मानित किये

**■ विश्व प्रसिद्ध होने के बावजूद यह कला एक राजसोनी परिवार तक ही सीमित है**

गये। इसके अलावा बाद के वर्षों में 7 कैलाशचन्द्र राजसोनी, महेशकुमार राजसोनी, लक्ष्मीनारायण राजसोनी एवं निर्मलकुमार राजसोनी को भी राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। भारत सरकार के साथ-साथ राज्य सरकार ने भी इन कलाकारों को समय-समय पर सम्मानित किया है।

आश्चर्य की बात यह है कि थेवा कला भारत ही नहीं बल्कि विश्व प्रसिद्ध होने के बावजूद केवल प्रतापगढ़ के एक राजसोनी परिवार तक ही सीमित है। पीढियों से इस राजसोनी परिवार में काँच पर सोना जड़ने का यह कार्य होता आ रहा है लेकिन सात-आठ परिवारों को छोड़कर कोई भी नहीं जानता है कि स्वर्ण शिल्पकारी किस तरह की जाती है। इस कला को अति गोपनीय रखा जाता है। केवल इस परिवार के पुत्रों को यह कला सीखाई जाती है। पुत्रियों यहां तक कि पत्नियों को भी इस कला से परिचित नहीं कराने की परम्परा है।

आज के औद्योगिक एवं मशीनी युग में मेहनत भरे सूक्ष्म एवं साँस्कृतिक स्वर्ण चित्रांकन के इस थेवा कला कार्य को राजसोनी परिवार की नई पीढी भी सीख रही है। यह इस क्षेत्र की ही नहीं वरन् सम्पूर्ण भारतवर्ष एवं विश्व के लिए गौरव की बात है।

**पन्नालाल मेघवाल,**
**वरिष्ठ लेखक एवं स्वतंत्र पत्रकार**

# 151 मीटर तिरंगे के साथ तीन हजार बच्चों ने निकाली रैली

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। ग्राम मूंडरू के राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय में इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी व ग्राम पंचायत के तत्वावधान में तिरंगा रैली का आयोजन हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि श्रीमाधोपुर एसडीएम दिलीप सिंह राठौड़ थे। अध्यक्षता सरपंच सुमित्रा देवी ने की।

**■ एसडीएम दिलीप सिंह राठौड़ ने दिखाई हरी झंडी**

सोसायटी के ब्लॉक संयोजक शंकर लाल शर्मा ने बताया कि कस्बे के राजकीय व निजी विद्यालयों के 3 हजार बच्चों ने रैली में भाग लिया। 151 मीटर लंबे तिरंगा ध्वज के साथ कस्बे के मुख्य बाजारों से रैली निकाली। एसडीएम राठौड़ ने आजादी के अमृत महोत्सव के बारे में जानकारी दी तथा हरीझंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। ग्रामीणों व विभिन्न सामाजिक संगठनों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर तिरंगा रैली का स्वागत किया। सरपंच सुमित्रा देवी ने बच्चों को फल वितरित किये। पीईईओ भेरूराम यादव, प्रधानाचार्य राजेन्द्र, रामलाल वर्मा, उपसरपंच दिलीप सिंह, डॉक्टर मंगल यादव, एड रामजीलाल मिश्रा, लक्ष्मीनारायण सैनी, रणवीर सिंह सहित ग्रामीण मौजूद रहे।



**श्रीमाधोपुर में इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी ग्राम पंचायत के तत्वावधान में तिरंगा रैली का आयोजन किया गया।**

# श्रीगंगानगर की जलवायु में अंजीर का उत्पादन संभव: डॉ. सिंह

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जिले के पन्नीवाला जाटान गांव के रहने वाले 12वीं पास किसान गोपाल सिहाग 10 साल से मूंग, ग्वार और सरसों जैसी ट्रेडिशनल खेती कर रहे थे। कमाई भी कुछ खास नहीं थी। दो साल पहले एक दोस्त के खेत में गए। वहां अंजीर की खेती के बारे में पता चला। दोस्त ने बताया इससे 5 गुना तक मुनाफा कमाया जा सकता है। गोपाल सिहाग ने तय किया अंजीर की खेती करेंगे। एग्रीकल्चर एक्सपर्ट से बात कर तरीका सीखा, लेकिन सबसे बड़ी चिंता इस बात की थी कि इसे बेचेंगे कैसे? इस सवाल का जवाब मिला सोशल मीडिया से। गोपाल ने बताया कि एक बार वह सोशल मीडिया पर वीडियो देख रहे थे। एक वीडियो में कॉन्ट्रैक्ट फार्मिंग के बारे में बताया जा रहा था। पता चला कई कंपनी खेत से सीधे फ्रूट खरीदती है। गोपाल कॉन्ट्रैक्ट फार्मिंग के जरिए पहली बार में 4 लाख से ज्यादा का मुनाफा कमा चुके हैं। उन्हें उम्मीद है कि इस बार दूसरी क्रॉप से वे 22 लाख रुपए तक का प्रॉफिट कमाएंगे।

अंजीर की खेती दूसरे फ्रूट की खेती से थोड़ी महंगी है। लेबर, ऑर्गेनिक खाद, स्प्रिंकलर सिस्टम, ड्रिप इरिगेशन आदि का खर्चा ज्यादा होता है। ऐसे में एक पौधे पर करीब 300 रुपए का मेंटेनेंस आता है लेकिन, प्रोडक्शन बढ़ने के साथ आय भी बढ़ती जाती है। उपनिदेशक कृषि विस्तार डॉ.मिलिंद सिंह ने बताया कि श्रीगंगानगर की जलवायु में अंजीर का प्रोडक्शन संभव है।

**■ किसान ने मूंग छोड़ अंजीर की खेती शुरू की, कंपनी खुद आती है खरीदने**

अंजीर के फल 45 से 50 दिन में पककर तैयार हो जाते हैं। ऐसे में किसान को भी कोई नुकसान नहीं होता। उनका कहना है कि प्रोसेसिंग यूनिट लग जाए तो यह किसानों के लिए वरदान साबित हो सकती है। गोपाल सिहाग ने बताया कि कॉन्ट्रैक्ट फॉर्मिंग के जरिए यहां के किसानों को बड़ी राहत मिली है। फल पकने के बाद कंपनी का व्हीकल खेतों से ही फ्रूट कलेक्ट करता है। वे इसे ले जाकर फाइनल प्रोडक्ट तैयार करते हैं। इसके लिए कंपनी के प्लांट में ड्रायर में फ्रूटस को सुखाकर हल्का प्रेस किया जाता है, इसके बाद पैकिंग की जाती है। गोपाल सिहाग के पास 28 बीघा जमीन है। 6 बीघा में अंजीर के पेड़ लगाए हैं।

# चूरू के नगर परिषद क्षेत्र में सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चौपट

## विपक्ष भी नगरपरिषद पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाने के अलावा कुछ नहीं कर रहा

**चूरू,** (कासं)। नगर परिषद क्षेत्र चूरू में सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो गई है। शहर की मुख्य सड़कों पर लगे गंदगी के ढेर सबके सामने नगर परिषद की पोल खोल रहे हैं। सच में तो लगता है कि यहां नगरपरिषद और जिला प्रशासन ने मिलकर चूरू को गंदे शहरों की सूची में पहले नम्बर पर लाने हेतु अभियान चला रखा है।

धर्म स्तूप से गढ़ की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर नटराज होटल के सामने, बाबोसा मंदिर व खेमका शक्ति मंदिर की गली के किनारे, जैन श्वेतांबर स्कूल के पास सहित कई जगह गंदगी के ढेर देखे जा सकते हैं। इस मार्ग पर आधा दर्जन से अधिक बैंक भी हैं। इनके अलावा मंदिर, स्कूल, जिला पुस्तकालय, अस्पताल आदि भी हैं।

चर्चा है कि बाबोसा मंदिर व खेमका शक्ति मंदिर की गली के पास कांग्रेस नेता मंडेलिया का चुनावी कार्यालय होने के कारण नगर परिषद द्वारा जानबूझकर गंदगी का ढेर लगाया जा रहा है। ताकि रोजाना हजारों लोग कांग्रेस नेता मंडेलिया के चुनावी कार्यालय के आगे भारी मात्रा में गंदगी देखकर थू-थू कर सकें।

लोगों ने दर्जनों बार शिकायत कर दी, उसके बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। दूषित राजनीति के चलते शहर में नई सड़क पर भी कई जगह भारी मात्रा में कचरा एकत्रित रहता है। बहड़ सर्किल के पास, सर्किट हाऊस के मुख्य द्वार के आगे भी गंदगी के कारण दयनीय स्थिति बनी हुई है। शहर में दिनों दिन यह समस्या बढ़ती ही जा रही है।

नगर परिषद चुनाव में मंडेलिया ने जिन समस्याओं का समाधान करने का वादा किया वो और बढ़ गई हैं। मजे की बात देखो कांग्रेस के पार्षदों की भी कोई सुनवाई नहीं होती है। यहां विपक्ष भी नगरपरिषद पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाने के अलावा कुछ नहीं कर रहा है।



**चूरू, कांग्रेस नेता मंडेलिया के चुनावी कार्यालय के आगे भारी मात्रा में जमा गंदगी।**

# एक करोड़ 21 लाख बच्चों और लोगों ने देशभक्ति गीत गाकर बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड



जयपुर के एसएमएस स्टेडियम सहित सभी 33 जिलों में शुक्रवार को स्कूली बच्चों और अभिभावकों, स्टाफ आदि ने एक साथ मिलकर छह देशभक्ति गीत गाए।

■ वर्ल्ड बुक ऑफ रिकाड्र्स लंदन ने विश्व रिकॉर्ड का प्रोविजनल सर्टिफिकेट सौंपा

**जयपुर**, (का.प्र.)। राजस्थान ने शुक्रवार को इतिहास रचा। एक साथ 1 करोड़ 21 लाख से अधिक लोगों ने देशभक्ति के गीतों को गाकर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। जयपुर के एसएमएस स्टेडियम से लेकर राजस्थान के सभी 33 जिलों में सुबह 10.15 बजे से 10.40 बजे के बीच प्रदेशभर में स्कूली बच्चों और अभिभावकों, स्टाफ आदि ने एक साथ मिलकर 6 देशभक्ति गीत गाए। इसके साथ ही राजस्थान ने वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाकर इतिहास रच दिया।

शिक्षा विभाग की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक इस आयोजन में 1 करोड़ 21 लाख 76 हजार 737 लोगों ने हिस्सा लिया है। जिसमें से 1 करोड़ 24 हजार 22 विद्यार्थी शामिल हैं। देशभक्ति गीतों के गायन पर राजस्थान को वर्ल्ड बुक ऑफ रिकाड्र्स का प्रोविजनल सर्टिफिकेट मिला है। इस अवसर पर वर्ल्ड बुक ऑफ रिकाड्र्स लंदन के प्रतिनिधि प्रथम भल्ला ने मुख्यमंत्री गहलोत को विश्व रिकॉर्ड का प्रोविजनल सर्टिफिकेट सौंपा। इसी संस्था की ओर से 8 सितंबर 2020 को सचिन पायलट के जन्मदिन पर हुए रिकॉर्ड रक्तदान का रिकॉर्ड बनाने के लिए सर्टिफिकेट दिया गया था।

बच्चों का उत्साह बढ़ाते हुए सीएम अशोक गहलोत ने कहा कि वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉड्र्स लंदन की ओर से प्रोविजनल सर्टिफिकेट प्रदान किया गया है। बच्चों ने जो देशभक्ति गीत गाए हैं ये आजादी से पहले के तराने हैं। जो आजादी के बाद भी गाए जाते रहे। इससे संविधान की रक्षा, सभी धर्म के सम्मान, देश पर बलिदान और त्याग की भावना जागृत होती है। उन्होंने कहा कि ये छात्र ही आने वाले भारत के भविष्य हैं। सीएम ने इस तरह के सफल आयोजन को लेकर उच्च शिक्षा विभाग और पर्यटन विभाग को बधाई दी।

# 'ज्वाइन द इंडियन आर्मी' साइकिल अभियान संपन्न



सप्त शक्ति कमान के मुख्य अभियंता मेजर जनरल संजय मलिक ने शुक्रवार को जयपुर सैन्य स्टेशन में ज्वाइन द इंडियन आर्मी साइकिल अभियान को झंडी दिखाकर फ्लैग इन किया।

**जयपुर**। सप्त शक्ति कमान के मुख्य अभियंता मेजर जनरल संजय मलिक द्वारा आज जयपुर सैन्य स्टेशन में ज्वाइन द इंडियन आर्मी साइकिल अभियान को झंडी दिखाकर फ्लैग इन किया गया।

मेजर वरुण सिंह, सेना मेडल और सर्वदा अग्रणी ब्रिगेड के 11 सदस्यों के नेतृत्व में साइकिल अभियान दल ने 1 अगस्त को बठिंडा से अपनी यात्रा शुरू की और नतेहा, फतेहाबाद, नंगल चौधरी, प्रागपुरा और मनोहरपुर हिसार के शहरों से घूमते हुए 12 दिनों में 485 किलोमीटर की दूरी तय की।

अभियान के दौरान, टीम ने विभिन्न शैक्षिणक संस्थानों का दौरा किया और छात्रों को भारतीय सेना में शामिल होने के लिए प्रेरित किया और विभिन्न प्रवेश योजनाओं के बारे में अवगत करने के लिए व्याख्यान आयोजित किए। भारतीय स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में चल रहे आजादी का अमृत महोत्सव के अनुरूप, अभियान दल ने रास्ते में आए पूर्व सैनिकों से भी बातचीत की और राष्ट्र की सेवा में उनके योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। इस अभियान ने टीम के सदस्यों को पंजाब, हरियाणा और राजस्थान राज्यों के समृद्ध इतिहास और संस्कृति की एक झलक पाने के लिए एक आदर्श मंच प्रदान किया।

# म्यूजियम ट्रस्ट को राहत, जलेब चौक पार्किंग से बेदखल नहीं करने का आदेश

■ ट्रस्ट की ओर से दावे में कहा गया कि मानसिंह और भारत सरकार के बीच हुए कोवेनेन्ट में अन्य संपत्तियों के साथ इस संपत्ति को निजी संपत्तियों की सूची में दर्शाया गया है। संविधान के अनुच्छेद 363 के तहत कोवेनेन्ट को किसी कोर्ट में चुनौती भी नहीं दी जा सकती

**जयपुर**, (का.सं.)। अतिरिक्त जिला न्यायालय क्रम-1 महानगर प्रथम ने महाराजा सवाई मानसिंह द्वितीय म्यूजियम ट्रस्ट व अन्य को राहत देते हुए राज्य सरकार को पाबंद किया है कि वे इन्हें जलेब चौक पार्किंग से बेदखल ना करें और ना ही इस संपत्ति का उपयोग-उपभोग में बाधा पैदा करें। अदालत ने यह आदेश महाराजा सवाई मानसिंह द्वितीय म्यूजियम ट्रस्ट व सूर्या सिक्योरिटी सर्विस के दावे पर सुनवाई करते हुए दिए।

दावे में कहा गया कि जलेब चौक स्थित पार्किंग को वर्ष 1999 से ट्रस्ट से पार्किंग सुविधा मुहैया कराने के लिए सूर्या सिक्योरिटी सर्विस ने ठेके पर ले रखा है। इस ट्रस्ट का गठन मानसिंह ने वर्ष 1959 में किया था और इस पार्किंग का स्वामित्व सवाई भवानी सिंह ने वर्ष 1972 में ट्रस्ट को दे दिया था। दावे में कहा गया कि मानसिंह और भारत सरकार के बीच हुए कोवेनेन्ट में अन्य संपत्तियों के साथ इस संपत्ति को निजी संपत्तियों की सूची में दर्शाया गया है। संविधान के अनुच्छेद 363 के तहत कोवेनेन्ट को किसी कोर्ट में चुनौती भी नहीं दी जा सकती। करीब 19 साल पहले पेश इस दावे में कहा गया कि तीन जनवरी 2003 को मुख्य सचिव और जीएडी विभाग के अधिकारियों ने मौके पर आकर जलेब चौक के चौकों में क्राफ्ट प्रदर्शन आयोजित करने की बात कहकर चौक खाली करने को कहा। ऐसे में राज्य सरकार को निर्देश दिए जाए कि वादी को संपत्ति से बेदखल नहीं किया जाए। इसके जवाब में राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि जलेब चौक ट्रस्ट की संपत्ति नहीं है। कोवेनेंट के आधार पर बनी इन्वेंट्री में जलेब चौक सहित अन्य संपत्तियों सहित सरकार की संपत्ति वर्णित की गई है। ऐसे में ट्रस्ट को जलेब चौक का कोई भी हिस्सा ठेके पर देने का अधिकार नहीं है। इसलिए संपत्ति का कब्जा हटाकर राज्य सरकार को सौंप देना चाहिए। इास पर सुनवाई करते हुए अदालत ने राज्य सरकार को पाबंद किया है कि वह वादी को बेदखल न करे और संपत्ति के उपयोग-उपभोग में बाधा पैदा ना करे।

## अधीनस्थ अदालतों में लोक अदालत आज

**जयपुर**। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से शनिवार को प्रदेश की अधीनस्थ अदालतों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत में अब तक पांच लाख सत्तर हजार से अधिक मुकदमे सूचीबद्ध किये जा चुके हैं। वहीं हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की ओर से लोक अदालत में शामिल होने से इनकार करने के बाद प्राधिकरण ने हाईकोर्ट में लगने वाली लोक अदालत को स्थगित कर दिया है।

प्राधिकरण ने मिली जानकारी के अनुसार अधीनस्थ अदालतों में आपसी रजामंदी से मुकदमों के निस्तारण के लिए कुल 568 बेंच का गठन किया गया है। इनमें 2 लाख 28 से अधिक प्री-लिटिगेशन और तीन लाख 35 हजार से अधिक लंबित मुकदमों को सूचीबद्ध किया जा चुका है।

# 'हिंदू हुंकार जनसभा के बाद रामगंज में करेंगे प्रचार'

**जयपुर**। जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के प्रदेशाध्यक्ष नारायण राम चौधरी आव्हान किया है, सूरज मैदान में हिंदू जनसभा के बाद रामगंज, छोटी चौपड़, न्यू गेट, राम निवास गार्डन में स्थित भैरव मंदिर में दर्शन के बाद गणेश मंदिर पर भारत माता यात्रा का समापन होगा।

इससे पहले प्रदेश अध्यक्ष नारायण राम चौधरी अपने निवास स्थान प्रताप नगर के द्वारकापुरी सर्किल से जगतपुरा मालवीय नगर कच्ची बस्ती, अरण्य भवन, यूनिवर्सिटी, बिरला मंदिर होते हुए सभा स्थल पर जाएंगे। जहां पर प्रदेश स्तरीय फाउंडेशन द्वारा आयोजित विशाल हिंदू हुकार जनसभा को संबोधित करेंगे। गौरतलब है कि प्रदेश अध्यक्ष नारायण राम चौधरी पिछले 4 महीने से प्रदेश भर में भारत माता यात्रा निकालकर जनसंख्या नियंत्रण कानून की मांग को लेकर जन समर्थन जुटा रहे हैं । अभी तक 20 हजार किलोमीटर की यात्रा एवं 400 जनसभाएं कर चुके हैं। जोधपुर की हिंदु हुकार जनसभा विवादित रही है। अब प्रदेश स्तरीय हिंदु हुकार जनसभा सूरज मैदान जयपुर में होने जा रही है। इस दौरान नारायण राम चौधरी के साथ सांसद किरोड़ी लाल मीणा, ज्ञानदेव आहूजा रहेंगे। सभा में मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संघ के वरिष्ठ प्रचारक इंद्रेश कुमार, फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौधरी, ममता सहगल भी मौजूद रहेगी।

## ध्वनि प्रदूषण को लेकर मांगा जवाब

**जयपुर**। हाईकोर्ट ने ध्वनि प्रदूषण को लेकर केन्द्र सरकार, राज्य सरकार, परिवहन आयुक्त, पुलिस महानिदेशक, राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल, राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम व भारतीय मानक ब्यूरो से जवाब मांगा है।

जस्टिस प्रकाश गुप्ता व जस्टिस शुभा मेहता की खण्डपीठ ने यह आदेश विजय सिंह पूनिया की जनहित याचिका पर यह आदेश दिए। याचिका में कहा गया कि बस व ट्रकों के हॉर्न बजाने के कारण ध्वनि प्रदूषण हो रहा है। प्रदूषण नियंत्रण मंडल इस बारे में रिपोर्ट तो जारी करता है, लेकिन प्रशासन की ओर से कुछ किया नहीं जा रहा है। यह देखने में आया है कि आमतौर पर वाहन चालक बेवजह हॉर्न का इस्तेमाल करते हैं। ऐसे लोगों को सावचेत किया जाए कि जब तक आवश्यक नहीं हो, हॉर्न का इस्तेमाल नहीं किया जाए।

# सीकर जिले में एक करोना संक्रमित की मौत

■ प्रदेश में 438 नए मरीज मिले, 433 रिकवर हुए

■ राज्य में एक्टिव कोविड केस बढ़कर 4303 हुए

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । प्रदेश में शुक्रवार को 438 नए करोना संक्रमित मरीज सामने आए हैं। इस बीच सीकर में एक करोना पीड़ित मरीज की मौत भी हुई है। जबकि प्रदेशभर में 433 मरीज इस बीमारी से रिकवर हुए है। ऐसे में अब प्रदेश में एक्टिव केस बढ़कर 4303 हो गए है।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार शुक्रवार को सबसे ज्यादा 183 करोना संक्रमित मरीज जयपुर जिले में मिले हैं। इसके बाद उदयपुर में 82, बूंदी में 29, अलवर में 25, जोधपुर में 20, दौसा में 18, भरतपुर में 16, राजसमंद में 15, अजमेर में 12 संक्रमित मिले है। इसी प्रकार बीकानेर में 9, जैसलमेर में 7, सवाईमाधोपुर में 6, जालोर में 4, झालावाड़ और पाली में 3-3, कोटा और सीकर में 2-2 तथा बांसवाड़ा और श्रीगंगानगर में एक-एक संक्रमित मरीज मिला है।

वहीं दूसरी ओर जयपुर में शुक्रवार को 39 स्थानों पर 183 संक्रमित मिले हैं। इनमें सबसे ज्यादा 46 संक्रमित रोगी सांगानेर में मिले हैं। इसके बाद 28 रोगी जगतपुरा में, 14 मालवीय नगर और 13 मानसरोवर में मिले है। शेष स्थानों पर एक से 6 संक्रमित मिले है। जबकि 13 मरीज ऐसे भी हैं, जिनका कोई रिकॉर्ड नहीं है। शुक्रवार को राजधानी जयपुर में 153 करोना मरीज ठीक भी हुए हैं। अब यहां 1428 एक्टिव रोगी शेष है।

# खाटूश्यामजी हादसा मामले में कांग्रेस नेता हुए आमने-सामने

■ मंत्री खाचरियावास ने जांच से पहले ही कमेटी को दी क्लीनचिट, तो विधायक वीरेंद्र सिंह बोले, "मुख्यमंत्री से शिकायत करूंगा"

**जयपुर**, (का.प्र.)। खाटूश्याम मंदिर में हादसे के मामले में अब कांग्रेस के नेता ही आमने-सामने हो गए हैं। एक पक्ष जहां बिना जांच कमेटी की रिपोर्ट आएगी मंदिर कमेटी को क्लीन चिट देने में जुट गया है, तो वहीं दूसरे पक्ष ने मुख्यमंत्री से मिलकर कड़ी कार्यवाही की मांग की है।

खाटूश्यामजी मंदिर हादसे के मामले में मंत्री प्रतापसिंह खाचरियावास ने सवाल उठाते हुए कहा है कि मंदिर में भगदड़ से श्रद्धालुओं की मौत का यह राजस्थान का पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी जोधपुर-अजमेर में हादसे हुए हैं। क्या वहां भी कमेटी के सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है? मंत्री ने मंदिर समिति के सदस्यों को थाने में पूछताछ के लिए बुलाने के बाद सोशल मीडिया पर बयान दिया है। इसके बाद कहा जा रहा है कि क्या मंत्री खुद की सरकार पर ही सवाल उठा रहे हैं कि उन्होंने पिछली जांच कमेटियों की रिपोर्ट पर कार्यवाही नहीं की? खाचरियावास ने खाटूश्यामजी हादसे की तुलना करते हुए कहा कि कुंभ में भी भगदड़ मची थी और लोगों की मौत हुई थी। हज में भी हादसे होते रहे हैं। क्या वहां भी समिति के सदस्यों को पकड़ा गया या पूछताछ की गई? खाटूश्यामजी में मंदिर कमेटी के परिवार के लोगों के घरों में घुसकर रास्ते बंद किए जा रहे हैं। मंदिर के पुजारी सब कुछ बर्दाश्त कर रहे हैं। खाटूश्याम कस्बे में लोग 5 लाख की शॉप के बदले 2 करोड़ रुपए मांगते हैं। ऐसे में वहां प्लान के अकॉर्डिंग काम होने में समय लगता है। लोग केवल विरोध की बात कर रहे हैं, लेकिन कोई उसका समाधान करने के बारे में नहीं सोच रहा।

वहीं इस मामले को लेकर स्थानीय विधायक वीरेंद्र सिंह ने कई संगठनों के साथ मिलकर देवस्थान मंत्री शकुंतला रावत से मुलाकात कर इस मामले में कठोर कार्यवाही कर मंदिर कमेटी को भंग कर प्रबंधन बोर्ड बनाने की मांग फिर दोहराई। वही खाचरियावास की ओर से कमेटी को क्लीन चिट देने पर कहा कि यह बयान देने से पहले प्रताप सिंह कम से कम मुझसे मामला तो पूछ लेते। उन्होंने कहा कि मैं इस मामले में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से शिकायत करूंगा।



राज्यपाल कलराज मिश्र से शुक्रवार को राजभवन में समाजसेवी ध्रुवदास अग्रवाल के नेतृत्व में आए प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार मुलाकात की। मिश्र ने प्रतिनिधिमंडल को तिरंगा थमाकर घर-घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत इनके द्वारा शहर में स्वाधीनता दिवस तक चलने वाले राष्ट्र ध्वज वितरण की शुरुआत की।

# पंचायती राज मंत्री दोनों के कार्यकालों की जांच करवाए : राजेन्द्र राठौड़

**जयपुर**। उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने ट्वीट कर कहा कि पंचायती राज मंत्री रमेश मीणा ने मेरे ग्रामीण विकास मंत्री रहने के कार्यकाल के दौरान नागौर जिले में अनियमितताओं की जांच की बात कही है, जिसका मैं स्वागत करता हूं।

उन्होंने कहा कि पंचायती राज मंत्री को मेरे कार्यकाल के दौरान हुए कार्यों की न्यायिक जांच करवायी चाहिये जिससे मुझे कोई आपत्ति नहीं है। राठौड़ ने ट्वीट कर कहा कि पंचायती राज मंत्री साथ ही यह भी जांच करवाएं कि उनके खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री रहते हुए मंडरायल व सपोटरा दोनों पंचायत समितियों में एक विशेष कंपनी को उपकृत करने के उद्देश्य से मेटेरियल कंपोनेंट का ठेका क्यों दिया गया? करौली जिले में रसद वितरण का काम चहेती कंपनी को क्यों दे दिया? राठौड़ ने कहा कि पंचायती राज मंत्री दोनों मामलों की न्यायिक जांच करवाएं। मैं दोषी साबित होने पर दंड को भोगने के लिए तैयार हूं।

## 'अनसंग हीरोज' डांस ड्रामा आज

**जयपुर**, (का.सं.)। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत जवाहर कला केंद्र में 13 अगस्त को 'अनसंग हीरोज' डांस ड्रामा का मंचन किया जाएगा। रंगायन सभागार में शाम सात बजे कार्यक्रम का आयोजन होगा। कोरियोथैक स्कूल ऑफ कंटेंपरेरी डांस, दिल्ली की ओर से प्रस्तुति दी जायेगी। इसमें निःशुल्क प्रवेश ले सकेंगे। 'अनसंग हीरोज' प्रथम विश्व युद्ध में भारत की ओर से भेजे गए सैनिकों की वीरता और जज्बातों की कहानी है।


नम्बर मिलाइए
9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# 'लिखवा कर ले लो विधानसभा चुनाव नहीं लड़ना, लेकिन जिला कांग्रेस अध्यक्ष बना दो'

## इस तरह के आश्वासनों के साथ जयपुर में कांग्रेस जिलाध्यक्ष के दावेदारों की दौड़ अंतिम दौर में

■ एक जिला कांग्रेस रहने पर खाचरियावास फिर सबसे आगे, दो जिला कांग्रेस बनी तो बदल जाएंगे दावेदार

**जयपुर**, (का.प्र.)। कांग्रेस में संगठन चुनाव का काउंटडाउन चल रहा है और 7 सितंबर से शुरू होने वाली कांग्रेस की भारत जोड़ों यात्रा से पहले संगठन चुनाव का काम पूरा किए जाने की संभावना है। ऐसे में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्यों सहित 32 जिला कांग्रेस अध्यक्षों के नामों की घोषणा का भी अब बेसब्री से इंतजार हो रहा है। संभावना जताई जा रही है कि यह सूची 20 अगस्त तक सामने आ सकती है। इस बीच जयपुर शहर कांग्रेस अध्यक्ष को लेकर कई तरह के कयास हैं, जिन पर भी अभी फैसला होना है।

दरअसल जयपुर शहर कांग्रेस को लेकर पहला फैसला तो यह होना है कि क्या जयपुर में भी 2 नगर निगमों के आधार पर दो जिला कांग्रेस कमेटी बनाई जाएंगी या फिर पूर्व की तरह एक जिला कांग्रेस कमेटी के जरिए ही पार्टी संगठन काम करेगा। इस बारे में अंतिम फैसला नहीं हो पा रहा है, क्योंकि पार्टी के विधायक अभी तक एक राय नहीं बना पाए हैं। इस फैसले में देरी का एक कारण यह भी है कि जिला कांग्रेस कमेटी एक रहने पर अध्यक्ष पद के दावेदार अलग हैं, वहीं दो अध्यक्ष बनने वालों की कतार में अन्य नाम शामिल हो जाते हैं।

बताया जाता है कि दो नगर निगम बनने के बावजूद जयपुर में कांग्रेस की स्थिति में बहुत ज्यादा फर्क नहीं पड़ा है और दो नगर निगम बनने के बावजूद कांग्रेस को राजनीतिक लाभ भी नहीं मिल पाया और बड़ी मुश्किल से एक नगर निगम में कांग्रेस निर्दलीयों के भरोसे अपना महापौर बनवा पाई। ऐसे में अब दो जिला कांग्रेस कमेटी बनाने को लेकर संशय की स्थिति बनी हुई है। वैसे जोधपुर और कोटा मे नगर निगम के बंटवारे के अनुरूप दो जिला कांग्रेस कमेटियों के गठन की सहमति के बाद जयपुर में भी दो जिला कांग्रेस कमेटी का गठन होने की संभावना बन चुकी है।

जयपुर में जिला कांग्रेस अध्यक्ष पद की दौड़ की बात करें तो यदि जिला कांग्रेस कमेटी का बंटवारा नहीं होता है तो एक बार फिर प्रताप सिंह खाचरियावास के नाम पर मोहर लगेगी। इसका कारण यह है कि विपक्ष में रहने के अलावा सरकार आने पर भी खाचरियावास ने ही आंदोलनों को लेकर बेहतर प्रदर्शन किया है। ऐसे में एक बार फिर कांग्रेस प्रताप सिंह खाचरियावास को ही जिला कांग्रेस अध्यक्ष बनाएगी, लेकिन यदि जिला कांग्रेस कमेटियों का बंटवारा होकर दो जिला कांग्रेस कमेटी बनती है, तो फिर हेरिटेज नगर निगम क्षेत्र में मुस्लिम तो ग्रेटर क्षेत्र में सामान्य वर्ग से अध्यक्ष बनाया जा सकता है। हालांकि ग्रेटर में अन्य पिछड़ा वर्ग की भारी संख्या को देखते हुए कांग्रेस इस वर्ग पर भी प्रयोग भी कर सकती है। जयपुर हेरीटेज जिला कांग्रेस कमेटी बनती है, तो यहां दावेदारों में सबसे आगे विधायक रफीक खान का नाम है और वह खुद भी इस पद पर आने के लिए पूरे प्रयासरत हैं। दूसरा नाम जाकिर गुडेज का बताया जा रहा है, जो कि जलदाय मंत्री महेश जोशी की पसंद बताए जाते हैं। यहां यदि जाकिर गुडेल का नाम किसी वजह से पिछड़ता है, तो फिर मोहम्मद इकबाल भी जयपुर हेरिटेज में जिला कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए दावेदार महेश जोशी के कोटे से हो सकते हैं। वही जयपुर हेरिटेज में आरआर तिवारी जैसे पुराने कांग्रेसजन भी चाहते हैं कि उन्हें एक बार संगठन में जिला अध्यक्ष पद पर काम करने का मौका दिया जाए। इसके लिए वे खुद कहते हैं कि भले ही पार्टी उनसे स्टाम्प पर लिखवा लें वे चुनाव का टिकट नहीं मांगेंगे, लेकिन बदले में उन्हें जिला कांग्रेस अध्यक्ष बनाया जाए।


**खोया-पाया**

मेरे मकान नम्बर 263/18 का डिमांड लेटर नम्बर 7822 दिनांक 13-11-2017 कहीं गुम हो गया सूचित करें - 7014568396

फ्लैट नं A-603, Mewar Apartment, Pratap Nagar, Jaipur उक्त संपत्ति का कब्जा प्रमाण पत्र क्रमांक 2095 दिनांक 04.07.2012 व अदेय प्रमाण पत्र संख्या 2623/1441 दिनांक 04.07.2012 के मूल दस्तावेज कहीं गुम हो गए है। मिलने पर सूचित करें। विभूति रस्तोगी 9528380408

**आम सूचना** दिनांक 09.08.2022

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य श्री बाबूलाल कटारिया पुत्र स्व.श्री छोटू उर्फ छोटीलाल माली निवासी-ग्राम भोजपुरा, तह. जयपुर वर्तमान पता परिवहन भवन के सामने, सहकार मार्ग, जयपुर का पुत्र श्री हरिओम कटारिया, परिवारजन के कहने सुनने में नहीं है। एवं कई तरह के गैर जिम्मेदार एवं मद्यपान का कार्य करता है, अतः मेरा अभिभाष्य अपने पुत्र हरिओम कटारिया को अपनी समस्त चल, अचल सम्पत्ति जो वर्तमान में है एवं भविष्य में होने वाली से हरिओम को सदैव के लिए बेदखल करता है, मेरे अभिभाष्य की सम्पत्ति से हरिओम का आज के बाद कोई सम्बंध सरोकार नहीं है। कोई व्यक्ति, संस्था मेरे अभिभाष्य के पुत्र से किसी प्रकार का कोई लेनदेन अनुबन्ध करेगा तो मेरा अभिभाष्य का किसी प्रकार का कोई उत्तरादायित्व नहीं होगा।

ओमप्रकाश शर्मा, एडवोकेट, मो. 9414336177

**कार्यालय नगर निगम, ग्रेटर, जयपुर**
(पं. दीनदयाल उपाध्याय भवन, लालकोठी, टोंक रोड़ जयपुर-15)
क्रमांकः एफ-13 ( ) उपा.आयो.II/ननिज/2022/222 दिनांकः 30.07.22

**सार्वजनिक सूचना**

भूखण्ड सं. 67-बी, स्कीम नम्बर 2, शिल्प कॉलोनी (संयुक्त गृह निर्माण सहकारी समिति लि0) जयपुर का जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा मूल चंन्द पाटनी पुत्र श्री रतन लाल एवं श्रीमती अनिता देवी को क्षेत्रफल 311.24 वर्गगज भूमि का पट्टा विलेख जारी किया गया था। प्रकरण में अब आवेदक द्वारा प्रार्थना पत्र, शपथ पत्र (अण्डरटेकिंग), रजि0 पट्टा मय साइट प्लान की फोटोप्रति, मूल आवंटी द्वारा रजि0 विक्रय पत्र द्वारा मै0 जे बी डवलपर्स जरिए पार्टनरश्री राजू राम जाट, श्रीमती उमा शर्मा श्री राम निवास जाट एवं श्रीमती प्रेम शर्मा को बेचान किया गया। मै0 जे बी डवलपर्स जरिए पार्टनर श्री राजू राम जाट, श्रीमती उमा शर्मा, श्री राम निवास जाट एवं श्रीमती प्रेम शर्मा द्वारा जरिए रजि. विक्रय पत्र द्वारा श्रीमती रश्मि शर्मा श्रीकृष्णकान्त शर्मा को उक्त भूखण्ड का पूर्वी दक्षिणी हिस्सा का क्षेत्रफल 78.17 वर्गगज को बेचान किया गया एवं अन्य चैन दस्तावेजों की फोटोप्रतियों के आधार उक्त भूखण्ड का उपविभाजन पश्चात नाम हस्तान्तरण चाहा है। आवेदक द्वारा उपलब्ध कराई गई मूल दस्तावेजों की फोटोप्रतियों के आधार पर श्रीमती रश्मि शर्मा पत्नी श्री कृष्णकान्त शर्मा के पक्ष में उक्त भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल 78.17 वर्गगज का उपविभाजन पश्चात नाम हस्तान्तरण जारी किया जाना है। उक्त भूखण्ड के उपविभाजन पश्चात नाम हस्तान्तरण बाबत किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, कम्पनी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन की तिथि से 07 कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय (उपायुक्त, आयोजना-द्वितीय) में प्रस्तुत करें। अन्यथा निर्धारित अवधि की समाप्ति के बाद विधिवत नियमानुसार पत्रावली उपविभाजन पश्चात नाम हस्तान्तरण की कार्यवाही सम्पादित कर ली जावेगी।

उपायुक्त (आयोजना द्वितीय), नगर निगम ग्रेटर, जयपुर

**नाम परिवर्तन**

मेरे सैन्य रिकार्ड में मेरी पुत्री का नाम गलती से कुमारी अदिति बेक दर्ज है, जबकि सही नाम अदिति बेक है। भविष्य में अदिति बेक के नाम से जाना जाये। Army No. 4284889, रैंक - नायक सादोक नोवेल बेक पुत्र सुरेश बेक निवासी : ग्राम :- गोलीडिह, पोस्ट-तुमला, जिला-जशपुर, छत्तीसगढ़ - 496245

मेरे सैन्य रिकार्ड में मेरी धर्मपत्नी का नाम गलती से बिशम्भरी देवी दर्ज हो गया, जबकि उसका सही नाम विशम्भरी है। भविष्य में विशम्भरी के नाम से जाना जाये। Army No. 14829169P, रैंक- हवलदार बिपिन सिंह पुत्र श्री प्रेमसिंह रावत निवासी :- ग्राम :- सिलेत, पोस्ट-सेरियाखाल, जिला-पौडी गढवाल, उत्तराखंड

I, Boduram Gurjar S/o Maliram Gurjar declare that I have changed my name from Boduram Gurjar to Bhavesh Gurjar. So in future i should be known as Bhavesh Gurjar.

I have changed my name from Ashok Hasija to Ashok Kumar Hasija S/o Lt. Sh Nandlal Hasija R/o 3/146, Sector-3, Jawahar Nagar, Jaipur for all future purpose.

**उद्घोषणा ( इश्तिहार ) न्यायालय ( राज. )**

व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 258/22

विषय : उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।

प्रार्थी-नाम मुरारीलाल अग्रवाल पुत्र प्रकाश चन्द अग्रवाल जाति महाजन, प्लांट नं. 260, फ्लेट नं. 2, अन्जली अपार्टमेंट सी-3 शिव नगर, मुरलीपुरा, जयपुर

विवाद स्थान आईडीबीआई बैंक, 1648, विपिन चन्द्र पाल मार्ग

मृतका : यशोदा देवी पत्नी मुरारीलाल अग्रवाल, मेला ग्राउंड के सामने, दिल्ली की सम्पत्ति के विषय में। ई-506, बैंक कॉलोनी, ग्राउण्ड फ्लोर एसबीबीजे के पास मुरलीपुरा, जयपुर

पेशी दिनांक 14.9.22

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, उपरोक्त प्रार्थी /प्रार्थीगण ने इसे न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम यशोदा देवी पत्नि मुरारीलाल अग्रवाल जाति महाजन निवासी ई-506, बैंक कालोनी ग्राउण्ड फ्लोर एसबीबीजे के पास मुरलीपुरा, जयपुर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तरधिकार प्रमाण-पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावे।

अत: उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 14 माह 09 सन 2022 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करे। उक्त दिवस के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। आज दिनांक 02 माह 08 सन 2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।

मोहर अदालत

आज्ञा से
वरिष्ठ मुंसरिम
जिला एवं सेशन न्यायालय
जयपुर महानगर द्वितीय

**उद्घोषणा ( इश्तिहार ) न्यायालय ( राज. )**

व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 5277/22

विषय : उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।

प्रार्थी-नाम विरेन्द्र यादव पुत्र स्व. श्री जगदेव सिंह यादव जाति यादव

विवाद स्थान : प्लांट नं. 3, सुनारों की बगीची के पास, जनता कॉलोनी, जयपुर-302004

मृतक : स्व. श्रीमती जानकी देवी पत्नि स्व. श्री जगदेव सिंह यादव की सम्पत्ति के विषय में

पेशी दिनांक : 8.9.22

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम स्व. श्रीमती जानकी देवी पत्नि स्व. श्री जगदेव सिंह, यादव जाति हिन्दू निवासी प्लांट नं.-3, सुनारों की बगीची के पास, जनता कॉलोनी, जयपुर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावे।

अत: उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 8 माह 9 सन 2022 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

आज दिनांक 27 माह 7 सन 2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया। प्रार्थी ने मृतका जानकी देवी के प्रा पत्र में वर्णित शेयर्स के संबंध में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र चाहा है।

मोहर अदालत

आज्ञा न्यायालय से
वरिष्ठ मुंसरिम
जिला एवं सैशन न्यायालय
जयपुर महानगर प्रथम

# वाहन चुराकर बदल देते थे हुलिया, गैंग के 3 शातिर बदमाश गिरफ्तार

## रैकी के बाद वाहन चुराते, इंजन और चेचिस नंबर को घिसकर बेचते थे आरोपी

■ आरोपियों के कब्जे से दो चौपहिया और तीन दुपहिया वाहन जब्त

**जयपुर** (कासं)। विद्याधर नगर पुलिस ने वाहन चोरों की अंतर्राज्यीय गैंग का पर्दाफाश कर तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया हैं। पुलिस ने उनके कब्जे से चुराई हुई होण्डा सिटी कार सहित 2 चौपहिया और 3 दुपहिया वाहन बरामद किए हैं।

बदमाशों ने वैशाली नगर में खुद का अड्डा बना रखा था। चोरी के बाद ग्राइंडर मशीन से वाहन के इंजन, चेसिस नंबर घिसकर डाई से डालकर बेच देते थे। यहां तक कि चौपहिया वाहन का हुलिया तक बदल देते थे।

डीसीपी (उत्तर) परिस देशमुख ने बताया कि 17 जून की रात सेक्टर-3 विद्याधर नगर इलाके में घर के बाहर बोलेरो चोरी होने के लिए पीड़ित ने थाने में मामला दर्ज करवाया था। इसके साथ ही अलंकार प्लाजा विद्याधर नगर से बाइक चोरी करने की वारदात के लिए मामले दर्ज किए गए। पुलिस ने बदमाशों को पकड़ने के लिए एडिशनल डीसीपी धर्मेन्द्र सागर एसीपी शास्त्री नगर महेन्द्र कुमार गुप्ता, थानाधिकारी वीरेन्द्र कुरील के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया।

पुलिस ने घटनास्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज चैक किए और घटनास्थल पर अन्य स्थानों का बीटीएस डाटा, संदिग्ध आरोपियों के मोबाइल नम्बर की सीडीआर लेकर विश्लेषण किया। पुलिस को पता चला कि आरोपी रघुवीर सिंह राठौड़ गिरोह बनाकर चोरी की वारदात को अंजाम दे रहा है। इस पर पुलिस ने उनकी निगरानी कर 3 आरोपियों को दबोच लिया।

पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी धर्मेन्द्र कुमार सामोता उर्फ धर्मा चौधरी गौडजी झुंझुनूं हाल नवलगढ़ झुंझुनूं और गैंग का लीडर रघुवीर सिंह राठौड़ डेगाना नागौर हाल वैशाली नगर को गिरफ्तार किया गया है। इसी प्रकार अलंकार प्लाजा पार्किंग से बाइक चोरी करने के आरोपी खेड़ा विद्याधर नगर निवासी अब्दुल शकूर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की दो बाइक बरामद कर ली।

पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से होंडा सिटी कार सहित दो चौपहिया वाहन और तीन दुपिहया वाहन बरामद किए है। पुलिस ने बताया कि आरोपी चोरी के बाद ठाइंडर से वाहन के इंजन, चेसिस नम्बर घिसकर डाई से डालकर बेच देते थे। आरोपी दुपिहया वाहन चोरी कर उससे रैकी कर चौपहिया वाहन को चुराते थे। आरोपी चौपहिया वाहन का हुलिया बदल देते थे ताकि वह पहचान में नहीं आए। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ चोरी, नकबजनी, अवैध हथियार के 34 प्रकरण दर्ज हैं।

## संग्रहालयों और स्मारकों में पर्यटकों का प्रवेश निःशुल्क

**जयपुर** (कासं)। प्रदेश के सभी सरकारी संग्रहालयों व संरक्षित स्मारकों में देशी-विदेशी पर्यटकों को 13 से 15 अगस्त तक निःशुल्क प्रवेश मिलेगा।

पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग राजस्थान के निदेशक डॉ. महेन्द्र खडगावत ने बताया कि 'आजादी के अमृत महोत्सव' के तहत देशी-विदेशी पावणो को यह छूट दी गई है। तीन दिन में सरकार को करीब 60 लाख रुपये के राजस्व की हानि होगी, लेकिन पर्यटकों की सुविधा को देखते हुए कला एवं संस्कृति मंत्री डॉ. बी.डी.कल्ला ने यह छूट जारी की है।

महेन्द्र खडगावत ने बताया कि विभाग ने आदेश जारी कर दिया है कि सभी संग्रहालयों व संरक्षित स्मारकों को पर्यटकों के अवलोकन के लिए खुला रखा जाये और साफ-सफाई की उचित व्यवस्था हो। ताकि राजस्थान की समृद्धशाली विरासतों से पर्यटक रूबरू हो सकें।

# न्यायिक जांच रिपोर्ट की कॉपी के लिए दिनभर भटकते रहे तीनों निलंबित पार्षद

## ग्रेटर निगम के पूर्व आयुक्त यज्ञमित्र सिंह देव से बदसलूकी के मामले में गत दिनों पूरी हुई है जांच, अब कार्रवाई की तैयारी में राज्य सरकार



न्यायिक जांच रिपोर्ट की कॉपी लेने तीनों पार्षद सचिवालय पहुंचे।

■ तीनों पार्षदों अजय सिंह, शंकर शर्मा और पारस जैन ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार उन्हें कोर्ट में जाने से रोकना चाहती है, इसलिए अधिकारी न्यायिक जांच की कॉपी नहीं दे रहे।

**जयपुर** (कासं)। नगर निगम ग्रेटर के पूर्व आयुक्त यज्ञ मित्र सिंह देव के साथ बदसलूकी के मामले की न्यायिक जांच पूरी होने के बाद अब राज्य सरकार महापौर सौम्या गुर्जर और निलंबित तीनों पार्षदों पर एक्शन लेने की तैयारी में है।

शुक्रवार को तीनों निलंबित पार्षद शंकर शर्मा, अजय सिंह और पारस जैन सचिवालय पहुंचे और न्यायिक जांच की रिपोर्ट की कॉपी के लिए चक्कर लगाते नज़र आए, लेकिन उन्हें कॉपी नहीं मिली। पार्षदों ने आरोप लगाया है कि सरकार के इशारे पर उन्हें न्यायिक जांच की कॉपी नहीं दी। तीनों ने अंदेशा जताया कि सरकार ऐसा इसलिए कर रही है ताकि उन्हें कोर्ट में जाने से रोक जा सके। संभावना है कि आगामी छुट्टी के दिनों में सरकार अपना रंग दिखाए। तीनों पार्षदों ने कहा कि स्वायत्त शासन विभाग और न्यायिक जांच अधिकारी के दफ्तर में चक्कर लगाए, मगर कॉपी नहीं मिली। उधर यूडीएच मंत्री ने पूरे मामले पर कानूनी अध्ययन करवाने की बात कही है, ताकि चारों के खिलाफ कार्रवाई की जा सके।

## राजधानी में बढ़ाई पुलिस सुरक्षा

**जयपुर** (कासं)। स्वतंत्रता दिवस को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही है। इसके साथ ही राजधानी जयपुर में सुरक्षा व्यवस्था भी बढ़ा दी गई है। रेलवे की ओर से भी स्टेशनों पर सघन चैकिंग की जा रही है। इसके साथ ही ट्रेनों में भी यात्रियों के सामान की तलाशी ली जा रही है। गांधीनगर स्टेशन पर शुक्रवार को दिनभर स्पेशल चैकिंग की गई। इस दौरान आरपीएफ के साथ ही जीआरपी पुलिस और डॉग स्क्वायड की टीम ने संयुक्त रूप से सघन जांच की।

आरपीएफ गांधी नगर की निरीक्षक छवि शर्मा ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस को देखते हुए स्टेशनों पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई गई है। स्टेशन पर आने वाले सभी यात्रियों की विशेष चैकिंग की जा रही है। लगेज को स्कैन करने के साथ ही यात्री की भी तलाशी ली जा रही है। इसके बाद ही उसे स्टेशन पर प्रवेश दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को सहायक सुरक्षा आयुक्त एके त्यागी के नेतृत्व में आरपीएफ के साथ ही जीआरपी निरीक्षक संपत राज ने डॉग स्क्वायड को साथ लेकर संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान प्लेटफॉर्म बुकिंग हॉल के साथ ही स्टेशन पर आने-जाने वाली सवारी गाड़ियों में चेकिंग की गई। गांधी नगर के बाद दुर्गापुरा रेलवे स्टेशन पर भी संयुक्त रूप से चैकिंग अभियान चलाया है।


# जेडीसी ने 2.5 किलोमीटर पैदल चलकर देखा झोटवाड़ा एलिवेटेड रोड का काम

## पुलिया निर्माण से प्रभावित शेष स्ट्रक्चरों का कब्जा लेकर तोड़ने के निर्देश

**जयपुर** (कासं)। झोटवाड़ा आरओबी और एलीवेटेड रोड का काम तय समय पर पूरा करने की कवायद शुरू हो गई है। जेडीए आयुक्त रवि जैन ने शुक्रवार को झोटवाड़ा आरओबी का दौरा कर निर्माण कार्य का जायजा लिया। जेडीसी ने झोटवाड़ा आरओबी के शुरूआती प्वाइंट से निरीक्षण शुरू किया और आखिरी छोर तक करीब 2.5 किमी में चल रहे कार्यों व निर्माणधीन स्ट्रक्चर्स का पैदल चलकर जायजा लिया। इस दौरान जेडीए अधिकारियों के साथ निर्माणकर्ता एजेंसी के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

जोन उपायुक्त बलवंत लिग्री ने बताया कि प्रभावित स्ट्रक्चर को हटाये जाने और भूमि का भौतिक कब्जा लिये जाने का कार्य प्रगति पर है। यह कार्य पूर्ण जनसहयोग से किया जा रहा है। कुछ को छोड़कर सभी हितधारियों ने मौके पर पूर्ण सहयोग किया है। दौरे में झोटवाडा व्यापार मंडल के अध्यक्ष शंकर लाल शर्मा भी साथ रहे।

जेडीसी ने जोन उपायुक्त और इंजीनियर्स को निर्देश दिए कि जो भी स्ट्रक्चर्स शेष बचे है, उनके हितधारियों से समझाइश कर खाली करवायें, जिससे संपूर्ण कार्य तय समय में पूर्ण किया जा सके। दौरे में स्थानीय वार्ड 33 के पार्षद अरविंद कूलवाल ने आसपास के क्षेत्र में एक-दो जगह पानी भराव व सड़क खराब होने की समस्या बताई, जिस पर जेडीसी ने इंजीनियर्स को बरसात कम होने के बाद ड्रेनेज व सड़क मरम्तीकरण करने को कहा। जेडीसी रवि जैन ने बताया कि यह आरओबी कालवाड़ रोड पर बनाया जा रहा है। नवीन तीन लेन झोटवाड़ा आरओबी का निर्माण अंबाबाड़ी तक किया जायेगा।



जेडीए कमिश्नर रवि जैन ने शुक्रवार को अधिकारियों और निर्माण एजेंसी के साथ झोटवाड़ा में निर्माणाधीन एलिवेटेड रोड का जायजा लिया।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**जयपुर** (कासं)। भांकरोटा इलाके में नेशनल हाईवे पर सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। सड़क पर पड़ी लाश को रातभर वाहन रौंदते रहे। युवक का क्षत-विक्षत शव सड़क पर चिपक गया। सूचना पाकर भांकरोटा थाना पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन मृतक की पहचान नहीं होने पर शव एसएमएस हॉस्पिटल की मॉच्यूरी भिजवाया। पुलिस मृतक की पहचान के साथ टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश कर रही है।

पुलिस ने बताया कि अजमेर-दिल्ली नेशनल हाईवे पर शिवम होटल के पास हादसा हुआ। बुधवार रात को तेज रफ्तार वाहन ने एक युवक को रौंद दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। रात के अंधेरे में बीच रोड पर पड़ा शव दिखाई नहीं दिया। जिसके कारण देर रात तक हाईवे से निकलने वाले वाहन शव को रौंदते रहे। क्षत-विक्षत हालत में शव रोड पर चिपक गया। रात करीब 2 बजे थाने पहुंचे राहगीर ने एक्सीडेंट के बारे में पुलिस को बताया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर एसएमएस हॉस्पिटल की मॉच्यूरी भिजवाया। क्षत-विक्षत हालत में शव होने के कारण मृतक की पहचान नहीं हो सकी।

## सार-समाचार

### सावन उत्सव के साथ देशभक्ति की गंगा

**जयपुर** । टैक्स व्हील क्लब की ओर से पंकज सिंघवी मार्ग पर सावन उत्सव के साथ आजादी के अमृत महोत्सव को भी धूमधाम से मनाया। क्लब की पूर्व अध्यक्षा ममता भार्गव के अनुसार क्लब की ओर से आयोजित कार्यक्रम में सावन उत्सव तो मनाया ही पर साथ ही हर घर तिरंगा के तहत आजादी के अमृत महोत्सव को भी धूमधाम से मनाया इस प्रोग्राम में महिला सदस्यों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेते हुए लोक गीतों की धुनों पर अपनी आवाज के साथ सावन के गीतो की बौछार करते हुए देश भक्ति की भावनाओं को तिरंगा लहरा कर अभिव्यक्त किया। क्लब की अध्यक्षा अनिता बूब ने सभी सदस्याओं को हर घर तिरंगा फहराने का संकल्प दिलाया। सदस्य कामिनी व्यास ने सभी का कार्यक्रम में भाग लेने के लिए धन्यवाद दिया।

### अल्बर्ट हॉल पर सैन्य बैंड प्रस्तुति कल

**जयपुर** (कासं)। 'आजादी का अमृत महोत्सव' और अपने लोगों, संस्कृति और उपलब्धियों के गौरवशाली इतिहास को मनाने के लिए 14 अगस्त को शाम 6 से 7 बजे तक अल्बर्ट हॉल, जयपुर में सैन्य बैंड संगीत कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। शाम को विशेष बनाने के लिए, इस आयोजन में सेना का बैंड संगीत पर देशभक्ति और मातृभूमि के प्रति अपनेपन की भावना को फिर से जगाने के लिए प्रदर्शन करेंगे। सैन्य संगीत समूह में एएससी सेंटर (नॉर्थ) का मिलिटेरी बैंड प्रदर्शन करेगा और लोगों को प्रेरित और मंत्रमुग्ध करने के लिए कई मधुर धुनों का आयोजन करेगा।

### 'लंपी वायरस रोकने के संसाधन कम'

**जयपुर** । गौवंश में फैल रहे लम्पी स्किन वायरस की रोकथाम के लिए संसाधनों की कमी को लेकर हाईकोर्ट में जनहित याचिका पेश की गई है। जनहित याचिका पर अगले सप्ताह के अंत में सुनवाई होगी। महेश झालानी की ओर से पेश इस याचिका में केन्द्र सरकार के साथ ही राज्य के मुख्य सचिव, प्रमुख पशुपालन सचिव और प्रमुख वित्त सचिव सहित प्रमुख गृह सचिव को पक्षकार बनाया गया है। जनहित याचिका में कहा गया है कि लंपी वायरस की रोकथाम के लिए विभाग के पास न तो पर्याप्त स्टाफ है और ना ही अन्य संसाधन मौजूद हैं। इसके अलावा कोरोना में जिस तरह लोगों की जान बचाने के लिए राज्य सरकार ने कदम उठाए थे, उसी तरह गाइड लाइन निर्धारित कर भर्तियां की जाए और गौवंश को जानलेवा बीमारी से बचाया जाए।

### संस्कृत सभी भाषाओं की जननी : कल्ला

**जयपुर**, (का.सं.)। संस्कृत शिक्षा मंत्री डॉ.बी. डी. कल्ला ने कहा कि संस्कृत भाषा वेदवाणी है तथा सभी भारतीय भाषाओं की जननी है। उन्होंने कहा कि संस्कृत भाषा में लिखे गए ग्रंथों पर शोध किया जाना चाहिए जिससे वे जन जन तक पहुंचे तथा आमजन उस ज्ञान को प्राप्त कर लाभान्वित हो सकें। डॉ. कल्ला शुक्रवार को संस्कृत दिवस के अवसर पर इंदिरा गांधी पंचायती राज संस्थान में आयोजित राज्य स्तरीय संस्कृत दिवस समारोह-2022 में मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा की संस्कृत भाषा दुनिया को बहुत कुछ दे सकती है तथा संस्कृत भाषा के माध्यम से भारत विश्व गुरु कहला सकता है। उन्होंने युवाओं को जोर देकर कहा कि उन्हें संस्कृत भाषा एवं अपनी संस्कृति को नहीं भूलना चाहिए। डॉ. कल्ला ने कहा कि वसुधैव कुटुंबकम की भावना रखने वाली हमारी संस्कृति में पूरा संसार एक कुटुंब की तरह है। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा संस्कृत भाषा के विकास के लिए किए गए कार्यों की जानकारी दी।

### राजापार्क मंडल में निकली तिरंगा यात्रा

**जयपुर** । मालवीय नगर विधानसभा के विधायक कालीचरण सराफ के नेतृत्व में राजापार्क मंडल के सभी वार्डों में स्कूटर मोटरसाइकिल से तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा की शुरुआत ज्योतिबा फुले कॉलेज से शुरू होकर राजा पार्क मंडल के सभी 9 वार्डों में होते हुए बाई जी की कोठी पर समापन हुआ। यात्रा का जगह-जगह फूल माला और पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर के महंत अवधेश दास जी महाराज ने तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।


## रिलायंस डिजिटल पर शानदार ऑफर्स के साथ सेल पुनः शुरू

**जयपुर** (कासं)। रिलायंस डिजिटल पर सभी कैटेगरी में बड़े ऑफर्स के साथ भारत के सबसे बड़े इलेक्ट्रॉनिक्स सेल की शुरुआत हो चुकी है। अपनी पसंदीदा टेक्नोलॉजी की खरीद पर 16 अगस्त तक अग्रणी बैंकों के कार्ड पर 10 फीसदी तक के इंस्टेंट डिस्काउंट का भरपूर लाभ उठाएँ। इसके अलावा, फाइनेंस के ढेर सारे विकल्पों के साथ अब आप अपनी अगली खरीदारी पर 10 फीसदी इंस्टेंट डिस्काउंट के वाउचर प्राप्त कर सकते हैं। ऑफर्स का लाभ उठाने के लिए सिर्फ रिलायंस डिजिटल, माई जियो स्टोर्स और डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट रिलायंस डिजिटिल डॉट इन पर फोन, लैपटॉप, टीवी, किचन एवं होम अप्लायंसेज, आदि की खरीदारी करें। सेल अत्याधुनिक अल्ट्रा हाई डेफिनिशन टी.वी.शानदार कीमतों पर प्राप्त करें। 2 साल की वारंटी के साथ 65 इंच का यूएचडी एंड्रॉइड टीवी सिर्फ 49,990 रुपए की कीमत पर घर ले जाएँ, जबकि 2 साल की वारंटी के साथ 43 इंच का एंड्रॉइड टीवी 19,990 रुपए की कीमत पर उपलब्ध है। सैकिंड जैप एप्पल एयरपॉड्स 8490 रुपए की बेमिसाल कीमत पर उपलब्ध है। इतना ही नहीं, इस दौरान खरीदारी करने वाले सभी ग्राहकों को निश्चित उपहार दिए जाएंगे, साथ ही कुछ भाग्यशाली विजेताओं को कार, बाइक, टीवी, फोन जीतने का मौका भी मिलेगा।


## स्वतंत्रता दिवस पर 51 कैदी रिहा होंगे

**जयपुर**, (का.सं.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य के विभिन्न कारागाहों में सजा काट रहे 51 कैदियों को अच्छे आचरण के फलस्वरूप विशेष माफी देते हुए 15 अगस्त को रिहा करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इन कैदियों में अपनी कुल कारावास की दो तिहाई अवधि पूरी कर चुके 36 कैदी, अपनी आधी कारावास अवधि पूरी कर चुके 60 वर्ष की आयु से अधिक के 5 पुरूष कैदी तथा अपनी कारावास अवधि पूरी कर चुके 10 आर्थिक रूप से कमजोर कैदी शामिल हैं। आर्थिक रूप से कमजोर कैदी अपनी सजा पूर्ण होने के बाद भी आरोपित जुर्माना राशि देने में असमर्थ होने के कारण रिहा नहीं हो पा रहे थे।

# महावीर स्कूल एलूमनी एसोसिएशन की पिकनिक तिरंगा थीम पर होगी

**जयपुर** । महावीर स्कूल के पूर्व के पूर्व छात्रों की संस्था महावीर स्कूल ऐलूमनी एसोसियेशन के तत्वावधान में स्कूल के पूर्व छात्रों की ग्रांड पिकनिक का आयोजन अमृत महोत्सव पर तिरंगा थीम पर 14 अगस्त दी गुलमोहर गार्डन कुकस, दिल्ली रोड पर किया जा रहा है। एलूमनी एसोसिएशन के मानद सचिव सीए सुनील जैन ने बताया कि पिकनिक में सिमें पडौसी देशों की बार्डर पर होने वाली बीटिंग रिट्रीट सरोमनी की भांति देशभक्ति के गानों के साथ पूर्व छात्र व उनके परिवार देशभक्ति से सराबोर होंगे।

पिकनिक में बचपन की मस्ती व यादें, म्यूजिक, डांस, सेल्फी प्रतियोगिता, म्यूजिकल हाऊसी सहित अन्य मनोरंजन कार्यक्रम भी रहेंगे। ऐलूमनी एसोसियेशन के चेयरमैन अखिलेश कुमार जैन ने बताया कि पिकनिक में भाग लेने के लिए संपूर्ण देश से कई ऑईकोनिक (प्रतिष्ठित) पूर्व छात्र शामिल हो रहे है जिनमें जयपुर के सांसद व स्कूल के पूर्व छात्र रामचरण बोहरा, टैंक महिन्द्रा के एम डी सी पी गुरनानी, उडीसा के सबसे बडे कॉरपोरेट ग्रुप के जे एस ग्रुप के चेयरमैन प्रशांत आहलूवालिया, टाटा ग्रुप के तनिष्क के मार्केटिंग हैड पुनीत सारस्वत, राजस्थान स्मॉल इंडस्ट्रीज कॉरपोरेशन के चेयरमैन राजीव अरोडा, बालीवुड के ख्याति प्राप्त सिंगर रवन्द्रि उपाध्याय, राजस्थान के पूर्व मुख्य सचिव डी बी गुप्ता, पूर्व आई एस व स्कूल ऐलूमनी एसोसियेशन के संस्थापक चेयरमैन एन के सेठी, पूर्व मेजर जनरल अनुज माथुर, पूर्व जनरल मेजर आलोक राज, राजस्थान के पूर्व गृहमंत्री वीरेन्द्र बेनीवाल, जयपुर नगर निगम ग्रेटर के उप महापौर पुनीत कर्णावट आदि प्रमुख है। ऐलूमनी एसोसियेशन के कोषाध्यक्ष नितीन शर्मा द्वारा प्रतिष्ठित पूर्व छात्रों के समन्वयन का कार्य बखूबी सम्पादित किया जा राह है। पिकनिक के संयोजक राजकुमार तालुका ने बताया कि पिकनिक को एतिहासिक बनाने के लिए संपूर्ण तैयारियां पूर्ण कर ली गयी है तथा उन्होंने आव्हान किया कि पिकनिक में पूर्व छात्र अपनी संपूर्ण परिवार व सभी जनरेशन को लेकर आये।

# समाचार पत्र वितरक महासंघ ने शहर में निकाली तिरंगा रैली, झंडे वितरित किये



समाचार पत्र वितरकों ने अल्बर्ट ऑल से रामलीला मैदान तक तिरंगा रैली निकाली।

**जयपुर** (कासं)। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत जयपुर शहर के सभी समाचार पत्र वितरकों ने तिरंगा झंडा हाथ में लेकर देशभक्ति के जोश जुनून और जज्बे के साथ रामनिवास बाग स्थित अल्बर्ट ऑल से रामलीला मैदान तक पैदल मार्च कर तिरंगा रैली निकाली।

समाचार पत्र वितरक महासंघ जयपुर की ओर से सभी समाचार पत्र वितरक बंधुओं को हर घर तिरंगा लगाने के लिए झंडे वितरित किए गए। महासंघ के अजय यादव ने बताया कि देश आजादी का 75 वां वर्ष अमृत महोत्सव के तहत बड़ी धूमधाम से मना रहा है अतः हम सभी को 13 से 15 अगस्त तक अपने निवास स्थान, आसपास के घरों, मोहल्लो ,दुकानों में तिरंगा झंडा लगाकर अपने देश के सम्मान में सहयोग करना है। इस दौरान अजय यादव संगठन महामंत्री व पूर्व पार्षद एवं चेयरमैन नगर निगम जयपुर, हनुमान सैनी कोषाध्यक्ष, टीकम यादव ,राजेश यादव, सतनारायण शर्मा, दिनेश सैनी, चंद्र प्रकाश मीणा, उमेद सिंह ,सलीम खान, घनश्याम शर्मा उमेद सिंह गुर्जर मनीष यादव, आनंद, सुरेश राठी, ईश्वर सैनी, किशन तनेजा ,महेंद्र जैन, धर्मेंद्र परवानी, कैलाश मीणा, गोविंद गुर्जर, रामजी लाल मीणा, गणपत शर्मा, गजेंद्र सिंह, जुगल बागड़ा ,राम कुमार मीणा महेश यादव सहित सैकड़ों समाचार पत्र वितरक मौजूद थे।


## रेलवे ट्रेक पर मिला शव

**जयपुर** । शहर में अजमेर पुलिया के पास शुक्रवार सुबह रेलवे ट्रेक पर एक युवक का शव मिला। ट्रेन से कटने से मृतक का शरीर दो हिस्सों में बंट गया। ट्रेक के पास खड़े मिले ऑटोरिक्शा में ड्राइवर और पिछली सीट के पास खून पड़ा मिला है। जीआरपी थाना पुलिस ने सूचना पर एफएसएल टीम को मौके पर बुलाकर सबूत जुटाए। पुलिस ने एसएमएस हॉस्पिटल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

जीआरपी पुलिस ने बताया कि सुबह करीब 6:30 बजे अजमेर पुलिया के पास स्थित रेलवे ट्रेक पर एक युवक का शव पड़ा मिला। डबल डेकर ट्रेन से युवक के कटने का पता चलने पर लोगों की भीड़ लग गई। जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची तो रेलवे ट्रेक पर शरीर दो पार्ट में बंटा मिला। धड़ और कमरे से नीचे का हिस्सा अलग-अलग जगह कुछ दूरी पर पड़े थे। रेलवे ट्रेक के पास ही कुछ दूरी पर एक ऑटोरिक्शा भी खड़ा था। ऑटोरिक्शा में दो-तीन जगह ड्राइवर और पिछली सीट के पास खून पड़ा था। सुसाइड और हत्या के संदेह पर पुलिस ने सिटी एफएसएल टीम को मौके पर बुलाया। एफएसएल की मदद से सबूत जुटाए गए। मृतक की पहचान श्रवण महावर (30) पुत्र बंशी महावर निवासी रांकड़ी सोडाला के रुप में हुई। वह ऑटोरिक्शा चलाता था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर एसएमएस हॉस्पिटल की मॉच्यूरी भिजवाया। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# डॉ. सुनील तंवर बने प्रथम अंतर्राष्ट्रीय बोर्ड सर्टिफाइड राइनोप्लास्टी सर्जन

**जयपुर** (कासं)। दूरबीन हॉस्पिटल के डायरेक्टर एवं वरिष्ठ राइनोप्लास्टी सर्जन डॉ.सुनील तंवर द्वारा अमेरिका में आयोजित आईबीसीपीआरएस बोर्ड सर्टिफिकेशन प्रोग्राम पूरा कर नया गौरव हासिल किया। ये अंतर्राष्ट्रीय आईबीसीपीआरएस बोर्ड सर्टिफिकेशन प्रोग्राम अमेरिकन फेसियल प्लास्टिक सर्जरी एवं आईबीसीपीआरएस बोर्ड के संयुक्त तत्वावधान में लंदन एवं वाशिंगठन में वार्षिक आयोजित किया जाता है, यूरोपियन सर्जन का सर्टिफिकेशन लंदन एंड रेस्ट ऑफ वर्ल्ड के सर्जन का वाशिंगठन में आयोति किया जाता है। इस सर्टिफिकेशन प्रोग्राम में सर्जन को अपनी 200 सर्जरी की लोग बुक एवं 4 नेशनल एंड इंटरनेशनल रिकमेन्डेशन लेटर के इवैल्यूएशन के बाद ही प्रोग्राम में एलिजिबल होने के योग्य होता है। इस प्रोग्राम सर्टिफिकेशन हेतु 2 दिवसीय परीक्षा का आयोजन लंदन एवं अमेरिका में होता है जिसमें रिटर्न एंड ओरल प्रोटोकॉल होता है, जिसके संयुक्त स्कोर के बाद ही कैंडिडेट पास होता है। इसके बाद बोर्ड द्वारा फेसियल प्लास्टिक एंव राइनोप्लास्टी सर्टिफिकेशन एक जटिल प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही मिलता है।



डॉ. सुनील तंवर

अब डॉ. तंवर इकलौते भारतीय राइनोप्लास्टी अंतर्राष्ट्रीय सर्जन है, जिन्होंने इस इंटरनेशनल बोर्ड सर्टिफिकेशन प्रोग्राम को पूरा कर देश का नाम रोशन किया और अपना नाम वर्ल्डवाइड बोर्ड सर्टिफिकेट लिस्ट में दर्ज कराया तथा नये राइनोप्लास्टी सर्जन हेतु प्रेरणास्त्रोत बने। वर्तमान में डॉ.तंवर राइनोप्लास्टी सोसायटी ऑफ इंडिया के सेकेट्री पद पर कार्यरत है और राइनोप्लास्टी नोज सर्जरी क्षेत्र में इटली, जर्मनी एवं लंदन में भारतीय नोज की सर्जरी का अनुभव साझा किया।

# गोपालपुरा बाइपास मुख्य सड़क से थड़ी-ठेले जब्त



**जयपुर** (कासं)। गोपालपुरा बाइपास पर शुक्रवार को ग्रेटर नगर निगम के दस्ते ने कार्रवाई की। यहां सड़क किनारे अवैध रूप से लगाए गए थड़ी-ठेलों को उठाया और अस्थाई अतिक्रमण ध्वस्त किए। हालांकि, कार्रवाई के दौरान कुछ लोगों ने इसका विरोध भी किया। लेकिन, निगम दस्ते ने सख्ती दिखाते हुए कार्रवाई की। दरअसल, 160 फीट के गोपालपुरा बाइपास पर सुगम राह में कई जगहों पर अतिक्रमण हो रखा है। करीब 200 से अधिक थड़ी वाले शाम को सड़क पर आकर खड़े हो जाते है। इस कारण यहां सिंगल लेन रोड भी बमुश्किल बच पाती है। इसके चलते यहां भारी ट्रेफिक जाम लगता है और वाहन चालकों को परेशानी उठानी पड़ती है।



## International Left Handers Day

From scissors to knives, can openers to cork screws, Left Handers (also sometimes called Southpaws) can be the brunt of jokes all year long due to their unique hand dominance. But this is the day to ignore all of that and bring awareness. As the old saying goes- right handed people operate on the left side of the brain, which means that left handed people are functioning on the right side. Therefore, only left handed people are in their right mind. It's time to take a look at Left Handers Day!



#CELEBRATION

# Azaadi Ka Mahotsav

Here are some ideas to celebrate Independence Day this year with all the fervour.



India is all set to celebrate its 75th Independence Day on August 15. The entire country is observing this historic milestone by taking part in the 'Azadi Ka Amrit Mahotsav' to commemorate the 75 years of independence. The Central government has also launched the 'Har Ghar Tiranga' campaign from August 13 to August 15 and Independence Week from August 11 to August 17, to celebrate the 75th year of India's independence. Here are some ideas to celebrate Independence Day this year with all the fervour.

### Plan a Short Getaway

You can celebrate Independence Day by visiting any of the vacation spots that have been on your travel wish list for many years. You can also de-stress your body and mind by staying at your favourite resort. What could be a better



way to celebrate Independence Day than by pampering yourself away from your busy schedule?

### Wear Ethnic Clothes

You can choose to dress up in your ethnic clothes to celebrate this occasion. Pick up a white kurta and pair it with a saffron jacket and green pocket square. Join the tricolour bandwagon and celebrate Independence Day in a holistic way with a traditional Indian outfit.

### Watch Patriotic Movies

If you are planning to celebrate Independence Day at home then you can watch movies based on patriotic themes. Several good Bollywood movies like Lagaan, Rang De Basanti and Border will fill you with patriotic fervour.

### Prepare Tricolour Dishes



You can bake a tri-colour cake or you can also prepare tricolour dishes using colourful vegetables.

### Flying Kites

Flying kites is one of the most meaningful things that you can do on Independence Day. A sky full of colourful kites that are scaling new heights is a remarkable symbol of freedom.

### Read Patriotic Books

If you are a bookworm, you can choose to read books about India's freedom struggle or a biography of any eminent freedom fighter on this Independence Day. Terrific books like 'Midnight's Children' by Salman Rushdie, 'The Discovery of India' by former Prime Minister Jawaharlal Nehru, and 'Freedom at Midnight' by Larry Collins and Dominique Lapierre should be read by everyone.

### Listen to Patriotic Songs

You can make your Independence Day melodious by listening to patriotic songs. Evergreen patriotic songs of singers like Lata Mangeshkar, Mohammed Rafi and AR Rahman will motivate you to do something for your country.

### Celebrate with your Neighbours

You can attend a flag hoisting ceremony that is organised in your housing society or neighbourhood. Watching the national flag fluttering in the wind will fill you up with pride.

### Watch the Ceremony at Red Fort

The Prime Minister leads a Grand National flag hoisting ceremony at Red Fort on August 15. You should watch this ceremony and witness the historic celebrations of India's 75th Independence Day.

### Distribute Sweets

There is no better way of celebrating India's 75th Independence Day than by distributing sweets in your neighbourhood. Freedom is a precious gift that should be savoured by every citizen.




But Rakesh kept insisting to be permitted to shoot at my level only. I made out that the miser producer wanted to evade the Government fee. Perhaps he was used to enjoying such underhand dealings, taking advantage of his celebrity status and glamour. But surprisingly all through this discussion Mr Puri sat silently without saying a word.

# Sariska & Bollywood ...The Old Connection (...1)



Sariska Palace, where large part of the film shooting was done.



Sunayan Sharma
*IFS (Retd.), Ex field director project tiger Sariska & keoladeo national park, Bharatpur*

#REMINISCENCE

Sariska forests have been a favourite shooting location for Bollywood film makers since long. And every shooting episode has left behind some interesting stories. An affair between charming Moushami Chatarjee and KL Saini, a smart young forest officer posted here then, became a topic of interesting gossip among the Alwar people and the film unit of Chambal Ki Kasam, including its hero the legendary Raaj Kumar; who was seriously upset due to this growing relationship.

But that was 1979 when Sariska was just taken under the umbrella of the Tiger Reserve Scheme of the GOI. Rules were not very stringent then.

But with the growing days restrictions on various non forestry activities kept on increasing and pressure started piling upon the reserve management, making film shooting difficult in the reserve.

The Sariska Palace was built in the last decade of the 19th centuary in the honor of the Duke of Connaught, the son of Queen Victoria by Maharaja Jai singh, the then ruler of the Alwar State. In 1980s it was purchased by Shri Ranjit Singh of Bikaner who converted it in to a hotel after necessary renovations. Shortly this facility became a point of great attraction for the film industry.

By 1991, when I joined Sariska as Field Director, succeeding legendary Fateh Singh Rathore, rules for shooting feature films inside the reserve were already in practice.

### Comendable Dedication

In 1993 winter, film maker Rakesh Roshan, quite popular by then, arrived at Sariska and stayed with his entire unit at this Palace hotel. The film was Karan Arjun, which was released a year after and hit box office to yield huge profits for him. It was a multi starrer film. The two famous Khans, Shahrukh and Salman, played the main leads, where Kajol and Mamta Kulkarni were their respective heroines. Legendry Amrish Puri was the chief villain. Also Johny Lever, playing an intimate friend of these heroes bore the responsibility of playing chief comedian.

While shooting was on inside the Palace hotel and in the evening at about 6 my telephone rang. On the other side was Virendra Singh, a smart young man, who in those days was posted as an incharge of the police station of Thanagazi, hardly 8 km from my office. He sought a few minutes meeting with Rakesh Roshan; as they could reach me within 10 minutes.

On my consent they appeared even earlier. After the formal greetings Rakesh Roshan invited me to have drinks and dinner with him that evening at the Palace hotel. I was reluctant to accept this invitation from a stranger but the SHO was quite insisting. I was not happy with this kind of approach. Maybe, because the insistence by the police officer was a bit irritating to me. The sharp actor cum producer-director could read me fast and digressing from the subject shared a brief account of their shooting schedule here and solicited my help in shooting inside the reserve area.

I briefed him about the requirement of a formal application with necessary details. He promised to do so and before leaving my chamber again humbly repeated his invitation. And at the same time thanking him I too gently took an excuse for some other day.

Those days Ranjit Singh, the owner of the Palace hotel was being assisted by his maternal uncle Shri Guman Singhji, a retired IAS officer. He was quite a humble person. The very next day after Rakesh Roshan's visit, Gumanji met me and extended the invitation on behalf of Rakesh Roshan.

He was a highly courteous gentleman. How could I say no to him and about eight in the evening I reached the palace. That time shooting was going on inside the main visitors hall. To my surprise the multi-talented Amrish Puri was busy giving last minute touches to his makeup of an old man, playing uncle and Thakur; who enjoyed the exclusive right over the entire state including this marvel of the Palace. Rakesh introduced me to Amrishji, Rakhi Gulzar was playing the role of wife of this old Thakur's son, who was disowned by the thakur long back as a punishment for marrying a lady (Rakhee) of ordinary status. The story goes, that living in poverty this royal prince soon died leaving behind his bereaved wife with two sons. Now these sons, played by the Khans had grown up and the ailing Thakur aggrieved with his nephew Durjan Singh's (played by Amrish Puri) ill deeds decides to hand over the state to his grand sons. On Thakur's wish his disowned daughter-in-law visits him with her young sons. Durjan Singh learning about this development gets furious and kills the Thakur in the presence of these heirs.



Kaka Thakur, the famous Cinematographer of Karan-Arjun film & Author.

The emotional scene of this meeting and murder was scheduled for this evening's shooting.

After completion of the make-up, the 'Thakur' moved to the bed, placed close by and lied down on it. After the murder of Thakur Durjan Singh threatens the mother of murdering her sons as well and she as frightened as hell rushes out of the palace with her sons. By now Durjan Singh's two brothers-in-laws, his accomplices also appear on the scene and try to further frighten the mother and sons with their bulging eyes.

> We were sipping our drink when Ranjit called Rakesh to join us. He came to us with a drink in hand and without the exchange of any kind of greetings straightaway bursted out at me, "I did not come here to be treated... like this."

### The Invitations

Rakesh Roshan, the director handling the camera for this scene, seemed satisfied with the shot but Amrish Puri was not and so asked the actors playing his in-laws to repeat the action. They did it with more frightening expressions but failed to satisfy Amrish Puri once again. I was standing at about 15 feet almost facing them. I was wearing my blue hat matching my blazer. Now Amrish Puri instructed this duo to deliver their dialogues with their bulging eyes fixed at my hat. Their expression was good enough to frighten anybody. It shook me too and only when Mr Puri was satisfied only then it was time to pack up for the day. Rakesh Roshan joined me immediately after the shot while Puri took excuse to change the costume. In a short while we were joined by Gumanji as well and we all together moved to Puri's room, an ordinary one but good enough to accommodate us all.

While Rakesh was asking my choice for drink, Guman ji said, "No today Sharma Saab is my guest so whisky shall be from my side," but in the meantime Puri took out the bottle from his cabinet and told Gumanji, "Let me have the honour," to which he agreed easily but instantly offered that soda shall be from his side, bringing smile to every face present there. He was a bit of a miser or an innocent one or both. But for sure his offer did make the atmosphere pleasant.

Shortly after the producer came to business. He wanted permission for shooting inside the reserve and promised to abide by all the rules. I told permission is to be sought from the state Government on payment of prescribed fee. He incessantly insisted to be allowed for merely an hour to shoot beautiful Mamta Kulkarni's bathing scene under the Pandupole spring, at my level. I repeated that Government's permission was a must but also assured to recommend his application on guarantee from Gumanji that no rules shall be flouted. Also I suggested that Gumanji, well-versed with the Government offices and working may be of great help in procuring permission from the Government.

But Rakesh kept insisting to be permitted to shoot at my level only. I made out that the miser producer wanted to evade the Government fee. Perhaps he was used to enjoying such underhand dealings, taking advantage of his celebrity status and glamour. But surprisingly all through this discussion Mr Puri sat silently without saying a word.

The session could not be prolonged under such circumstances and I was about to bid goodbye when Gumanji personally proposed that the shooting may be permitted at my level in the forest areas not falling under the sanctuary. I consented finally, provided they abide by the rules. The conversation ended here and then we dined together with not much of the conversation.

After two days I had the invitation from Mr Ranjit Singh, to join him for evening drinks and dinner. I was not busy yet I avoided this invitation, foreseeing that Rakesh was going to pursue his agenda through Ranjit Singh, who had friendly terms with me. But Ranjit was a hard nut to crack and ultimately I gave up.



Shooting Scene inside the Palace with Amrish Puri in lead role, wearing coat & long boots.



The luxurient forests of Sariska have always attracted the Bollywoodians.

> Ranjit told everyone that the boy was Hritik Roshan, the only son of the producer Rakesh. Just two days back he had reached Sariska from Bombay, perhaps with the sole purpose of celebrating his 18th birthday with his father. The fragile boy did not seem to be his age from any angle.



Tiger, the king of jungle possesses mesmerizing personality.

Ranjit lured me saying that Johny Lever was going to perform in that dinner party.

When I reached the party was on at the terrace opening in the garden. There were about 20 people. Johny Lever was busy entertaining the gathering with his jokes and parodies.

I was yet to know the purpose of the party when a cake was set on a table with few candles and almost simultaneously Rakhee Gulzar appeared on the scene with a lean and thin boy.

### Matter Doesn't Matter

Ranjit told everyone that the boy was Hritik Roshan, the only son of the producer Rakesh. Just two days back he had reached Sariska from Bombay, perhaps with the sole purpose of celebrating his 18th birthday with his father. The fragile boy did not seem to be his age from any angle. As per Ranjit the boy was not keeping in good health. The cake had been cut and was being distributed when the rain God, totally uninvitedly appeared from no where. But the light showers lasting few minutes had no intention to disturb the party rather it made the atmosphere more cheerful. Yet Rakhee, behaving like a highly protective mother hurriedly took away Hritik back to his room covering his head with her pallu.

She was strangely pretentious; perhaps trying to impress the film producer. Rakesh too seemed embarrassed as he could not even introduce the boy to many of us seeing him for the first time.

We were sipping our drink when Ranjit called Rakesh to join us. He came to us with a drink in hand and without the exchange of any kind of greetings straightaway bursted out at me, "I did not come here to be treated… like this." I was aghast at this rude behaviour and language. I looked at Ranjit with inquisitive eyes. Ranjit shared that today Rakesh had taken his unit to Bhangarh fort for shooting, taking cumbersome - narrow 30 km route via Thanagazi to avoid passing through the sanctuary. Though the Bhangarh forest is not a part of the sanctuary yet the reserve staff posted there did not allow them to shoot.

Rakesh and his staff persuaded them hard and even tried to bribe but could not succeed. Rakesh and the Khans pleaded to them that they have been permitted by me but the boys were not mesmerized by their glamour and were adamant not to allow them without proper permission. The producer was lamenting that this had caused him a loss worth 1.25 lakh.

***To be continued.....***

writetoarbit@rashtradoot.com



Sambar herd, aware of their great wild beauty, were quite inquisitive about the visitors.

#BACTERIOLOGY

# How Gut Bacteria Evolve To Become Dangerous



A new study digs into the mystery of how good gut bacteria can go bad.

Gut microbes have been linked to both good health and the promotion of diseases such as autoimmune disorders, inflammatory bowel diseases, metabolic syndrome and even neuropsychiatric disorders.

One popular explanation for these bad outcomes has been what is called the 'leaky gut' hypothesis in which potentially damaging bacteria are said to escape the intestine, triggering a chronic inflammatory response that can contribute to a variety of diseases.

"But one mystery has been how potentially pathogenic bacteria can exist in healthy people for decades with no apparent health consequences," says Noah Palm, assistant professor of immunebiology at Yale University.

In a new study in the journal Nature, Palm and colleagues offer new insights into this mystery, describing how gut bacteria can evolve over time becoming more pathogenic by gaining the ability to migrate across the gut barrier and persist in organs outside of the intestine, thereby driving chronic inflammation and associated pathologies.

For the study, the researchers studied the genetics and behaviour of a species of potentially pathogenic bacteria which they introduced into germ-free mice, a species that lacks its own gut microbes.

Over the time these microbes diverged into two distinct populations: one that behaved similarly to the ancestral strain and another that acquired tiny DNA mutations that allowed them to live in the mucosal linings of the intestine and persist in the lymph nodes and liver after escaping the gut.

Unlike traditional pathogens that prompt rapid immune clearance, these small colonies of relocated bacteria remain semi-hidden in organs and can avoid the attention of the immune system-at least temporarily.

However, the researchers found that the presence of these bacteria over time can eventually trigger inflammatory pathologies such as autoimmune diseases.

This phenomenon may at least partially explain why some people with potentially pathogenic bacteria never get sick but why the risk of illness increases with age, the researchers say.

This ability of gut bacteria to become more pathogenic is driven by a phenomenon referred to as 'within-host evolution' which explains why individual bacterial species living in our intestines are able to adapt and evolve over the course of our lifetimes, the researchers say.

> This finding suggests that environmental factors which influence the pace or trajectory of within-host evolution will also have important effects on the development of microbiota driven disease.



This finding suggests that environmental factors which influence the pace or trajectory of within-host evolution will also have important effects on the development of microbiota driven disease.


For instance, people who consume a healthy diet tend to develop diverse bacterial communities in their guts. This means that many different microbes must compete for space and resources, limiting the population size of any individual species and thus depressing the chances that potentially unhealthy variants will emerge and escape the gut.

However, in less diverse bacterial communities more niches may open up within the intestines increasing the likelihood that damaging bacterial variants will arise, Palm explains.

"These bacteria are essentially pre-adapted to exist in organs outside the intestine," Palm says. "We believe that this evolutionary process starts over in each new host due to the preferential transmission of non-pathogenic strains between individuals."

Understanding the role of within-host evolution in shaping bacterial behaviour in the gut, he adds, may eventually lead to new therapeutic interventions that can restrict or redirect this process to prevent the development of diverse diseases associated with 'leaky gut'.

## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# जोधपुर के रेलवे अस्पताल में मास्क की अनिवार्यता लागू

- त्योहारों पर कोरोना संक्रमण के निरंतर बढ़ रहे मामलों को देखते हुए अनिवार्यता लागू की
- अस्पताल में कोरोना संक्रमितों के उपचार के लिए स्थापित कोविड विंग में स्टाफ की तैनाती की गई

**जोधपुर, (कासं)।** त्योहारों पर कोरोना संक्रमण के निरंतर बढ़ रहे मामलों को देखते हुए रेलवे अस्पताल में फिर से मास्क की अनिवार्यता लागू करने के साथ ही फ्लू क्लीनिक खोला गया है।

मंडल चिकित्सा अधीक्षक डॉ. ए.वासुदेवन ने बताया कि लगातार बढ़ रही कोरोना संक्रमितों की संख्या को देखते हुए रेलवे अस्पताल में कार्यरत चिकिसकों व नर्सिंग स्टाफ के साथ ही आने वाले रोगियों के लिए भी मास्क लगाने की अनिवार्यता लागू की गई जिससे इस संक्रमण की चपेट में आने से बचा जा सके। उन्होंने बताया कि मंडल रेल प्रबंधक गीतिका पांडेय के निर्देश पर अस्पताल में फ्लू क्लिनिक फिर से शुरू किया गया है जहां फ्लू रोगियों की जांच, सेम्पल व दवाई वितरण की व्यवस्था की गई है ताकि कोरोना संदिग्ध कर्मचारी अस्पताल के भीतर प्रवेश कर अन्य रोगियों को संक्रमित न कर सकें। क्लिनिक में ही सेम्पल लेकर रिपोर्ट देने की व्यवस्था की गई है।

डॉ.वासुदेवन ने बताया कि अस्पताल में रेल कर्मचारियों, रोगियों व उनके परिजनों की काफी भीड़ रहती है। ऐसे में कोरोना वायरस संक्रमितों का पता ही नहीं लगता और वे अन्य रोगियों के संपर्क में आ जाते हैं। मंडल रेल प्रबंधक गीतिका पांडेय ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए अस्पताल में अलग से फ्लू क्लीनिक खोलने के निर्देश दिए है। उन्होंने बताया कि क्लीनिक में मुख्यत: खांसी, जुखाम, बुखार के रोगियों की जांच की जा रही है तथा कोरोना संबंधी लक्षण पाए जाने पर रोगी को अस्पताल के कोविड विंग में कोरोना जांच के लिए भेजा जा रहा है। क्लीनिक में इस तरह के रोगियों को दवाई भी उपलब्ध करवाई जा रही है। अस्पताल में कोरोना संक्रमितों के उपचार के लिए स्थापित कोविड विंग में पर्याप्त स्टाफ की तैनाती की गई है। इसके तहत कोविड इमरजेंसी व कोविड आईसीयू भी चालू की गई है। त्योहारों पर कोरोना संक्रमण के निरंतर बढ़ रहे मामलों को देखते हुए रेलवे अस्पताल में फिर से मास्क की अनिवार्यता लागू करने के साथ ही फ्लू क्लीनिक खोला गया है।

मंडल चिकित्सा अधीक्षक डॉ. ए वासुदेवन ने बताया कि रेलवे अस्पताल में कार्यरत चिकिसकों व नर्सिंग स्टाफ के साथ ही आने वाले रोगियों के लिए भी मास्क लगाने की अनिवार्यता लागू की गई। उन्होंने बताया कि क्लीनिक में मुख्यत: खांसी, जुखाम, बुखार के रोगियों की जांच की जा रही है तथा कोरोना संबंधी लक्षण पाए जाने पर रोगी को अस्पताल के कोविड विंग में कोरोना जांच के लिए भेजा जा रहा है। क्लीनिक में इस तरह के रोगियों को दवाई भी उपलब्ध करवाई जा रही है। अस्पताल प्रशासन ने अस्पताल में खांसी, जुकाम, बुखार इत्यादि रोगों से ग्रसित रेल कर्मचारियों से अस्पताल के मैन गेट के पास स्थापित रूम में ही चिकित्सीय परामर्श और उपचार लेने का आग्रह किया है। अस्पताल में कोरोना संक्रमितों के उपचार के लिए स्थापित कोविड विंग में पर्याप्त स्टाफ की तैनाती की गई है। इसके तहत कोविड इमरजेंसी व कोविड आईसीयू भी चालू की गई है।

## युवक को बचाया

**श्रीगंगानगर, (कासं)।** रेलवे स्टेशन से दिल्ली सराय रोहिल्ला के लिए गुरूवार रात 10.40 बजे रवाना हुई बीकानेर दिल्ली सराय रोहिल्ला ट्रेन में सवार होने की कोशिश में एक यात्री फिसल गया। जीआरपी जवान ने उसकी जान बचाई। यह यात्री चलती ट्रेन के साथ-साथ दूर तक घिसटता चला गया। इसी दौरान ड्यूटी पर तैनात जीआरपी कांस्टेबल की नजर उस पर पड़ गई। जीआरपी कांस्टेबल उसकी ओर दौड़ा लेकिन ट्रेन की रफ्तार ज्यादा होने से वह उसे पकड़ नहीं पाया। वह उसके पीछे दौड़ता रहा और काफी दूर पहुंचकर युवक की जान बचाई।

युवक को बचाने वाले जीआरपी कांस्टेबल अमरदीप सिंह ने बताया कि युवक अपने एक दोस्त के साथ ट्रेन में यात्रा कर रहा था। ट्रेन के व्हीसल देने के समय उसने स्टेशन से खाने का सामान और चाय आदि खरीदी। उसे अनुमान था कि वह जल्द ही ट्रेन पकड़ लेगा। ट्रेन ने रफ्तार पकड़ ली थी। इसी दौरान युवक ने ट्रेन में चढ़ने की कोशिश की। युवक ट्रेन के फुट रेस्ट पर से फिसल गया।

# शिक्षकों की कमी से खाजूवाला नवक्रमोन्नत स्कूल में तालाबंदी

- 10 वीं और 12 वीं दो बोर्ड क्लासेज हैं, उसके बावजूद टीचर नहीं है तो पढ़ाई कैसे होगी
- जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक को बार-बार आग्रह के बाद भी कोई टीचर नहीं पहुंचा

**बीकानेर, (कासं)।** नया सेशन शुरू हुए करीब डेढ़ महीना हो चुका है और फर्स्ट टेस्ट भी शुरू होने वाले हैं लेकिन सरकारी स्कूल आज भी टीचर्स के अभाव को भुगत रहे हैं। बीकानेर के खाजूवाला में तो नव क्रमोन्नत स्कूल में शुक्रवार को टीचर्स नहीं होने के विरोध में तालाबंदी कर दी गई है।

स्कूल की लड़कियों ने आरोप लगाया कि जिम्मेदार अधिकारियों को बार-बार कहने के बाद भी टीचर्स नहीं लगाये जा रहे हैं। ऐसे में जबरन ताला लगाना पड़ा है। खाजूवाला के 4 बीजीएम भागू गांव में शुक्रवार को स्टूडेंट्स ने तालाबंदी कर दी। यह विद्यालय इसी सत्र में सैकण्डरी से सीनियर सैकण्डरी हो गया।

इसके बाद भी लेक्चरर व अन्य पद भी खाली पड़े हैं। स्टूडेंट्स का कहना है कि 10 वीं और 12 वीं दो क्लासेज बोर्ड की है। उसके बाद भी टीचर नहीं है। 250 से ज्यादा स्टूडेंट टीचर्स के अभाव में पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं। स्कूल में टीचर्स नहीं होने से ग्यारहवीं व बारहवीं के साथ अन्य क्लासेज में भी पढ़ाई नहीं हो पा रही है।

जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक को बार-बार आग्रह के बाद भी कोई टीचर नहीं पहुंचा। उधर लेक्चरर की लिस्ट आने के बाद गांवों में हालात और बिगड़ने वाले हैं। क्योंकि ग्रामीण से ही लेक्चरर शहरों की ओर ट्रांसफर करवा रहे हैं। बहुत कम लेक्चरर गांवों के स्कूल में रहेंगे।

सरकार ने जिन स्कूल्स को हाल ही में क्रमोन्नत किया है, वहां भी नए पदों पर किसी को नहीं लगाया हे। उधर मुरलीधर व्यास नगर कॉलोनी स्थित महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूल की प्रिंसिपल के ट्रांसफर के बाद से स्कूली छात्र आंदोलन कर रहे हैं। बुधवार को छात्रों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया था। प्रिंसिपल के ट्रांसफर आदेश रद्द नहीं करने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

## एक गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।** गोगुन्दा कस्बे के मजावद गांव निवासी वृद्धा की हत्या कर जेवरात लूट की वारदात का पुलिस ने खुलासा करते हुए इस मामले में मृतका के पड़ोसी को गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार 8 अगस्त को गोगुन्दा कस्बे के मजावद गांव निवासी बगुबाई (75) की अज्ञात आरोपी हत्या कर उसके पांव से चांदी के कड़े, कान के टॉप्स, एवं पैटी से जेवरात ले गया था।थानाधिकारी दलपतसिंह मय जाप्ता ने मौके पर पहुंच कर देखा तो मृतका के ललाट, सीर पर कुदाली की मुंद से चोट के निशान पाए गए तथा उसके जेवरात नहीं थे, कमरे में रखी पेटी का ताला टूटा हुआ व सामान गायब था। इस मामले में एफएसएल व डॉग स्कवायड़ टीम ने मौके पर पहुंच कर आवश्यक साक्ष्या जुटाए। पुलिस टीम ने अनुसंधान में मिले साक्ष्यों के आधार पर आरोपी मृतका के पड़ोसी मुकेश पुत्र रतनलाल सुथार को गिरफ्तार किया।

# 10 बदमाशों ने कार सवार पर हमला किया

- दूसरे वाहनों के आने के बाद बदमाश मौके से फरार हो गये
- पुलिस ने मामला दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू की

**डूंगरपुर, (निसं)।** दोवडा थाना क्षेत्र में वस्सी खेडा रोड पर बदमाशों ने एक कार पर हमला कर दिया। बदमाशों ने कार चालक से मारपीट की वहीं लोगों को आता देख बदमाश मौके से फरार हो गए।

जानकारी के अनुसार दोवडा थाना क्षेत्र के गरडा निवासी कमलेंद्र सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह गुरुवार देर रात कार लेकर अपने घर से डूंगरपुर जा रहा था। मालाजी मंदिर से आगे निकलते ही सुनसान जगह पर करीब 10॰बदमाश हथियार लेकर सड़क पर खड़े थे। कार के आते ही बदमाशों ने कार पर हमला कर दिया। बदमाशों ने कार का दरवाजा खोलकर कमलेंद्रसिंह को बाहर निकालने का प्रयास किया। लेकिन कमलेंद्रसिंह बदमाशों से बचने के लिए कार को रिवर्स में ले लिया। करीब 300॰मीटर तक रिवर्स जाकर कार सडक किनारे गड्ढे में पलट गई। जिसके बाद बदमाशों ने कमलेंद्रसिंह के साथ मारपीट की। दूसरे वाहनों के आने के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। वहीं कमलेंद्रसिंह के पीछे ही उसके पिता राजेंद्रसिंह भी दूसरी गाडी लेकर आ रहे थे। घटना की सूचना पर दोवडा थाने से गजराजसिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। वहीं पुलिस ने मामला दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। वहीं सुनसान सडकों पर बदमाशों की मारपीट, लूटपाट की बढती घटनाओं से लोगों में आक्रोश है। लोगों ने गश्त बढ़ाने के साथ बदमाशों को गिरफ्तार करने की मांग की है।

# मंदिरों से नकदी व जेवर चोरी करने वाली गैंग का खुलासा, नौ गिरफ्तार

- प्रारंभिक पूछताछ में जिले के विभिन्न पुलिस थाना क्षैत्रों में 35 वारदातें करना स्वीकार किया

**उदयपुर, (कासं)।** सलूम्बर कस्बे में स्थित मंदिरों का ताला तोड़ कर जेवरात व नकदी चोरी करने वाली गैंग का पुलिस ने खुलासा करते हुए इस मामले में नौ आरोपियों को गिरफ्तार किया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने पैतीस से अधिक वारदाते करना स्वीकार किया।

प्रकरण के अनुसार सलूम्बर कस्बे के सेरिया गांव में स्थित जैन मंदिर से 18 व 19 जुलाई रात में अज्ञात चोर तालात तोड़ कर दानपेटी से नकदी चुरा ले गए थे। इस पर सेरिया निवासी सोहन पुत्र देवचंदर जोशी ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी थी।

इसी तरह 26 व 27 जुलाई रात में जावद स्थित जैन मंदिर का अज्ञात चोर ताला तोड़कर अष्ट धातु की पांच प्रतिमाएं, चांदी के दो किलो वजनी तीन छत्र, आभामण्डल, कलश व दानपेटी से नकदी चोरी की वारदात कर फरार हो गए थे। इस मामले में जावद निवासी मदनलाल पुत्र धुलचंद जैन ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी थी।


इस पर जिला पुलिस अधीक्षक विकास कुमार शर्मा के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुकेश सांखला, पुलिस उप अधीक्षक सलूम्बर सुधा पालावत के सुपरविजन में सलूम्बर थानाधिकारी अजयसिंह राव के नेतृत्व में हेडकांस्टेबल देवीदयाल, विक्रमसिंह, भेरूलाल, अशोक, कांस्टेबल कैलाश कुमार, अशोक कुमार, भारत राजसिंह, गोपाल कृष्ण, पुष्कर, ताहिर अहमद, अशोक हेमेन्द्रसिंह, हर्षवर्धनसिंह, लोकेश एवं साईबल सेल के लोकश रायकवाल मय टीम ने अनुसंधान में मिले साक्ष्यों के आधार पर गावड़ापाल जेलावत फला निवासी सुरेश उर्फ हुरजा पुत्र देवा मीणा, सोहन उर्फ सोमिया पुत्र देवा मीणा, धन्ना उर्फ धनराज पुत्र धर्मा मीणा, लालूराम उर्फ नाका पुत्र गोता मीणा, प्रभू पुत्र गौता मीणा, राजु उर्फु रजिया पुत्र भगवाना मीणा, रतिया उर्फ रतनलाल पुत्र भगवाना मीणा, वाजुआ फला गींगला निवासी दिनेश पुत्र नगा मीणा, गांवड़ा पाल चोकवाड़ा निवासी नरेश पुत्र मोता को गिरफ्तार किया। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि वारदात करने से पूर्व रैकी करते एवं वारदात करने से पूर्व कूछ दूरी पर बाइक खड़ी कर पैदल पैदल पहुंच कर वारदात को अंजाम देकर बाइक से फरार हो जाते। प्रारंभिक पूछताछ में जिले के विभिन्न पुलिस थाना क्षैत्रों में 35 वारदातें करना स्वीकार किया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

## किशोर की मौत

**उदयपुर, (कासं)।** जिले के माण्डवा थाना क्षैत्र में नदी पार करते समय पानी में डूबने से किशोर की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरूवार दोपहर में बैकरिया थाना क्षैत्र कालाखेतरा गांव रोड़ पर नदी पार करते समय सायरा हॉल काला खेतरा निवासी नारायण (15) पुत्र बिहारी लाल ब्राम्हण की मौत हो गई। घटना स्थल पर पुलिया का निर्माण कार्य चल रहा था एवं पानी निकासी के लिए पाईप लगा रखा था। घटना वाले दिन नारायण नदी पार कर रहा था। इस दौरान वह पानी में डूबने से पाईप में फंस गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

## किसान ने आत्महत्या की

**उदयपुर, (कासं)।** माण्डवा थाना क्षैत्र में किसान ने पेड़ पर फांसी लगा आत्महत्या कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरूवार रात में माण्डवा थाना क्षैत्र जेड़ गांव निवासी रामा ने आम के पेड़ पर फांसी लगा आत्महत्या कर ली। रामा खेती करता था रात में मकान के पास स्थित पेड़ पर फांसी लगा ली।



लगातार बारिश से कोटा संभाग में कई नदी-नाले उफान पर हैं। कैचमेंट एरिया में अच्छी बारिश होने से चंबल नदी का जल स्तर बढ़ ता जा रहा है। शुक्रवार सुबह कोटा बैराज के 8 गेट खोलकर 58 हजार क्यूसेक पानी की निकासी की जा रही है। जवाहर सागर से 53 हजार क्यूसेक पानी की आवक होने से बैराज से पानी रिलीज करना पड़ रहा है। बैराज के 8 गेट को 6-6 फीट खोला गया है।

# 10 जुआरी गिरफ्तार, ताश पत्ते सहित नगदी बरामद

- गुरूवार को भी 10 जुआरियों को गिरफ्तार किया था

**बीकानेर, (कासं)।** पुलिस फुल एक्शन मोड में है और अपराधियों को हवालात तक पहुंचाने में कोर-कसर नहीं छोड़ रही। खासतौर से तीन दिन से पुलिस ने जुआरियों के ठिकानों पर कड़ी कार्रवाई की है। इसी क्रम में शुक्रवार की दोपहर में पुलिस ने फिर बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। हालांकि कार्रवाई अभी जारी है।

जानकारी के अनुसार नया शहर थाना पुलिस ने जस्सूसर गेट रोड पर पेट्रोल पम्प क्षेत्र में एक कथित जुआघर पर दबिश दी है। समाचार लिखे जाने तक कार्रवाई जारी थी। नयाशहर थानाप्रभारी गोविंद सिंह चारण ने इसकी पुष्टि की है। विभिन्न क्षेत्रों में जुआघर चलने की खबरों के बीच पुलिस अधीक्षक योगेश यादव एक्शन मोड पर है। इसी क्रम में पुलिस ने गुरूवार को सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते 10 जुआरियों को गिरफ्तार किया था। पुलिस अधीक्षक योगेश यादव व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) बीकानेर अमित कुमार के निर्देशन में वृत्ताधिकारी वृत्त नगर बीकानेर दीपचन्द के सुपरविजन में थानाधिकारी गोविन्द सिंह के नेतृत्व में उप निरीक्षक देवेन्द्र सोनी मय टीम गश्त पर थे। गश्त के दौरान एसआई देवेन्द्र सोनी को मुखबिर की पुख्ता इत्तला मिली कि पंडित धर्मकांटा के पास सर्वोदय बस्ती में सार्वजनिक स्थान पर कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। इस पर नया शहर थाना पुलिस ने जावेद, छोटूदास स्वामी, फिरोज खां, शकील अहमद, मुकेश माली, श्रीकान्त मेहता, अमन, मुराद खां, शमशेर, युसूफ खां को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही आरोपियों के कब्जा से 52 पत्ते ताश के व कुल नगद जुआ राशि 54970 रूपये बरामद की गई।

आरोपियों के खिलाफ थाने में अभियोग दर्ज कर लिया गया है। इससे पहले बुधवार को पुलिस अधीक्षक योगेश यादव के निर्देश पर एएसपी सिटी अमित कुमार बुढ़ ानिया के निर्देशन में डीएसटी एवं कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई की। पुलिस ने यहां से 31 लोगों को पकड़ा। टीम में कोतवाली एसएचओ नवनीतसिंह व डीएसटी के दीपक यादव व अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे। जुआघर का संचालन कपिल चायल कर रहा था। आरोपियों से करीब डेढ़ लाख रुपए बरामद किये गए थे।

# धौलपुर विधायक शोभारानी कुशवाहा के दो देवर गिरफ्तार

- हत्या के षड्यंत्र के मामले में 10 साल से चल रहे थे फरार



पुलिस ने हत्या के षड्यंत्र के आरोप में दो जनों को गिरफ्तार किया।

**धौलपुर, (निसं)।** धौलपुर शहर की सदर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 5- 5 हजार रूपए के इनामी धौलपुर विधायक शोभारानी कुशवाहा के 2 देवरों को गिरफ्तार किया है। इन्हें सैंपऊ बाईपास मोड पुल के नीचे से गिरफ्तार किया गया है।

धौलपुर एसपी धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि हत्या के षड्यंत्र के आरोप में 10 साल से फरार चल रहे शिवराम कुशवाहा पुत्र माधो सिंह निवासी जमालपुर थाना कौलारी जिला धौलपुर और जितेंद्र कुशवाहा उर्फ जीतू पुत्र रामनाथ निवासी जमालपुर थाना कौलारी जिला धौलपुर को गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के अनुसार दिसंबर 2012 में झील का पुरा धौलपुर निवासी छात्र नेता नरेश कुशवाहा की प्रेम प्रसंग के चलते हत्या की गई थी। इस मामले में उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर निवासी शार्प शूटर सत्येंद्र जाट और रोबिन जाट के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। वहीं इस मामले में हत्या की साजिश रचने के आरोप में तत्कालीन धौलपुर विधायक बीएल कुशवाह, उसके भाई शिवराम कुशवाहा और जीतेंद्र कुशवाहा के खिलाफ हत्या की साजिश रचने का मुकदमा दर्ज किया गया था। इस मामले में पुलिस ने धौलपुर विधायक शोभारानी कुशवाहा के पति और तत्कालीन धौलपुर विधायक बीएल कुशवाहा व शार्प शूटर सत्येंद्र जाट को गिरफ्तार कर लिया था।

छात्र नेता की हत्या के इस मामले में दिसंबर 2016 में एडीजे कोर्ट धौलपुर ने हत्या के आरोपी शार्प शूटर सत्येंद्र जाट और तत्कालीन विधायक बीएल कुशवाहा को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। तभी से दोनों जेल में सजा काट रहे हैं। वहीं इस मामले में बीएल कुशवाहा के आरोपी भाई शिवराम और जीतेंद्र तभी से फरार चल रहे थे। जिन्हें सदर थाना पुलिस धौलपुर ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

# हादसे में भाई-बहन की मौत

**उदयपुर, (कासं)।** बैकरिया थाना क्षैत्र हाइवे पर अज्ञात कार की टक्कर से बाइक सवार भाई बहन की मौत हो गई तथा राह चलते दो जने घायल हो गए। जानकारी के अनुसार बैकरिया थाना क्षैत्र राष्ट्रीय राजमार्ग पिलका कट पर शुक्रवार सवेरे अज्ञात कार की चपेट में बाइक की चपेट में आने से पिलका गांव निवासी हुंसाराम पुत्र पीथाराम गरासिया तथा सुमाली कुमारी पुत्री पिथाराम की मौत हो गई तथा पिलका गांव निवासी आखिल कुमार तथा सवराम घायल हो गए।

# देशभक्ति का संदेश लेकर 108 बाइकर्स पालनपुर के लिए रवाना




आबूरोड के ब्रह्माकुमारी संस्थान से अन्तर्राष्ट्रीय युवा दिवस को लेकर तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

**आबूरोड, (निसं)।** मेरी शान तिरंगा है, मेरी जान तिरंगा है... के नारों के साथ शुक्रवार को आबूरोड़ के ब्रह्माकुमारीज शांतिवन परिसर से तिरंगा यात्रा की शुरुआत की गई। मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी ने सुबह 9 बजे यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर निकाली गई यात्रा में 108 बाइकर्स ने भाग लिया। बाइक पर लहराते तिरंगा झंडा और सड़क सुरक्षा का संदेश देते हुए यह मोटर बाइक रैली पालनपुर के लिए रवाना हुई। रैली में शामिल सभी 108 युवा बाइकर्स नशामुक्त और बालब्रह्मचारी हैं। रास्ते में तिरंगा यात्रा में शामिल बाइकर्स का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। यात्रा में आबूरोड़-रेवदर विधायक जगसीराम कोली ने भी भाग लिया।

मोटर बाइक रैली का उद्देश्य बताते हुए ब्रह्माकुमारीज मीडिया प्रभाग के अध्यक्ष बीके करूणा ने कहा कि हम सबकी जिम्मेवारी है कि देश प्रेम के प्रति लोग जागरूक हों। संस्थान के कार्यकारी सचिव बीके मृत्युंजय भाई ने कहा कि भारत जल्द विश्वगुरु बनने जा रहा है। वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका बीके ऊषा बहन ने कहा कि तिरंगा यात्रा से घर-घर में राष्ट्र भक्ति की भावना जागृत हो रही है। मोटर बाइक रैली से भी इसमें शामिल सहभागी रास्तेभर लोगों को देशप्रेम का संदेश देंगे। सुप्रसिद्ध गायक हरीश मोयल ने कहा कि एक समय हमारा प्यार भारत देश जो सोने की चिडिया था, वह जल्द ही फिर से बनने जा रहा है। जिसके हम सभी गवाह बनेंगे।

इस मौके पर डॉ. सतीश गुप्ता, बीके रामप्रकाश, बीके भानु, बीके जगदीश, बीके मोहन, बीके सत्येन्द्र, बीके अमरदीप, बीके रामसुख मिश्रा, धीरज सिंह समेत बडी संख्या में युवा भाई-बहनें मौजूद रहे। संचालन वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका बीके चंदा ने किया। यात्रा के पालनपुर पहुंचने पर इसमें शामिल सभी बाइकर्स का जोरदार स्वागत किया गया।

# लेकसिटी में मूसलाधार बारिश, पीछोला झील का जलस्तर दस फीट पर पहुंचा

- सीसारमा चार फीट, रात को बढ़ सकता है वेग
- उदयसागर दो फीट खाली, गोवर्धन सागर बांध छलका
- फतहसागर में भी आवक बनी रही तो एक या दो दिन में छलकेगा



उदयपुर में बारिश का दौर शुरू हुआ जो कई जगहों पर मूसलाधार बारिश के रूप में बरसा।

**उदयपुर, (कासं)।** लेकसिटी में सुबह से खुशनुमा मौसम के बीच दोपहर में खण्ड वर्षा के रूप में बारिश का दौर शुरू हुआ जो कई जगहों पर मूसलाधार बारिश के रूप में बरसा। शाम होते-होते यह मूसलाधार बारिश पूरे शहर को भिगोने लगी और रात 8 बजे तक बारिश का दौर जारी है। इधर, पीछोला झील का जलस्तर बढ कर दस फीट हो गया है। पूर्ण भराव क्षमता 11 फीट से अब यह केवल एक फीट खाली है। संभवत: पीछोला के शनिवार को छलकने के साथ ही स्वरूपसागर पर चादर चल सकती है। वहीं आवक को देखते हुए काले किवाड़ खोलने पर फैसला होगा। सीसारमा नदी का वेग सुबह 3 फीट 6 इंच था जो शाम 5 बजे ढाई फीट हो गया लेकिन शाम को हो रही बारिश के चलते इसका वेग पुन: बढ़ कर चार फीट हो गया और रात को इसका वेग फिर बढ़ सकता है।

लेकसिटी में शुक्रवार को बारिश की झड़ी लग गई। दोपहर 1.30 बजे शहर के कई हिस्सों में तेज मूसलाधार तो कई जगहों पर मध्यम क्रम की बारिश हुई जो करीब पौन घंटा चली। इसके बाद बूंदाबांदी होती रही और शाम को तेज मूसलाधार बारिश शुरू हुई जिसने पूरे शहर को जमकर भिगोया। मूसलाधार बारिश का यह दौर रात 8 बजे भी जारी है।

सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता (गिर्वा) निर्मल मेघवाल ने बताया कि पीछोला में सीसारमा नदी से अच्छी आवक हो रही है जिसे देखते हुए आज लिंक नहर के गेट बंद कर दिए गए है। वहीं 11 फीट क्षमता वाली पीछोला झील के शनिवार को लबालब होने के बाद स्वरूपसागर पर संभवत: चादर चल सकती है। स्वरूपसागर के गेट खोलने पर निर्णय भी कल आवक को देखते हुए लिया जाएगा। वहीं मदार नहर से आवक बनी रही तो एक या दो दिन में फतहसागर पर भी चादर चलेगी। इधर, आयड़ नदी में भी आज पानी का प्रवाह देखा गया। 24 फीट क्षमता वाली उदयसागर झील भी 22 फीट भर गई है। यह अब दो फीट खाली है। वहीं 9 फीट क्षमता वाला गोवर्धन सागर बांध भी आज छलक गया। सिंचाई विभाग के बाढ़ नियंत्रण कक्ष से मिली जानकारी के अनुसार प्रात: 8 बजे समाप्त बीते 24 घंटों में देवास स्टेज प्रथम पर 35 मिमी, मदार 10, नाई 43, उदयसागर 12, वल्लभनगर 19, बागोलिया में 15 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई। वहीं उदयपुर में सुबह 8 बजे तक 11 मिमी व शाम 5 बजे तक 8 मिमी (कुल 20 मिमी) बरसात हुई है।

## संक्षिप्त

### भारत माता के जयकारे गूंजे

**श्रीमाधोपुर।** महात्मा गाँधी पीजी कॉलेज में शुक्रवार को आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत एनसीसी, एनएसएस, स्काउट रोवर रेंजर्स, महाविद्यालय स्टॉफ व समस्त छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय प्रांगण व श्रीमाधोपुर शहर में तिरंगा रैली निकाली। कार्यालय सचिव राकेश शर्मा ने बताया की एनसीसी एएनओ विजेंद्र कुमार, एनएसएस प्रभारी मांगीलाल कुमावत व स्काउट प्रभारी वीरेंद्र यादव के नेतृत्व में महाविद्यालय में छः गीतों का स्वर ज्ञान किया गया। इसके बाद तिरंगे से मानव श्रृंखला बनाई गई रैली निकाली गई।

### कलेक्टर ने की जनसुनवाई

**दौसा, (निसं)।** जिले की पंचायत समिति सिकराय के वीसी रूम में शुक्रवार को जिला कलक्टर कमर चौधरी की अध्यक्षता में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। उपखण्ड अधिकारी सिकराय जनक सिंह ने बताया कि महीने के प्रत्येक गुरुवार को जनसुनवाई का कार्यक्रम किया जाता है। सिकराय पंचायत समिति केबीसी रूम में शुक्रवार को जनसुनवाई दौरान जिला कलेक्टर कमर चौधरी की मौजूदगी में पांच प्रकरण आए जिसमें से एक का मौके पर ही निस्तारण किया गया, वहीं अन्य 4 प्रकरणों को विभागों में भेजा गया।

### महोत्सव के तहत तिरंगा यात्रा निकाली

**फागी, (निसं)।** दूदू विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक प्रेम चंद बैरवा, भाजपा जयपुर देहात के अध्यक्ष रामानंद गुर्जर की अगुवाई में आजादी के 75 वें अमृत महोत्सव के तहत हायर सेकेंडरी स्कूल से मुख्य मार्गों से होते हुए चारभुजा मंदिर तक तिरंगा यात्रा निकाली गयी। राजाबाबू गोधा ने बताया कि उक्त यात्रा में घर घर तिरंगा लगाने के लिए विभिन्न प्रकार से लोगों को जागरूक किया जा रहा है, इसके तहत भाजपा मंडल फागी की तरफ से घर-घर तिरंगा निकालने की अपील करते हुए देशभक्ति के नारों से जयकारों के साथ भारत माता की जय बोलते हुए यात्रा निकाली गई जिससे पूरा फागी कस्बा गुंजायमान हो गया।

# नगर पालिका ने खाटूश्यामजी के बाजार से अस्थाई अतिक्रमण हटाया

**खाटूश्यामजी, (निसं)।** कस्बे में बाबा श्याम के प्रवेश द्वार पर मची भगदड़ से 3 श्रद्धालुओं की मौत के बाद प्रशासनिक अधिकारी सतर्क नजर आ रहे हैं।

उच्च अधिकारियों के निर्देश पर अधिशासी अधिकारी विशाल यादव ने थानाधिकारी सुभाष चंद्र की टीम का

- **हांलाकि व्यापारियों ने विरोध भी किया लेकिन समझाइस के बाद मान गये**

जाब्ता लेकर रींगस रोड, तोरण द्वार, एसबीआई बैंक रोड, मंडा रोड अस्पताल चौराहा, राजू की चैन, श्याम दर्शन मार्ग, कबूतर चौक श्याम मंदिर परिसर, श्याम कुंड रास्ता, मुख्य प्रवेश दर्शन मार्ग, 75 फुट जिकजैक के दोनों तरफ अस्थाई प्रसाद की दुकाने लगाने वालों का अतिक्रमण हटाया गया। इसके साथ ही भविष्य में अतिक्रमण नहीं करने की भी हिदायत दी गई।



खाटूश्यामजी में अस्थाई प्रसाद की दुकान लगाने वालों का अतिक्रमण हटाया गया।

हालांकि अस्थाई अतिक्रमण हटाने का अस्पताल चौराहे पर व्यापारियों ने धरना देकर विरोध जताया व नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी भी की। थानाधिकारी सुभाष चंद्र ने व्यापारियों से सहयोग की अपील की नहीं मानने पर सख्त कार्रवाई के लिए भी कहा। थानाधिकारी ने समझाइस के बाद व्यापारी मान गए। जैसे ही अतिक्रमण की कार्रवाई शुरू हुई कस्बे में छोटे दुकानदारों में हड़कंप मच गया। अधिशासी अधिकारी ने कहा कि श्याम श्रद्धालुओं को सुगमता से दर्शन हो इसको लेकर व्यवस्थाएं नगर पालिका प्रशासन द्वारा की जा रही है। नगर पालिका ने वेंडिंग और नोनवेंडिंग जोन घोषित कर दिया है इसके साथ ही दुकान परिसर के बाहर सामान लगाकर अतिक्रमण करेंगे तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## आजादी का अमृत महोत्सव आयोजित

**गोविंदगढ़ /अलवर, (निसं)।** कस्बे के हाई स्कूल में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत शुक्रवार को गोविन्दगढ़ ब्लॉक स्तर पर सुबह 10:15 बजे से एक साथ 6 देशभक्ति गीतों का सामूहिक गायन हुआ। कार्यक्रम को राष्ट्र भक्ति के उत्सव के तौर पर मनाया गया।

गोविंदगढ़ नगर पालिका क्षेत्र के सरकारी व निजी स्कूलों के विद्यार्थियों, एनसीसी कैडेट्स ने राउमावि गोविंदगढ़ में 6 देशभक्ति गीतों का गायन किया। ब्लॉक स्तर पर हुए कार्यक्रम में करीब 1505 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस दौरान मुख्य अतिथि उपखंड अधिकारी रेखा मीना ने कहा कि युवा पीढ़ी में देश भक्ति का भाव संचार करने के लिए तथा आजादी की महत्ता को समझाने के लिए शिक्षा विभाग की ओर से यह अनूठी पहल की गई है। गायन की शुरूआत राष्ट्रगीत वंदे मातरम से हुई और समापन बच्चों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाकर किया गया।

कार्यक्रम में उपखंड अधिकारी रेखा मीणा, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी विश्वजीत सिंह, एसीबीईओ अकबर खान, कार्यक्रम प्रभारी घनश्याम गुप्ता, नगर पालिका चेयरमैन उर्मिला अजय मेठी सहित शिक्षा विभाग के कार्मिक मौजूद थे।

# निबंध प्रतियोगिता आयोजित

**पावटा, (निसं)।** एसएचएम कॉलेज पावटा में अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर राजनीति में युवाओं की भूमिका पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिताओं में युवाओं ने बढ-चढकर के भाग लिया। जिसमें किस्मत यादव प्रथम व सोनू यादव द्वितीय स्थान पर रही। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कनकलता त्यागी ने राजनीति विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि युवा ही राजनीति का आधार है।

इस अवसर पर बृजमोहन कुमावत, मुकेश सैनी, भागीरथ जाट, एल सी सैनी, राजकुमार सैनी, अशोक सांखला, शेलेन्द्र सिंह, गोकुल कुमावत, पायल शेखावत, अमित शर्मा, देशराज जाट आदि उपस्थित रहे।


पंजाब नैशनल बैंक (भारत सरकार का उपक्रम) pnb punjab national bank (Govt. of India Undertaking)

अंचल कार्यालय, चतुर्थ तल, 2-नेहरू प्लेस, टोंक रोड, जयपुर-302015

**निविदा आमंत्रण सूचना**

पंजाब नेशनल बैंक, प्रतिष्ठित कंसल्टेंट, आर्किटेक्ट, एकल स्वामित्व/ साझेदारी फर्म आदि से जो कि निविदा दस्तावेजों में निर्धारित पात्रता मापदंडों को पूरा करते हो, मालवीय नगर में स्थित अपने 52 आवासीय फ्लेट्स की मरम्मत, नवीनीकरण, फर्निशिंग, सिविल, सेनेटरी, प्लंबिंग, इलेक्ट्रिकल और संबद्ध कार्यो के लिए आर्किट्रेक्चर कंसल्टेंसी सेवायें प्रदान करने हेतु मुहर बंद निविदा आमंत्रित करता है। अर्नेस्ट मनी डिपोजिट (ईएमडी) 5000/- है। कार्य की अनुमानित लागत रु 180 लाख है। बिड जमा करने की अंतिम तिथि 29.08.2022 प्रातः 11.00 बजे तक है। विस्तृत विवरण के लिए कृपया हमारी वेबसाईट http://pnbindia.in पर जाएँ। उपरोक्त कार्य के सम्बन्ध में कोई भी शुद्धिपत्र स्पष्टीकरण केवल हमारी वेब साईट http://pnbindia.in पर जारी किया जाएगा, जिसे नियमित रूप से देखा जा सकता है।

उप अंचल प्रबंधक



प्रारूप-10
(नियम 6 (7) देखिए)

**प्राधिकृत अधिकारी कार्यालय, नगरपालिका मण्डल, सांभर लेक**

क्रमांकः नपासा./श्रीमा/2022/1395 दिनांकः- 12.8.22

**लोकसूचना**

श्री मनोजसैनी पुत्र श्री बद्री प्रसाद सैनी जाति माली निवासी मालियों की ढाणी ईरोलाव तहसील फुलेरा जिला जयपुर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर कृषिक प्रयोजनों के लिये भू उपयोग परिवर्तन हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया हैं, अर्थात :-

| क्रसं. | जिले का नाम | ग्राम का नाम | खसरा नम्बर | रकबा | चाह गया उपयोग |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जयपुर | लाल पुरा | 3178/2661 | कुल किता 1 कुल रकबा 1.7451 हेक्टेयर | 17450.87 वर्गमीटर भूमि को आवासीय में रूपान्तरण हेतु |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोगार्थ (आवासीय भू-रूपान्तरण) हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप हैं, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्तक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियम समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 12.8.22 को जारी की गई।

प्राधिकृत अधिकारी, नगर पालिका मण्डल सांभर लेक


## बनेठा में पांच किसानों ने अनशन शुरू किया

**चौरु/उनियारा, (निसं)।** बनेठा कस्बे में ग्राम सेवा सहकारी समिति के बाहर अतिक्रमण कर किए पक्के निर्माण के विरोध में किसानों द्वारा छात्र किसान महापंचायत प्रदेशाध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद चौधरी के नेतृत्व में अनिश्चितकालीन धरना शुक्रवार से अनशन में तब्दील हो गया है।

अनशन स्थल पर शुक्रवार सुबह दस बजे से पांच किसानों ने अनशन शुरू कर दिया है। बरसात के चलते दिनभर ग्रामीण ग्राम सेवा सहकारी समिति बरामदे में अनशन पर बैठे रहे। धीरे धीरे किसानों के आंदोलन को जनता का समर्थन भी मिलना शुरू हो गया है। शुक्रवार को अनशन स्थल पर व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष लोकेश जैन, ललित जैन, दीपक जैन, प्रदीप शर्मा सहित वार्ड पंच रामनरेश मीणा, रूकसाना बानो, बाबूलाल जागा, अनीता सैन,उपसरपंच रामनिवास केवट सहित कई ग्रामीण समर्थन करने पहुंचे तथा शनिवार को किसान महापंचायत द्वारा बनेठा बंद के आव्हान का समर्थन किया। आंदोलन के दौरान शनिवार को बनेठा के बाजार बंद रहेंगे। किसान महापंचायत युवा प्रदेशाध्यक्ष रामेश्वर चौधरी ने बताया कि ग्राम सेवा सहकारी समिति के बाहर स्थित गाडियां लुहार परिवार द्वारा पक्का निर्माण कर किए गए अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर चार अगस्त से जीएसएस परिसर में धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया गया था। इसके बाद आठ अगस्त तक प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही नहीं करने पर किसानों एवं ग्रामीणों द्वारा श्री कल्याण महाराज के मंदिर तक प्रशासन को सद्बुद्धि देने के लिए पैदल मार्च निकाला गया और रक्षाबंधन के पश्चात अनशन शुरू करने की चेतावनी दी गई थी। धरना प्रदर्शन शुरू होने के आठ दिन बाद भी कोई कार्रवाई नहीं करने पर शुक्रवार को किसान महापंचायत युवा प्रदेशाध्यक्ष रामेश्वर चौधरी, वार्ड पंच मोहन लाल माली, माधो लाल कीर, कमलेश सैनी,जमना लाल माली अनशन पर बैठे।

# हजारों छात्रों ने तिरंगा रैली निकाली

**राजगढ़, (निसं)।** राजगढ़ कस्बे के प्रताप स्टेडियम में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत उपखंड प्रशासन एवं विद्यालय परिवार के साथ तिरंगा रैली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। देशभक्ति से ओतप्रोत वातावरण में समूचा पांडाल वंदे मातरम एवं भारत माता की जय से गूंज उठा।

इस अवसर पर हजारों विद्यार्थियों ने अधिकारियों एवं विभागीय प्रतिनिधियों के साथ प्रताप स्टेडियम से तिरंगा रैली प्रमुख बाजारों से निकाली। स्वतंत्रता दिवस की 75 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में कस्बे के प्रताप स्टेडियम पर ब्लॉक स्तरीय गीत गायन कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम मे राजकीय एवं निजी विधालयो के हजारों विद्यार्थियों ने एक स्वर में देशभक्ति गीत गायन किया। इसके बाद प्रताप स्टेडियम से तिरंगा रैली को तहसील जुगिता मीना, डीएसपी अंजली जौरवाल ने झण्डी दिखाकर रवाना किया।



राजगढ़ में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत तिरंगा रैली निकाली।


प्रारूप-5
(नियम 6 (2) देखिए)

**कार्यालय नगरपालिका, श्रीमोधोपुर (सीकर) राज.**

क्रमांकः नपा.श्रीमा/2022-23/2845-46 दिनांक :- 10-8-22

**आपत्ति आमंत्रण सूचना**

आवेदक प्रथम मंजिल (A) श्री बजरंग पंसारी पुत्र स्व. श्री रामेश्वर लाल पंसारी व आवेदक ग्राउण्ड फ्लोर (B) श्री रामबाबू पंसारी पुत्र स्व. श्री रामेश्वरलाल पंसारी, जाति महाजन, वार्ड . 23, कस्बा श्रीमाधोपुर, जिला-सीकर (राज.) का ने नीचे वर्णित भूमि में अपने अधिकार आवासीय प्रयोजनार्थ के लिए ऐसी भूमि के उपयोग के लिए पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिए नगरपालिका के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये हैं।

| जिले सहित नगर का नाम | वार्ड/कॉलोनी/ गली का नाम | पड़ौस द्वारा सीमाबद्ध भू-खण्ड सं. | उत्तर दिशा दर्शित करते हुए लम्बाई और चौड़ाई सहित क्षेत्र (मीटर में) |
|---|---|---|---|
| नगर पालिका श्री माधोपुर (सीकर) | वर्तमान वार्ड न. 23 अवस्थित भूखण्ड | चर्तु सीमाएँ पूरब में अन्य के प्लाट व आगे मैन रौड (रेल्वे स्टेशन रोड), पश्चिम में आवास श्री रामबाबू पंसारी का, उत्तर में 4-6 की शामिलाती गली व आगे हवेली आवेदक वगैरह की एवं शामिलाती चौक एवं दक्षिण में आवास श्री श्याम सुन्दर पंसारी का होकर स्थित है | भूखण्ड आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु जिसकी नाप ग्राउण्ड फ्लोर पूरब-पश्चिम 36-3 एवं उत्तर-दक्षिण 13-7 होकर कुल रकबा 45.74 वर्गमीटरहै व फर्स्ट फ्लोर उपरोक्त नाप के अनुसार 45.74 वर्गमीटर है। |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 की धारा 69-क के अधीन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए नगरपालिका के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि में के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजूरी के सम्बन्ध में कोई आक्षेप है तो वह नोटिस के प्रकाशन के सात दिन के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्तक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियम समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नहीं है और मामले का तदनुसार निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 10.8.22 को जारी की गई।

अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका, श्रीमाधोपुर

प्रारूप-5
(नियम 6 (2) देखिए)

**कार्यालय नगरपालिका, श्रीमोधोपुर (सीकर) राज.**

क्रमांक : नपा.श्रीमा/2022-23/2839-40 दिनांक :- 10-8-22

**आपत्ति आमंत्रण सूचना**

श्री महेन्द्र कुमार पुत्र श्री रामपाल, निवासी - वार्ड न. 28, हरिजन मौहल्ला, कस्बा श्रीमाधोपुर, जिला-सीकर (राज.) का ने नीचे वर्णित भूमि में अपने अधिकार आवासीय प्रयोजनार्थ के लिए ऐसी भूमि के उपयोग के लिए पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिए नगरपालिका के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये हैं।

| जिले सहित नगर का नाम | वार्ड/कॉलोनी/ गली का नाम | पड़ौस द्वारा सीमाबद्ध भू-खण्ड सं. | उत्तर दिशा दर्शित करते हुए लम्बाई और चौड़ाई सहित क्षेत्र (मीटर में) |
|---|---|---|---|
| नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) | वर्तमान वार्ड न. 28 अवस्थित भूखण्ड | चर्तु सीमाएँ पूरब में अम्बेडकर भवन परिसर, पश्चिम में श्री गिरधारी लाल जमादार का प्लाट, उत्तर में श्री चाँदमल बिंवाल का आवास, एवं दक्षिण में आम रास्ता होकर स्थित है। | भूखण्ड आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु जिसकी नाप पूरब-पश्चिम उत्तरी भूजा 20-30 + 1-10 दक्षिणी भुजा 24'-3", उत्तर-दक्षिण पूर्वी भुजा 8'-0"+ 9'-6"+ 13'-8" एवं पश्चिमी भुजा 31'-3" होकर कुल रकबा 61.81 वर्गमीटर है। |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 की धारा 69-क के अधीन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए नगरपालिका के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि में के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजूरी के सम्बन्ध में कोई आक्षेप है तो वह नोटिस के प्रकाशन के सात दिन के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्तक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियम समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नहीं है और मामले का तदनुसार निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 10.8.22 को जारी की गई।

अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका, श्रीमाधोपुर

प्रारूप-5
(नियम 6 (2) देखिए)

**कार्यालय नगरपालिका, श्रीमोधोपुर (सीकर) राज.**

क्रमांक : नपा.श्रीमा/2022-23/2842-43 दिनांक :- 10-8-22

**आपत्ति आमंत्रण सूचना**

श्री गिरधर कसेरा पुत्र श्री नन्द किशोर कसेरा, निवासी-वार्ड नं. 20, मौहल्ला कसेरान, कस्बा श्रीमाधोपुर जिला सीकर (राज.) का ने नीचे वर्णित भूमि में अपने अधिकार आवासीय प्रयोजनार्थ के लिए ऐसी भूमि के उपयोग के लिए पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिए नगरपालिका के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये हैं।

| जिले सहित नगर का नाम | वार्ड/कॉलोनी/ गली का नाम | पड़ौस द्वारा सीमाबद्ध भू-खण्ड सं. | उत्तर दिशा दर्शित करते हुए लम्बाई और चौड़ाई सहित क्षेत्र (मीटर में) |
|---|---|---|---|
| नगर पालिका श्री माधोपुर (सीकर) | वर्तमान वार्ड नं. 20 अवस्थित भूखण्ड | चर्तु सीमाऐ पूरब में बाड़ा, श्री राधेश्याम, श्री मोहन लाल बोहरा वगैरह का, पश्चिम में आम रास्ता उत्तर में आवास श्री मनोज कुमार गोयल का एवं दक्षिण में आवास श्री विष्णु एवं मधु धीया का होकर स्थित है। | भूखण्ड आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु जिसकी नाप पूरब-पश्चिम 61'-5", उत्तर-दक्षिणी 17'-4" होकर कुल रकबा 98.90 वर्गमीटर हैं। |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 की धारा 69-क के अधीन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए नगरपालिका के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि में के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजूरी के सम्बन्ध में कोई आक्षेप है तो वह नोटिस के प्रकाशन के सात दिन के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्तक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियम समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नहीं है और मामले का तदनुसार निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 10.8.22 को जारी की गई।

अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका, श्रीमाधोपुर


# अलवर जिले के 9 लाख बच्चों ने गाए देशभक्ति गीत

**अलवर, (निसं)।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत प्रदेश भर में 1 करोड़ बच्चों ने देशभक्ति गीत गाकर रिकॉर्ड बनाया। अलवर जिले से लगभग 9 लाख बच्चों ने सामूहिक गान किया। अलवर के इंदिरा गांधी स्टेडियम में 3 हजार से अधिक बच्चों ने गान में भाग लिया। हर ब्लॉक स्तर पर प्रोग्राम हुए, हर स्कूल में बच्चों ने 5 गीतों पर सामूहिक गायन में भाग लिया।

जिला शिक्षा के अधिकारी के अनुसार अलवर जिले में 5 हजार 86 स्कूलों में सामूहिक गायन एक साथ एक समय पर हुआ। 2 हजार 843 सरकारी स्कूल और 2 हजार 243 प्राइवेट स्कूलों में प्रोग्राम हुए। प्राइवेट स्कूलों में करीब 5 लाख 40 हजार स्टूडेंट्स हैं। सरकारी स्कूलों में 4 लाख 22 हजार स्टूडेंट्स हैं। इनमें से कुछ अवकाश पर हो सकते हैं, मोटे तौर पर करीब 9 लाख स्टूडेंट्स ने सामूहिक गान में भाग लिया। अलवर कलेक्टर डॉ जितेंद्र कुमार सोनी ने कार्यक्रम की तारीफ की है। स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम के बाद कलेक्टर सोनी ने कहा कि एक साथ बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स ने सामूहिक गायन में भाग लिया। इस तरह के कार्यक्रम में युवा पीढी में देश भक्ति का जज्बा पैदा होता है। जिला स्तर की तरह ब्लॉक स्तर पर पर बडे स्तर पर कार्यक्रम हुआ है।

## देश भक्ति गायनों की प्रस्ततियां दी

**निवाई, (निसं)।** रा.उच्च मा. विद्यालय में शुक्रवार को माध्यमिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में ब्लॉक स्तरीय आजादी की 75 वीं वर्षगांठ पर अमृत महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि कांग्रेस शहर अध्यक्ष महावीरप्रसाद, बनवारीलाल यादव, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मीना बंसन, अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रमेशचंद विजय एवं प्रधानाचार्य देवेंद्र पाल चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रधानाचार्य देवेंद्रपाल चौधरी ने बताया कि अमृत महोत्सव कार्यक्रम को लेकर विद्यार्थियों ने देश भक्ति नाटक का मंचन, सामूहिक देशभक्ति गीत गायन, वंदे मातरम, सारे जहां से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा, आओ बच्चों तुम्हें दिखाएं झांकी हिंदुस्तान की, झंडा ऊंचा रहे हमारा, हम होंगे कामयाब एक दिन सहित कई देश भक्ति गीतों की प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता सत्यनारायण मंगल ने किया गया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का समापन राष्ट्र गान के साथ किया गया। इस अवसर पर त्रिलोकचंद जैन, पूर्णिमा बोहरा, सरिता भटट, रामधन गुर्जर, सूरजमल जाट सहित कई शिक्षक व जनप्रतिनिधियों सहित हजारों छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# एक साथ राष्ट्रभक्ति गीतों का गायन कार्यक्रम

**दौसा, (निसं)।** आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत शुक्रवार को प्रातः 10.15 बजे श्री रामकरण जोशी राजकीय सीनियर विद्यालय के प्रागंण में जिला मुख्यालय की सभी सरकारी व निजी विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 9 से 12 तक छात्र -छात्राओं द्वारा देश भक्ति के गीतों का गायन किया गया। यह कार्यक्रम जिला एवं ब्लॉक तथा स्कूल स्तर पर आयोजित किया गया।

आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को जिले के सभी सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों में सभी विद्यार्थी एक साथ राष्ट्रभक्ति गीतों का गायन किया गया। विद्यार्थियों में देश प्रेम की भावना जाग्रत करने के उद्देश्य से आजादी के अमृत महोत्सव के तहत जिले के समस्त राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालयों में सुबह 10.15 बजे एक ही समय एक साथ देश भक्ति गीतों का सामूहिक गायन किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य सभा सांसद डॉ किरोडी लाल मीना, नगर परिषद सभापति ममता चौधरी, जिला कलेक्टर कमर चौधरी, उपवन संरक्षक वी केतन कुमार, प्रधान दौसा प्रहलाद रोहडा, सीईओ शिवचरण मीना, एडीएम आर के मीना, एसडीएम संजय गोरा, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी ओम प्रकाश शर्मा सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

जिला मुख्यालय पर निजी व राजकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करना, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी दौसा द्वारा 9 हजार छात्र छात्राओं, अध्यापकों, अतिथियों एवं गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। स्थल की व्यवस्था सुचारू रूप से संचालन करवाने हेतु शारीरिक शिक्षक व अन्य कार्मिकों व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की नियुक्ति करने के साथ ही समस्त व्यवस्थाओं के प्रभावी प्रबोधन हेतु 15 प्रधानाचार्यो की नियुक्ति की गई। कार्यक्रम के मंच संचालन,दीप प्रज्जलन, उद्बोधन, गायन इत्यादि व्यवस्था व गायन दल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के जिला शिक्षा अधिकारी प्रारम्भिक, एडीईओ माध्यमिक दौसा को कार्यक्रम की फोटो व वीडियों, ड्रोन कैमरा, इवेंट मैनेजमेंट के लिये जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा दौसा द्वारा की गई।

## महोत्सव को लेकर लोगों में उत्साह

**सांभरझील, (निसं)।** आजादी का अमृत महोत्सव आयोजन को लेकर क्षेत्र में इन दिनों जश्न सा माहौल है। इसी उपलक्ष्य में पहले संस्कृति मंत्रालय ने इनाम जीतो प्रतियोगिता का आयोजन किया। 15 अगस्त तक छुट्टी के दिनों में भी पोस्ट ऑफिस को खोलने के आदेश जारी किये हैं। प्रधानमंत्री की अपील पर हर घर तिरंगे का अभियान पूरे जोर-शोर से चलाया जा रहा है। डाकघर से पूरे दिन तिरंगा के वितरण को लेकर खास इंतजाम भी किए गए हैं। इस आदेशानुसार ग्रामीण डाकघरों में भी अधिकारियों को घर-घर जाकर तिरंगे वितरण करने को कहा है। बताया गया कि इसके पीछे सरकार का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री मोदी की अपील को सफल बनाना है। इसी क्रम में वार्ड 23 के पार्षद गौतम सिंघानिया ने संपूर्ण वार्ड में अपनी तरफ से निशुल्क तिरंगा झंडा का वितरण कर लोगों को आजादी के अमृत महोत्सव को जश्न के साथ मनाने का आव्हान किया।

## थाना प्रभारी को विदाई दी

**बौंली, (निसं)।** थाना प्रभारी श्रीकिशन मीणा के बौंली से सवाई माधोपुर स्थानांतरण हो जाने पर क्षेत्र के प्रबुद्धजनों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। विदाई समारोह के दौरान क्षेत्र के लोगों का 16 माह तक मिले सहयोग को याद कर पुलिस अधिकारी भावुक हो गए। विदाई समारोह के दौरान श्री किशन मीणा ने उपस्थित प्रबुद्धजनों से कहा कि आपके सहयोग का मैं आजीवन सम्मान करूंगा एवं मेरे योग्य कभी भी कोई कार्य हो तो उपस्थित रहूंगा। 22 वर्षों में सबसे ज्यादा बौंली थाने का कार्यभार देखने वाले पुलिस अधिकारियों में शुमार श्री किशन मीणा फिजूल अदालती बोझ को कम करने में विशेष भूमिका निभाते थे।


**आल इण्डिया इन्स्टीट्यूट आफ मेडिकल साइन्सिस**
**नई दिल्ली**

नर्सिंग आफीसर रिक्रूटमेन्ट कामन एलीजिबिलिटी टेस्ट (एनओआरसीईटी) 2022
सूचना से 115/2022 दिनांक : 04.08.2022
www.aiimsexams.ac.in

संबंधित संस्थानों में उपलब्ध रिक्तियां के अनुसार ए.आई.आई.एम.एस. नई दिल्ली तथा अन्य ए.आई.आई.एम.एस. के लिये रु. 9300-34000 के साथ ग्रेड पे 4600/- ग्रुप बी की वेतन मेट्रिकस प्री-रिवाइज्ड पे बैंड-2 लेवल 07 के नर्सिंग आफीसर पदों पर भर्ती के लिये नर्सिंग आफीसर रिक्रूटमेन्ट कामन एलीजिबिलिटी टेस्ट (एन.ओ.आर.सी.ई.टी.) 2022 के लिये आन लाइन आवेदत आमंत्रित हैं।
आन लाइन आवेदन ए.आई.आई.एम.एस. की वैब साइट www.aiimsexams.ac.in के द्वारा 04.08.2022 से 21.08.2022 को सांय 05.00 बजे किये जा सकते हैं।

एन.ओ.आर.सी.ई.टी. में उपस्थिति के लिये योग्यता मानदंड

अनिवार्य योग्यतायें

I. क. इण्डियन नर्सिंग काउन्सिल/राज्य नर्सिंग काउन्सिल द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थानों अथवा विश्व विद्यालय से बी.एस.सी. (ओनर्स) नर्सिंग/बी.एस./सी. नर्सिंग
अथवा
इण्डियन नर्सिंग काउन्सिल/राज्य काउन्सिल से मान्यता प्राप्त संस्थान/विश्वविद्यालय बी.एस.सी. (पोस्ट-सार्टीफिकेट)/पोस्ट बैसिक बी.एस.सी. नर्सिंग
ख. राज्य/इण्डियन नर्सिंग काउन्सिल में नर्स अथवा मिड लाइफ के रूप में पंजीकृत

अथवा

II. क. इण्डियन नर्सिंग काउन्सिल/राज्य नर्सिंग काउन्सिल से मान्यता प्राप्त संस्थान बोर्ड अथवा काउन्सिल से जनरल नर्सिंग मिडवाइफरी में डिप्लोमा
ख. राज्य/इण्डियन नर्सिंग काउन्सिल में नर्स एवं मिडवाइफ के रूप में पंजीकृत
ग. भाग ले वाले सभी ए.आई.आई.एम.एस. के लिये लागू उपरोक्त वर्णित शैक्षणिक योग्यता प्राप्त करने के बाद न्यूनतम 50 शय्याओं के अस्पताल में दो वर्ष का अनुभव
टिप्पणी - आवश्यक दो वर्ष या अनुभव जैसे ऊपर वर्णित है, एक अनिवार्य मानंदड है तथा इसके वैध होने के लिये यह अनिवार्य योग्यताये प्राप्त करने के बार अर्जित होना चाहिये अर्थात कोर्स की रेजीडेन्सी अवधि पूरी करने, परिणाम घोषित होने के तथा राज्य/इण्डियन नर्सिंग काउन्सिल से पंजीकरण के बाद।

आयु सीमा :- सभी ए.आई.आई.एम.एस. के लिये : 18-30 वर्ष के बीच (सामान्य शर्तो में दी गयी आयू में छूट के विवरण के अनुसार जो संदर्भित संस्थानों/अस्पतालों के भर्ती नियमों के आयु में छूट के तहत हो)

सभी आयु आवेदन प्रपत्र के भरने की अन्तिम तिथी पर गिनी जायेगी।

आवेदन फीस :-
क. सामान्य/ओ.बी.सी. प्रत्याशी - रू 3000/- (रूपये तीन हजार मात्र)
ख. एस.सी.एफ टी प्रत्याशी/ई डब्ल्यू एस - रू 2400/- (रूपये चौबीस सौ मात्र)
ग. विकलांगता वाले व्यक्ति - पूरी छूट

- प्रत्याशी निर्धारित आवेदन फीस डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/नेटबैंकिंग के द्वारा भरी जा सकती है। ट्रांसएक्शन/प्रोसैसिंग फीस, यदि कोई, लागू के अनुसार, बैंक को प्रत्याशी द्वारा दी जायेगी।
- आवेदन फीस एक बार दे दी गयी तो किसी परिस्थिति में वापस नहीं होगी।
- निर्धारित फीस के बिना आवेदनों पर विक्र नहीं किया जायेगा तथा पूर्णतया निरस्त कर दिये जायेंगे।
- एस.सी./एस.टी. प्रत्याशियों की आवेदन फीस, जो परीक्षा में भाग लेते हैं, परिणामों की घोषणा के बाद, समयानुसार वापस कर दी जायेगी।

आन लाइन (सीबीटी) मोट परीक्षा तिथी : 11 सितम्बर 2022 (रविवार)

आन लाइन आवेदन करने तथा नवीनतम जानकारी के लिये एआईआईएमएस वेबसाइट www.aiimsexams.ac.in पर कृपया जाये।

सीबीसी 17112/12/0019/2223


# ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम में देशभक्ति गीतों ने समा बांधा

**पावटा, (निसं)।** आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत 12 अगस्त को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पावटा के प्रांगण में राजवीर सिंह यादव के मुख्य आतिथ्य व प्रधान पूजा चौधरी पंचायत समिति पावटा की अध्यक्षता एवं नगरपालिका चेयरमैन उर्मिला अग्रवाल व सीबीईओ मुरलीधर यादव के विशिष्ट आतिथ्य में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पावटा, राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय पावटा व निजी स्कूलों में सामूहिक मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम आयोजित हुए।



पावटा में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत सामूहिक मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम आयोजित हुआ।

लगभग 2 हजार विद्यार्थीयों ने स्कूल ड्रेस में ही कार्यक्रम में हिस्सा लिया। जिसमें सुबह 9.30 बजे समस्त विद्यार्थियों ने कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर 10.13 से 10.15 तक मुख्य अतिथि का आगमन, स्वागत एवं दीप प्रज्वलन, 10.15 से 10.40 तक सामूहिक देशभक्ति गीत गायन, 10.42 से 10.47 तक मुख्य अतिथि उद्बोधन के साथ 10.50 पर कार्यक्रम का समापन हुआ। वहीं एसडीएम पावटा राजवीर सिंह यादव ने बताया कि युवा पीढी में देश भक्ति का भाव संचार करने के लिए तथा आजादी की महत्ता को समझाने के लिए शिक्षा विभाग द्वारा यह अनूठी पहल की गई है। इस कार्यक्रम को राष्ट्रभक्ति के उत्सव के तौर पर मनाया गया। वहीं विद्यालय में शिक्षकों द्वारा की गई व्यवस्था, अनुशासन, कर्मठता, जिज्ञासा की सराहनीय बताया। वही शहीदों व क्रांतिकारियों को नमन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही प्रधान पूजा चौधरी पंचायत समिति पावटा ने आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत मिनट टू मिनट कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विद्यालय परिवार का आभार जताया। वही नगरपालिका चेयरमैन उर्मिला अग्रवाल ने कार्यक्रम मे भाग ले रहे छात्र छात्राओं को नकद प्रोत्साहन राशि देकर समानित किया गया। वही महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय प्रागपुरा में विधायक प्रतिनिधि, एसडीएमसी सदस्य व ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष अजय सैनी के मुख्य आतिथ्य व ग्राम सेवा सहकारी समिति प्रागपुरा अध्यक्ष उपेंद्र सिंह शेखावत की अध्यक्षता एवं मदन सैनी, अमित चौहान, रूप सिंह शेखावत के विशिष्ट आतिथ्य में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया गया। जहा कार्यवाहक प्रधानाचार्य रमेश वशिष्ठ द्वारा सभी आगंतुक अतिथियों का माला साफा पहनाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर पावटा पूर्व सरपंच प्रतिनिधि गोपाल अग्रवाल, सामाजिक कार्यकर्ता निर्मल पंसारी, विद्यालय एसडीएमसी सदस्य रामपाल मीणा, एससी जिला महामंत्री बद्री प्रसाद चौहान सहित जनप्रतिनिधि अभिभावक व विद्यालय परिवार मौजूद रहा।

## ब्लॉक स्तरीय जनसुनवाई

**पावटा, (निसं)।** आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में ब्लॉक स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत पंचायत समिति कार्यालय सभागार में पावटा उपखंड अधिकारी राजवीर सिंह यादव ने पावटा प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी पावटा तहसीलदार ओम प्रकाश गुर्जर विकास अधिकारी राकेश वर्मा की उपस्थिति में जनसुनवाई की। आमजन की विभिन्न समस्याओं के निस्तारण के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए।

पावटा उपखंड अधिकारी राजवीर सिंह ने जनसमस्याओं की सुनवाई कर परिवादियों को शीघ्र राहत दिलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं एवं लेगशिप कार्यक्रमों का पात्र वर्गों को लाभ सुनिश्चित किया जाए। साथ ही आवश्यक सेवाओं बिजली, पानी, सडक एवं स्वास्थ्य से संबंधित समस्याओं का त्वरित निस्तारण कर राहत दिलाई जानी चाहिए। वहीं आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में तिरंगे वितरित किये गए व उपस्थित अधिकारियों व कर्म चारियों सहित जनप्रतिनिधियों को बूस्टर डोज लगवाए गए।

## संक्षिप्त

### बाबा रामदेव के पदयात्री रवाना

**टोंक, (निसं)।** श्रीकोली समाज विकास समिति टोंक द्वारा हर वर्ष की भांति बाबा रामदेव की पदयात्रा शुक्रवार को बाबा रामदेव रूणीचा धाम (जैसलमेर) के लिए पदयात्रा संघों व बैंडबाजों के साथ बाबा के जयकारों के साथ श्रीहनुमान मंदिर कोली समाज घण्टाघर से हजारों पदयात्रियों के संघों के साथ बाबा की आरती के साथ पदयात्रियों को माला पहनाकर रवाना किया गया। इससे पूर्व रात्रि में भजन संध्या का आयोजन किया गया। शुक्रवार को ध्वजाओ के साथ सोलंगपुरा, चंदनचौक, बडी गुवाडी, कोली समाज हनुमान मन्दिर समेत करीबन कई स्थानो से पदयात्राएं रवाना हुई। जो बैण्डबाजो के साथ नाचते कूदते घंटाघर चौक पहुंचे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व सभापति लक्ष्मी जैन ने सभी यात्रियों को माला पहनाकर एवं बाबा के जयकारे लगाकर रवाना किया गया।

### सांसद ने नशा मुक्ती की शपथ दिलायी

**टोंक, (निसं)।** टोंक-सवाई माधोपुर सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया ने टोंक में आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में भाग लिया। आजादी के अमृत महोत्सव में भारत को नशा मुक्त बनाने को लेकर केन्द्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्त भारत अभियान के तहत टोंक विधानसभा क्षेत्र के राजकीय माध्यमिक विद्यालय में सांसद जौनापुरिया ने विद्यार्थियों को नशा मुक्त भारत बनाने की शपथ दिलायी और उपस्थित सभी छात्र - छात्राओं को तिरंगा झण्डा वितरित किया गया।

### विद्युत पोल से बाइक टकराई

**मालपुरा, (निसं)।** लाम्बाहरिसिंह थानान्तर्गत कचोलिया के पास गुरूवार की रात्री को अनियंत्रित हुई तेज रफ्तार मोटरसाईकिल विद्युत पोल से टकरा जाने पर बाइक सवार युवक की मौत हो गई। थानाधिकारी भागीरथ सिंह ने बताया कि स्याह गांव निवासी नेमीचन्द बैरवा जो कि मोटरसाईकिल से रूपाहेली जा रहा था इसी दौरान कचोलिया गांव के पास सडक किनारे विधुत पोल से मोटरसाईकिल की भिड़त हो गई। शुक्रवार की सवेरे परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम करा शव परिजनो को सौंपा गया।

### देवधाम के लिए पदयात्रा रवाना

**निवाई, (निसं)।** देव नवयुवक मंडल के तत्वावधान में गांव डांगरथल से जोधपुरिया के लिए शुक्रवार को देवनारायण पदयात्रा रवाना हुई। मंडल के महामंत्री राजू जोशी ने बताया कि गोपीनाथ मंदिर डांगरथल पर पदयात्रियों ने ध्वज की पूजा अर्चना की। इसके बाद पदयात्रा देवनारायण मंदिर जोधपुरिया के लिए रवाना हुई। ट्रैक्टर में भगवान देवनारायण की आकर्षक झांकी सजाई गई।

### कल्याण धणी की पदयात्रा 16 को

**बोराज, (निसं)।** कस्बे से डिग्गी कल्याण धणी की 21वीं पैदल यात्रा दामोदर सोनी के नेतृत्व में श्री सीताराम जी के मंदिर से 16 अगस्त को ध्वज पूजन के बाद रवाना होगी। पदयात्रा संघ के रामजी लाल कुमावत ने बताया कि पदयात्रा 16 अगस्त को झाग ,17 को चोरु शिव मंदिर व 18 अगस्त को चावंडिया में रात्रि विश्राम के बाद 19 अगस्त को कल्याण धणी डिग्गी धाम के मंदिर पहुंचेगी ।

# स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान से हासिल हुई है आजादी: शाले मोहम्मद

**टोंक, (निसं)।** राज्य के अल्पसंख्यक मामलात एवं जिला प्रभारी मंत्री शाले मोहम्मद की उपस्थिति में शुक्रवार को जिला मुख्यालय के पुलिस परेड ग्राउण्ड में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिले के सरकारी एवं निजी विद्यालयों के विद्यार्थियों ने एक साथ देशभक्ति गीतों का सामूहिक गायन कर राज्य स्तरीय विश्व रिकार्ड का हिस्सा बने। जिला, ब्लॉक तथा विद्यालय स्तर पर आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों ने वन्देमातरम, झण्डा ऊंचा रहे हमारा,

■ जिला स्तरीय कार्यक्रम में विद्यार्थी विश्व रिकार्ड का हिस्सा बने

सारे जहां से अच्छा, आओ बच्चों तुम्हें दिखाए झांकी हिंदुस्तान की, हम होंगे कामयाब एवं राष्ट्रगान जन गण मन का गायन किया।

इस अवसर पर जिला प्रभारी मंत्री शाले मोहम्मद ने कहा कि देश की आजादी के लिए अनेक स्वतंत्रता सेनानियों ने अपने प्राणों का बलिदान दिया। इन कुर्बानियों एवं सघंर्षो की बदौलत ही आज हम सभी खुली हवा में सांस ले पा रहे हैं। इस अवसर पर टोंक-सवाईमाधोपुर सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया, जिला प्रमुख सरोज बंसल, जिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष लक्ष्मण चौधरी, हंस राज गाता, अनुराग गौतम, सहसयोजक सुनिल बंसल, विकास विजय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधी एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहें।



जिला प्रभारी मंत्री शाले मोहम्मद की उपस्थिति में जिला मुख्यालय के पुलिस परेड ग्राउण्ड में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित हुआ।

इसदौरान प्रभारी मंत्री ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित लम्पी स्किन डिजीज की रोकथाम एवं राज्य सरकार की फ्लैगशीप स्किम को लेकर जिला अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल, पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाटी, एडीम परषुराम धानका, एसडीएम गिरधर एवं पशुपालन विभाग के उपनिदेशक अशोक कुमार पाडें सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। मंत्री शाले मोहम्मद ने कहा कि गौंवश्स में फैली लम्पी स्कीन डिजीज महामारी के उपचार एवं रोकथाम के लिए जिला प्रशासन एवं पशु पालन विभाग सतर्क रहें। महामारी को रोकने के लिए हर स्तर पर उचित प्रबंध किये जाये। उन्होंने पशुपालन विभाग के चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिये की सर्वे कार्य में पूरी गम्भीरता बरती जाये, ताकि इस बीमारी को नियत्रिंत किया जा सके।

### गौशालाओं में दवाई छिड़काव जारी

**कोटपूतली ।** विगत कुछ दिनों से गौवंश में लम्पी बीमारी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। जिससे गौवंश को बचाने के लिए समाजसेवी रतनलाल शर्मा द्वारा गौशालाओं में दवाई का छिडकाव किया जा रहा है। शुक्रवार को निकटवर्ती ग्राम खेडा निहालपुरा स्थित श्री राधा किशन गौशाला में दवाई का छिडकाव करवाया गया। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता शंकर लाल कसाना ने गौशाला में पहुँचकर गौ सेवा की। कसाना ने समाजसेवी शर्मा का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि शर्मा ने टीम के साथ मिलकर जो संकल्प लिया है उससे सभी गौ भक्तों को मिलकर पूरा करना चाहिये। हमारा पहला धर्म गौमाता की रक्षा करना है। इस दौरान डॉ. हरीश गुर्जर, कम्पाउंडर ओमप्रकाश यादव, विजय प्रकाश शेखावत, गौशाला अध्यक्ष लालचंद पटेल, सचिव धोलाराम, महावीर पटेल, रामसिंह, रामदयाल समेत अन्य मौजूद रहे।

### सरपंच के जन्मदिवस पर रक्तदान

**फुलेरा, (निसं)।** रेनवाल मांजी ग्राम पंचायत के पंचायत परिसर में सरपंच संजय बुनकर के जन्म दिवस पर रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। उपरोक्त जानकारी देते हुए समाजसेवी मुकेश कुमार प्रजापति ने बताया कि शिविर के दौरान जयपुर के मानव सेवा ब्लड सेंटर के डॉक्टर की टीम द्वारा 189 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस अवसर पर युवाओं बुजुर्गों सहित महिलाओं ने उत्साह के साथ बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

### राखी स्नेह मिलन समारोह

**कोटपूतली।** स्थानीय प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा जेल परिसर में शुक्रवार को राखी स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। केन्द्र प्रभारी बीके लक्ष्मी बहन ने कहा कि आत्मा के पूर्व जन्म के बुरे कर्म की वजह से ही जेल जैसी सजा भुगतनी पडती है। इसलिए हर मनुष्य आत्माओं को हमेशा श्रेष्ठ कर्म ही करने चाहिए और श्रेष्ठ कर्म परमात्मा की याद से ही संभव है। जेल प्रभारी भगवान सहाय ने कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा जन जन के हृदय परिवर्तन का कार्य किया जा रहा है जो कि बहुत ही सराहनीय कार्य है। बीके लक्ष्मी बहन ने सभी कैदियों को राखी बांधकर मिठाई खिलाकर मुंह मीठा करवाया। वहीं संस्था द्वारा एसडीएम ऋषभ मंडल, एसबीआई बैंक मैनेजर शिल्पा शर्मा, बैंक ऑफ इंडिया के मैनेजर खेतसिंह, बैंक ऑफ बड़ौदा के मैनेजर, नगर परिषद आयुक्त फतेह सिंह मीणा को भी तिलक लगाकर राखी बांधी गई।

### अंतिम तिथि आज

**चाकसू, (निसं)।** राजकीय महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. मंजू गुप्ता ने बताया कि कस्बा स्थित राजकीय महाविद्यालय एवं राजकीय कन्या महाविद्यालय में बीए प्रथम में अभ्यर्थियों द्वारा ई मित्र पर शुल्क जमा कराने की अंतिम तिथि शनिवार है प्रवेशित विद्यार्थियों की प्रथम सूची का प्रकाशन 16 अगस्त मंगलवार को किया जाएगा।

# आजादी अमृत महोत्सवः हर घर तिरंगा अभियान शुरू

**चाकसू, (निसं)।** शुक्रवार को कस्बे के टोंक रोड स्थित गणगोरी मैदान में शिक्षा विभाग एवं पालिका प्रशासन द्वारा आजादी के 75 वर्ष के उपलक्ष में आजादी अमृत महोत्सव के तहत 4 दिवसीय ब्लॉक स्तरीय समारोह का शुभारम्भ मुख्य अतिथि विधायक वेद प्रकाश सोलंकी, विशिष्ट अतिथि पालिका अध्यक्ष कमलेश बैरवा एवं सीबीईओ हनुमान मीणा ने भारत माता के जयकारों के साथ पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्वलन कर किया।

■ आजादी के बाद से देश कभी चुनौतियों के आगे झुका नहीं: विधायक सोलंकी

छात्र-छात्राएं देशभक्ति के गगनभेदी नारे लगाते हुए तिरंगा रैली निकालते हुए कार्यक्रम स्थल तक पहुंचे इस दौरान स्कूली बच्चों एवं कलाकारों ने कई देशभक्ति गानों सहित विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुति दी।

विधायक सोलंकी ने तिरंगा फहराने की अपील करते हुए तिरंगा ध्वज वितरण किया। आज ही के दिन विधायक का जन्मदिन होने से पर केक काटकर बधाई दी। इसे लेकर उपखंड क्षेत्र के कई स्थानों पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गए।



आजादी अमृत महोत्सव कार्यक्रम स्थल पर बालिकाओं ने केक काटकर विधायक को बधाई दी।

विभिन्न समाजों, संगठनों, जनप्रतिनिधियों सहित कई लोगों ने माला बुके दुपट्टा इत्यादि भेंट कर स्वागत सम्मान करते हुए कई स्थानों पर ब्लड कैंप का भी आयोजन किया गया। विधायक सोलंकी ने भारत माता की जय कारे लगाते हुए तिरंगा यात्रा भी निकाली। छात्र छात्राओं के साथ नारे लगाते हुए कहा कि हम सब एक हैं ऐसा ऐतिहासिक प्रोग्राम अब तक किसी भी ब्लॉक में नहीं हुआ है इसके लिए मैं ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सहित अन्य व्यवस्थापकों का बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहता हूं।

आजादी की 75 वीं वर्षगांठ के अंतर्गत हम चाकसू में ऐतिहासिक कार्यक्रमों की श्रंखला शुरू करने जा रहे हैं। आजादी के बाद से देश हमारा रुका नहीं ऊंचाइयों की सीमा को लाघता हुआ चुनौतियों के आगे झुका नहीं हमें इस पर गर्व है हमारे राष्ट्र का प्रतीक हमारा तिरंगा झंडा है। कार्यक्रम में चाकसू पालिका के पूर्व अध्यक्ष लल्लू लाल कुमावत, राजेंद्र गुर्जर, हसीलदार अजीत बुंदेला, बालिका विद्यालय प्राचार्य हेमलता सत्तावन, अस्पताल प्रभारी डॉ. ऋतुराज मीणा सहित, समाजसेवी शिवप्रताप हरषाणा जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, शिक्षक सहित उपखंड क्षेत्र के हजारों लोग मौजूद रहे।

# कोटपूतली के व्यापारियों में कार्यवाही का खौफ

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे में नगर परिषद् द्वारा मास्टर प्लान 2031 के अन्तर्गत निर्माण हटाने का कार्य किया जा रहा है। अभी तक 68 संरचनायें परिषद् द्वारा हटाई जा चुकि हैं। प्रशासन की कार्यवाही का खौफ व्यापारियों में इस कदर देखा जा रहा है कि भयभीत व्यापारी स्वयं के स्तर पर ही निर्माण हटाने लगे हैं।

वहीं दूसरी ओर रामभवन के पास स्थित विभिन्न दुकानों, प्लाजा समेत शनि मंदिर के पास स्थित दुकानों व मुख्य चौराहे से अग्रसेन तिराहे तक आ रही सड़क पर व्यापारियों द्वारा निर्माण हटाने का कार्य लगातार जारी है। निर्माण हटाने के दौरान किसी भी प्रकार का हादसा ना हो, इसके लिए मुख्य मार्गों पर बैरीकेडिंग भी की गई है। इधर जैसे ही बैरीकेडिंग की गई तो लोगों में एक बार फिर कार्यवाही का भय नजर आया जिसको लेकर लोग देर रात तक बेचैन नजर आए। हालांकि अधिकृत रूप से दूसरा चरण स्वतंत्रता दिवस के बाद प्रस्तावित है। लेकिन व्यापारियों की ओर से स्वयं के स्तर पर ही निर्माण हटा लेने के कार्य के चलते नगर परिषद् को द्वितीय चरण में कोई खासी मशक्कत करने की आवश्यकता नहीं पडेगी। यहां बडी संख्या में दुकानों के खाली होने के कारण व्यापारी अपना सामान अलग-अलग जगहों पर शिफ्ट कर रहे है। इससे दुकानों की मांग बढ़ी है साथ ही प्रोपर्टी व्यवसाय में भी तेजी आई है। शुक्रवार को भी नगर परिषद् द्वारा संसाधन उपलब्ध होने पर कार्यवाही प्रस्तावित थी, लेकिन इसे स्थगित कर दिया गया। सुत्रों के हवाले से खबर है कि शीघ्र ही परिषद् से नीलामी में खरीदी गई भूमि पर बनी संरचनाओं को हटाने के लिए नोटिस जारी किये जायेगें। बहरहाल स्थानीय नगर परिषद् प्रशासन द्वारा कि गई उक्त कार्यवाही के बाद भले ही शहर में प्रोपर्टी व्यवसाय में तेजी आई है किंतु प्रभावित लोग अब प्रोपर्टी खरीदने में भी हिचक रहे हैं।

# देश को आजादी शहीदों की शहादत के उपरान्त मिली है: रक्षा मिश्र

**लालसोट/ रामगढ़ पचवारा, (निसं)।** उपखंड क्षेत्रों में विभिन्न जगहों पर विगत 4 दिनों से आजादी के अमृत महोत्सव को धूमधाम से मनाया जा रहा है। देश की आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर सम्पूर्ण देश में मनाये जा रहे आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम आज अशोक शर्मा राउमावि लालसोट के प्रांगण में आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रक्षा मिश्रा अध्यक्ष नगरपालिका लालसोट एवं विशिष्ट अतिथि प्रदेश स्वायत शासन संस्था के प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश मिश्र, अध्यक्ष खादी ग्रामोद्योग समिति रहे। मुख्य अतिथि रक्षा मिश्रा ने इस अवसर पर स्वतंत्रता का महत्व बताते हुये बालकों से कहा कि हमें यह आजादी शहीदों के बलिदान एवं संघर्ष के उपरान्त मिली है जो कि अनमोल है। इसलिये तिरंगे और देश की स्वतंत्रता के सम्मान के लिये अपना सर्वस्व अर्पण करने के लिये हमें तैयार रहना चाहिये। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक गोविन्द नारायण माली मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लालसोट, स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य मदन लाल पारीक, तहसीलदार मदनलाल मीना तथा प्रधानाचार्य अंजना त्यागी, उषा शर्मा, चेतना बंशीवाल, विनोद नौनिहाल, पुनीलाल मीना, आत्मानन्द सोनी एवं नगरपालिका के पार्षदगण, नगर के गणमान्य नागरिक व स्थानीय विद्यालय स्टाफ तथा अन्य विद्यालयों के कार्मिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्थानीय विद्यालय के 800 एवं अन्य 22 विद्यालयों के 440 बालक-बालिकाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में सभी उपस्थित लोगों तथा छात्र छात्राओं ने समवेत और मधुर स्वर लहरियों के साथ देशभक्ति गीतों की श्रृंखला प्रस्तुत की। एक साथ मधुर स्वर लहरियों से विद्यालय प्रांगण गुंजायमान हो उठा तथा जो समां बंधा वह देखते ही बन पडता था।



आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम अशोक शर्मा राउमावि लालसोट के प्रांगण में आयोजित किया गया।

इसी तरह रामगढ़ पचवारा उपखंड मुख्यालय के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आजादी का अमृत महोत्सव उपखण्ड स्तरीय कार्यक्रम एसडीएम नीतू करोल की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें राजकीय व नीजि विद्यालयों के सैकडों विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों का सामूहिक गायन किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में तहसीलदार अमितेश मीना, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मुरारी लाल जोगिड़, प्रधान डॉ. कौशल्या मीना, उपप्रधान सूरज कटारा, प्रधानाचार्य रामावतार मीना, सरपंच घनश्याम खटीक वार्ड पंच पिंकी कामदार आत्माराम गुप्ता सहित कई ग्रामीण व अभिभावक मौजूद रहे।

### हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत झंडे बांटे

**कोटपूतली, (निसं)।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत भाजपा द्वारा चलाये जा रहे हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत वरिष्ठ भाजपा नेता व समाजसेवी शंकर लाल कसाना ने शुक्रवार को क्षेत्र के विभिन्न गांवों व ढ़ाणियों में ग्रामीणों, वृद्धजनों व बच्चों को तिरंगे झंडों का वितरण किया।

कसाना ने ग्राम नृसिंहपुरा, जयसिंहपुरा, कायमपुराबास, सांगटेड़ा आदि गाँवों में झंडे बांटे। उन्होंने कहा कि देश भर में आजादी की 75 वीं वर्षगांठ को एक भव्य उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। जिससे प्रत्येक देशवासी में देश भक्ति की भावना के साथ-साथ समाज कल्याण की भावना का जागरण होगा तो भारत वर्ष एक महान राष्ट्र बनकर पुनः विश्वगुरू बनने के पथ पर अग्रसर होगा। इस दौरान समाजसेवी रतन लाल शर्मा, विजय प्रकाश शेखावत, सवाई सिंह, महेश सिंह, सतीश चौधरी, आशीष, शुभम शर्मा, डॉ. हरिश गुर्जर, लालचंद पटेल, धोलाराम, शिवदयाल, गोपाल मंगल, नरेश कुमार, महावीर पटेल, रामसिंह, रामदयाल समेत अन्य मौजूद थे।

## सार-समाचार

### तिरंगा रैली निकाली



**बोराज, (निसं)।** आजादी की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष में कस्बे में आयोजित अमृत महोत्सव के अंतर्गत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सुरपुरा व चंद्र भानपुरा के विद्यार्थियों द्वारा शुक्रवार को गांव के मुख्य मार्गों से होते हुए गौशाला तेजाजी चौक एवं दुग्ध डेयरी के सामने से तिरंगा रैली निकाली गई। संस्था प्रधान पूरणमल कुमावत ने बताया कि इस रैली में भारत माता की जय, वंदे मातरम के साथ-साथ तिरंगा के उद्‌घोष के नारे लगाए गए तथा इस रैली में विद्यालय स्टाफ ने भी सहभागिता की। इससे पूर्व राज्य सरकार एवं विभागीय निर्देशानुसार प्रात: 10:15 बजे विद्यालय में देशभक्ति गीतों का सामूहिक गायन का कार्यक्रम रखा गया। इस अवसर पर एसएमसी अध्यक्ष मंगला राम जाखड ,वार्ड पंच बंसीलाल चुला सहित अभिभावकों की उपस्थिति रही । कार्यक्रम के अंत में संस्था प्रधान ने सभी का आभार प्रदर्शित किया व आजादी के अमृत महोत्सव पर प्रकाश डाला।

### आजादी का अमृत महोत्सव की तैयारी



**बहरोड़/नीमराना, (निसं)।** नेशनल हाईवे नंबर 48 पर स्थित आरएसी की सातवीं बटालियन कंपनी के जवानों को जल्द सुबह राष्ट्रीय पर्व स्वाधीनता दिवस की पूर्व तैयारी करवाई जा रही है। आजादी के अमृत महोत्सव की 75वीं वर्षगांठ मनाने की प्रक्रिया के तहत पूर्व तैयारी एवं बेस्ट परफॉर्मेंस के तहत प्रदर्शन करने के लिए प्रशिक्षण के अनुसार कार्यक्रम की तैयारी करवाते हुए जवानों को पूर्व प्रशिक्षण तथा उच्च स्तरीय प्रदर्शन करने हेतु तैयारी करवाई जा रही है। आर ए सी की सातवीं बटालियन के पुलिस उप अधीक्षक देशराज कुलदीप ने बताया कि बहरोड में आर ए सी की सातवीं बटालियन कंपनी के मुख्यालय पर आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत आने वाले 15 अगस्त को आयोजित होने वाले भारतीय स्वाधीनता दिवस के ध्वजारोहण कार्यक्रम में प्रदर्शन करने हेतु पूर्व तैयारी करवाई जा रही है।जिसका आर ए सी की सातवीं बटालियन के जवान ध्वजारोहण कार्यक्रम के दौरान प्रदर्शन करेंगे।

### विद्यालयों में तिरंगा रैली निकाली




**फुलेरा, (निसं)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार शुक्रवार को सरकारी विद्यालयों में आजादी का अमृत महोत्सव तहत कार्यक्रम आयोजित कर तिरंगा रैली निकाली। इस क्रम में कस्बे के हलवाई बाजार के निकट स्थित राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में प्रधानाचार्या नविता वर्मा सानिध्य में एनएसएस के की छात्राओं द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई एवं कस्बे के समीपवर्ती ढाणी नागान स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में शाला प्रधान रामवतार राणा के सानिध्य में स्कूल के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीतों के साथ तिरंगा रैली निकली। रैली को वार्ड पंच हेमराज कुमावत ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। जो क्षेत्र के विभिन्न मार्गो से होती हुई पुनः स्कूल प्रांगण में पहुंची। जहाँ पर विद्यालय के शिक्षको व छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### बाइक तिरंगा रैली निकाली



**नारायणपुर, (निसं)।** कस्बे में शुक्रवार को आज़ादी के 75वें अमृत महोत्सव को लेकर भाजपा प्रदेश मंत्री महेंद्र यादव और पूर्व यूआईटी चेयरमैन देवी सिंह शेखावत के नेतृत्व में विशाल तिरंगा बाइक रैली का आयोजन किया गया। तिरंगा बाइक रैली क़स्बा स्थित मिनी स्टेडियम से शुरू होकर कस्बे के मुख्य मार्गों से होती हुई निकाली गई। वही तिरंगा रैली के दौरान भारत माता और वंदे मातरम के जयकारे गूंजते रहे। जहां कस्बे के लोगों और व्यापारियों ने तिरंगा यात्रा का जगह-जगह फूल बरसा कर स्वागत किया गया। वहीं भाजपा प्रदेश मंत्री महेंद्र यादव ने बताया कि आजादी के 75वें अमृत महोत्सव को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आ ान पर 13 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। जिसको लेकर कस्बे में तिरंगा रैली का आयोजन कर हर घर तिरंगा अभियान को लेकर लोगों को जागरूक किया गया। और लोगों से अपील की है कि 13 से 15 अगस्त तक हर घर पर तिरंगा जरूर फहराए। तिरंगा रैली के दौरान मंडल अध्यक्ष सुरेश कपूरिया, मोहनदास महाराज, मुकेश गोठवाल, जलेसिंह मीणा, सुरेन्द्र शर्मा, नगेन्द्र चैनपुरिया सहित भाजपा के कार्यकर्ता और युवा मौजूद रहे।

### चिकित्सा मंत्री आज उद्‌घाटन करेंगे

**लालसोट, (निसं)।** स्थानीय विधायक एवं प्रदेश के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीना शनिवार को नवसृजित तहसील एवं तहसील भवन व नवसृजित आने का उद्‌घाटन करेंगे। चिकित्सा मंत्री मीणा शनिवार को विधानसभा क्षेत्र के लालसोट वह लालसोट उपखंड क्षेत्र में विभिन्न जगहों पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। मंत्री के निजी सहायक अभिलेश अग्रवाल ने बताया कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीना 13 अगस्त को सुबह साढे नो बजे राहुवास पहुंच कर राहूवास में नव निर्मित तहसील भवन का लोकार्पण करेगे एवं दोपहर एक बजे नवसृजित तहसील निर्झरना का उद्‌घाटन करेंगे तथा दोपहर 3 बजे नवसृजित पुलिस थाना झांपदा का उद्‌घाटन करेंगे।



सीनियर खिलाड़ी जगह छोड़ेगें तो उनकी जगह आने वाले लोगों पर ध्यान देना होगा। (मोहम्मद) हफीज और शोएब मलिक बड़े खिलाडी हैं और हमें उनकी कमी खलेगी। और इनकी जगह आसिफ, खुसी जगह पर रहेंगे।

- बाबर आजम

पाकिस्तानी के कप्तान, शोएब मलिक की टीम में वापसी की संभावना पर

# खेल जगत

आज का खिलाड़ी ▶ **सुंदर**



भारत के ज़िम्बाब्वे दौरे के लिये टीम में लंबे समय बाद शामिल किये गये ऑल-राउंडर वाशिंगटन सुंदर एक बार फिर चोटिल होने के कारण टीम से बाहर हो सकते हैं। गौरतलब है कि वाशिंगटन इस समय इंग्लैंड के रॉयल लंदन कप में लंकाशर काउंटी की ओर से खेल रहे हैं और बुधवार (10 अगस्त) को लंकाशर और वॉरसेस्टरशर के बीच खेले गये मैच में वह चोटिल हो गये थे। लंकाशर क्रिकेट क्लब ने इसकी जानकारी देते हुए ट्वीट किया था, ''वाशिंगटन सुंदर एक जोर से गिरने के बाद अपने बाएं कंधे का उपचार करवा कर मैदान से बाहर चले गये है।''

**क्या आप जानते हैं ?...** भारत के अनिल कुंबले ने आस्ट्रेलिया के विरुद्ध खेलते हुए अपने 600 टैस्ट विकेट पूरे किए। उन्होंने एन्ड्रयू साइमंड्स को अपना छह सौंवा शिकार बनाया था और यह उपलब्धि 12 वे टैस्ट में मिली (पर्थ)।

# एशिया कप जीतने का दावेदार है भारत : पॉन्टिंग


**''सिर्फ एशिया कप ही नहीं, बल्कि किसी भी टूर्नामेंट में भारत को हराना मुश्किल होता है। उनकी गहराई निश्चित रूप से अन्य टीमों की तुलना में बेहतर है और मुझे लगता है कि भारत एशिया कप जीतेगा।''**

दुबई, 12 अगस्त। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पॉन्टिंग ने भारत को एशिया के प्रमुख क्रिकेट आयोजन एशिया कप को जीतने का दावेदार बताया है।

पॉन्टिंग ने शुक्रवार को आईसीसी रिव्यू के नये एपिसोड में कहा, ''सिर्फ एशिया कप ही नहीं, बल्कि किसी भी टूर्नामेंट में भारत को हराना मुश्किल होता है। उनकी गहराई निश्चित रूप से अन्य टीमों की तुलना में बेहतर है और मुझे लगता है कि भारत एशिया कप जीतेगा।''

पॉन्टिंग ने यह भी कहा कि एशिया कप में भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले बहुप्रतीक्षित मैच में भारत का पलडा भारी है। पॉन्टिंग ने 28 अगस्त को होने वाले मैच के बारे में कहा, ''मैं पाकिस्तान के खिलाफ उस मुकाबले को जीतने के लिए भारत के साथ रहूंगा। मैं पाकिस्तान की उपेक्षा नहीं कर रहा क्योंकि वे एक अविश्वसनीय क्रिकेट राष्ट्र हं जो लगातार बेहतरीन खिलाडियों को मंच देते हैं''

गौरतलब है कि भारत और पाकिस्तान एशिया कप में 14 बार आमने-सामने आये हैं जिसमें भारत ने आठ बार जीत दर्ज की है जबकि पांच बार नतीजा पाकिस्तान के पक्ष



में रहा है। एक मैच बारिश में धुलने के कारण रद्द हुआ है।

पॉन्टिंग ने भारत-पाकिस्तान मुकाबले की लोकप्रीयता के बारे में कहा, ''एक क्रिकेट प्रेमी होने के नाते, जब भी इस तरह के मुकाबले होते हैं तो बैठकर देखना हमेशा अच्छा होता है क्योंकि हर चीज़ का स्तर बढ़ जाता है।''

भारत ने खिलाडियों के अत्यधिक रोटेशन के बावजूद इस सत्र में अपने 21 टी20 मैचों में से 17 में जीत दर्ज की है। पॉन्टिंग ने यह भी कहा कि यदि मोहम्मद शमी को टी20 विश्व कप के लिये टीम में शामिल किया जाता है तो वह शीर्ष टूर्नामेंट में भारत के लिये महत्वपूर्ण खिलाडी साबित हो सकते हैं। मोहम्मद शमी पिछले साल संयुक्त अरब अमीरात में हुए टी20 विश्व कप 2020 के बाद टी20 टीम से बाहर हैं।

पॉन्टिंग ने कहा, ''वह बहुत लंबे समय से भारत के लिये एक अच्छे गेंदबाज़ रहे हैं। मेरा मानना है कि टी20 क्रिकेट में भारत के पास शमी से बेहतर गेंदबाज हैं, और उन्होंने एशिया कप के लिये भी तीन तेज गेंदबाजों का ही चयन किया है। अगर विश्व कप के लिये चार तेज गेंदबाज चुने जाते है तो चौथा नाम उनका हो सकता है।''

## जिम्बाब्वे दौरे पर लक्ष्मण होंगे भारतीय टीम के मुख्य कोचः जय शाह

नयी दिल्ली, 12 अगस्त। राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण जिम्बाब्वे के आगामी दौरे के लिए भारत के कार्यवाहक मुख्य कोच होंगे क्योंकि इस श्रृंखला और 27 अगस्त से यूएई में खेले जाने वाले एशिया कप के बीच बहुत ही कम समय है। यह जानकारी भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने शुक्रवार को दी। शाह ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''हां, जिम्बाब्वे दौरे पर खेली जाने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए लक्ष्मण टीम की जिम्मेदारी (कोच) उठायेंगे। ऐसा नहीं है कि राहुल द्रविड को विश्राम दिया जा रहा है। जिम्बाब्वे में एकदिवसीय श्रृंखला 22 अगस्त को संपन्न होगी और द्रविड़ के साथ भारतीय टीम 23 अगस्त को यूएई के लिए रवाना होगी। इन दोनों टूर्नामेंटों के बीच काफी कम समय है, ऐसे में लक्ष्मण जिम्बाब्वे में भारतीय टीम की जिम्मेदारी उठायेंगे।'' उन्होंने कहा, ''एशिया कप टी20 टूर्नामेंट टीम से सिर्फ लोकेश राहुल और दीपक हुड्डा ही जिम्बाब्वे दौरे पर एकदिवसीय टीम में है। ऐसे में यह तर्कसंगत है कि मुख्य कोच टी20 टीम के साथ होगा।'' जिम्बाब्वे में तीन वनडे 18, 20 और 22 अगस्त को हरारे में खेले जाएंगे। शाह ने यह भी बताया कि लोकेश राहुल और हुड्डा हरारेसे दुबई के लिए उडान भरेंगे।

# बर्मिंघम से बहुत कुछ सीखा : अभिषेक

नयी दिल्ली, 12 अगस्त। राष्ट्रमंडल खेल 2022 में रजत पदक जीतने वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम के युवा फॉर्वर्ड खिलाड़ी अभिषेक सिंह ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने इस अनुभव से बहुत कुछ सीखा और इसने उन्हें ''बेहतर प्रदर्शन के लिये'' प्रेरित किया है। भारत के 76वें स्वतंत्रता दिवस पर 23 साल के होने वाले अभिषेक ने इसी साल फरवरी में दक्षिण अफ्रीका दौरे पर राष्ट्रीय टीम के लिये पदार्पण किया था। उन्होंने एफआईएच प्रो लीग 2021/22 में 14 मैच खेले और शानदार प्रदर्शन की बदौलत राष्ट्रमंडल खेलों के लिये टीम में जगह बनायी।

अभिषेक ने बर्मिंघम के अनुभव के बारे में कहा, ''इतने बडे मंच पर प्रदर्शन करना मेरे लिये एक यादगार अनुभव था। मैंने टूर्नामेंट के दौरान अपने खेल के बारे में बहुत कुछ सीखा और इन क्षेत्रों के बारे में जाना जहां मैं सुधार कर सकता हूं।''

उन्होंने कहा, ''हमारे मुख्य कोच ग्राहम रीड ने अभ्यास सत्रों में पहले ही बता दिया था कि मुझे ज्यादा दबाव नहीं लेना और मैच का आनंद लेना है। इस सलाह ने राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान मेरी बहुत सहायता की क्योंकि मैं अपने स्वाभाविक खेल पर ध्यान देते हुए स्वतंत्रता के साथ खेल रहा था।''

अभिषेक ने टूर्नामेंट के दौरान भारत के लिये दो गोल भी किये। उन्होंने अपने प्रदर्शन के बारे में कहा, ''मेरे साथियों और कोचों ने मुझसे कहा कि अपने पहले बडे टूर्नामेंट के हिसाब से मैंने अच्छा प्रदर्शन किया। अभी भी कुछ क्षेत्र हैं जहां मुझे सुधार करना है, और राष्ट्रमंडल खेल 2022 के अनुभव ने मुझे उन कमियों को पूरा करने के लिए और अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित किया है।''

भारत ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने पहले पूल बी मैच में घाना पर 11-0 से जीत दर्ज की। इंग्लैंड के खिलाफ 4-4 से ड्रा, कनाडा पर 8-0 से जीत और वेल्स पर 4-1 से जीत के साथ, भारत ने सेमीफाइनल में जगह बनाई, जहां उन्होंने दक्षिण अफ्रीका को 3-2 से जीत के साथ हरा दिया। फाइनल में भारत का सामना ऑस्ट्रेलिया से हुआ जहां उन्हें 0-7 से हार का सामना करना पडा।

अभिषेक ने राष्ट्रमंडल खेल 2022 में भारतीय टीम के प्रदर्शन पर कहा, ''कठिन विरोधियों का सामना करने के बावजूद हमने पूरी प्रतियोगिता में एक टीम के रूप में प्रदर्शन किया। हर मैच में हमारे लिए एक नई चुनौती थी, और हम इसका सामना करने में सक्षम थे। यहां तक कि हालांकि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल हमारे अनुकूल नहीं रहा, हमने मैच से बहुत कुछ सीखा।''

## माइया ने स्वियातेक को हराकर उलटफेर किया

टोरंटो, 12 अगस्त। ब्राजील की बीट्रिज हदाद माइया ने पोलैंड की शीर्ष वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक को 6-4, 3-6, 7-5 से हराकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

माइया ने अपने करियर में पहली बार शीर्ष क्रम की खिलाड़ी को हराया। इससे वह डब्ल्यूटीए 1000 टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली पहली ब्राजीलियाई महिला खिलाड़ी बन गई है। उनका अगला मुकाबला बेलिंडा बेनसिच और गारबाइन मुगुरुजा के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।

इस बीच 10वीं वरीयता प्राप्त कोको गौफ ने छठी वरीयता प्राप्त आर्यना सबलेंका को 7-5, 4-6, 7-6 (4) से हराया। गौफ का सामना अब रोमानिया की सिमोना हालेप से होगा। हालेप ने स्विट्जरलैंड की जिल टेकमैन को 6-2, 7-5 से पराजित किया।

अमेरिका की सातवीं वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला ने इटली की कैमिला जॉर्जी को 3-6, 6-0, 7-5 से हराया लेकिन कनाडा की बियांका आंद्रीस्कु चीन की 19 वर्षीय झेंग किनवेन से 7-5, 5-7, 6-2 से हार गईं।

# अब एक दिन पहले 20 नवंबर से शुरू होगा विश्व कप फुटबॉल

जिनेवा, 12 अगस्त। विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था-फीफा ने इस साल के आखिर में कतर में होने वाले विश्व कप को एक दिन पहले शुरू करने का फैसला किया है। अब यह टूर्नामेंट 20 नवंबर को शुरू होगा।

विश्व कप का पहला मैच मेजबान कतर और इक्वेडोर के बीच 20 नवंबर को दोहा में खेला जाएगा। फीफा ने फैसला विश्व कप को 28 के बजाय 29 दिन का करने के निर्णय के 101 दिन बाद किया है।

फीफा की समिति ने नए फैसले को मंजूरी दी। इस फैसले में हस्ताक्षर करने वालों में फीफा के अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो और छह महाद्वीपीय फुटबॉल निकायों के अध्यक्ष शामिल थे। फीफा ने कहा कि यह फैसला सर्वसम्मति से लिया गया। इसका खुलासा बुधवार को किया गया जबकि पिछले साल से ही विश्व भर में टिकटों की बिक्री शुरू हो चुकी है।

फीफा ने प्रशंसकों की यात्रा योजना प्रभावित होने के संदर्भ में गुरुवार को कहा, '' फीफा इस फैसले से प्रभावित होने वाले किसी भी मुद्दे पर प्रत्येक मामले के हिसाब से निबटने की कोशिश करेगा।''

कतर अब 20 नवंबर को अल बायत स्टेडियम में उद्घाटन समारोह के बाद शाम सात बजे इक्वाडोर के खिलाफ विश्व कप में पदार्पण करेगा। इससे पहले उसे यह मैच 24 घंटे बाद 21 नवंबर को खेलना था।

मूल कार्यक्रम में उद्घाटन समारोह का आयोजन कतर और इक्वाडोर के बीच मैच से पहले ही करने की योजना थी जबकि यह टूर्नामेंट का तीसरा मैच होता। तब उद्घाटन समारोह के लिए इंग्लैंड और ईरान के बीच होने वाले मैच के बाद केवल एक घंटे का समय रहता। यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि एक अप्रैल को जब विश्वकप के ड्रॉ डाले गए थे तब पहला मैच कतर का क्यों नहीं रखा गया था। पूर्व कार्यक्रम के अनुसार पहला मैच 21 नवंबर को दोपहर एक बजे नीदरलैंड और सेनेगल के बीच खेला जाना था। यह मैच अब इसी तिथि को शाम सात बजे से शुरू होगा।

## पाक के शीर्ष क्रिकेटरों ने केंद्रीय अनुबंध पर हस्ताक्षर किए

कराची, 12 अगस्त। कप्तान बाबर आजम, तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी और मोहम्मद रिजवान समेत शीर्ष क्रिकेटर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के संशोधित केंद्रीय अनुबंध पर हस्ताक्षर कर लिये हैं।

ईएसपीएनक्रिकइंफो की रिपोर्ट के अनुसार खिलाड़ियों के एक वर्ग ने नीदरलैंड दौरे पर रवाना होने से पहले इस शर्त पर हस्ताक्षर किये कि वे सितंबर में एशिया कप के बाद कुछ उपबंधों पर चर्चा करेंगे।

सीनियर खिलाड़ियों ने अनुबंध के कुछ पहलुओं पर आपत्ति दर्ज की थी। इनमें विदेशी लीग में खेलने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र की प्रक्रिया भी शामिल है।

इसके अलावा खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की प्रतियोगिताओं में छवि से जुड़े अधिकारों और ऐसी प्रतियोगिताओं में भागीदारी शुल्क पर भी अधिक जानकारी चाहते हैं। पीसीबी ने 2022-23 के सत्र के लिए 33 खिलाड़ियों को केंद्रीय अनुबंध की सूची में रखा था।

# राष्ट्रमंडल खेलों में महिला पहलवानों के प्रदर्शन से खुश नहीं है डब्ल्यूएफआई, होगी समीक्षा

नयी दिल्ली, 12 अगस्त। राष्ट्रीय महासंघ हाल में समाप्त हुए राष्ट्रमंडल खेलों में चार भारतीय महिला पहलवानों के प्रदर्शन से खुश नहीं है कि वे ड्रा में कमजोर प्रतिद्वंद्वियों के बावजूद फायदा नहीं उठा सकीं और स्वर्ण पदक से चूक गयीं।

राष्ट्रमंडल खेलों में सभी 12 पहलवानों ने पदक जीते जिसमें से छह ने स्वर्ण, एक ने रजत और पांच ने कांस्य पदक अपने नाम किये। महिलाओं में केवल विनेश फोगाट और साक्षी मलिक ही स्वर्ण पदक जीत सकी थीं जबकि अंशु मलिक स्वर्ण पदक की दावेदार होने के बावजूद 57 किग्रा वर्ग में रजत पदक लेकर लौंटी।

पूजा गहलोत (50 किग्रा), दिव्या काकरान (68 किग्रा) और पूजा सिहाग (76 किग्रा) ने कमजोर प्रतिद्वंद्वियों के बावजूद कांस्य पदक जीते।

महिलाओं के 50 किग्रा वर्ग में केवल छह पहलवानों ने हिस्सा लिया जिसमें पूजा कनाडा की मेडिसन बियांका पार्क्स से हार गयीं और उन्होंने प्लेऑफ में कांस्य पदक जीता। वहीं 76 किग्रा में केवल आठ पहलवान जबकि 68 किग्रावर्ग में नौ पहलवान थीं, जिसमें बांग्लादेश, मौरिशस, कैमरून, टोंगा और न्यूजीलैंड जैसे देश की पहलवान शामिल थीं। केवल दिव्या के सामने 68 किग्रा में नाईजीरिया की ब्लेसिंग ओब्रूडूडू जैसी मजबूत पहलवान की चुनौती थी जो तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता हैं। दिव्या एक भी अंक नहीं जुटा सकीं और फिर उन्होंने कैमरून की कमजोर पहलवान ब्लानडिन नयेह एनगिरी को हराकर कांस्य पदक जीता।

भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के लिये सबसे बडी निराशा प्रतिभाशाली अंशु मलिक का स्वर्ण पदक नहीं जीत पाना रही। अंशु मलिक के सामने फाइनल में अफ्रीकी चैम्पियन ओडुनाओ फोलासाडे एडेकुओरोये की चुनौती थी जो उनसे सात साल बडी हैं। डब्ल्यूएफआई के एक अधिकारी ने कहा, ''हमारी महिला पहलवानों का यह अच्छा प्रदर्शन नहीं था। अगर आप कमजोर प्रतिद्वंद्वियों के बावजूद पदक नहीं जीत पा रहे हो तो इससे आपका प्रदर्शन दिखायी देता है। '' उन्होंने कहा, ''हम पहलवानों के साथ बैठकर उनके प्रदर्शन की समीक्षा करेंगे। अंशु अपने से कहीं बडी उम्र की प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ सही दांव नहीं लगा सकी। पहलवानों को इसके बारे में सोचना चाहिए। '

अधिकारी ने कहा, ''भारत निश्चित रूप से राष्ट्रमंडल खेलों में 'पावरहाउस' है लेकिन मुझे लगता है कि यह हमारे नतीजों से सही से दिखायी नहीं दे रहा। ''

पुरूषों के वर्ग में हालांकि प्रदर्शन उम्मीद के अनुरूप रहा जिसमें बजरंग पूनिया (65 किग्रा), रवि दहिया (57 किग्रा), नवीन (74 किग्रा) और दीपक पूनिया (86 किग्रा) ने स्वर्ण पदक जीते जबकि दीपक नेहरा (97 किग्रा) और मोहित ठोवाल (125 किग्रा) ने कांस्य पदक जीते। डब्ल्यूएफआई 25 अगस्त को रोहतक में आम सालाना बैठक करेगा जिसमें अगले साल की जूनियर और सीनियर चैम्पियनशिप के मेजबान चुने जायेंगे।

# पूर्व भारतीय खिलाडियों ने एआईएफएफ चुनावों में मत अधिकार दिये जाने के कदम का समर्थन किया

नयी दिल्ली, 12 अगस्त। भारत के पूर्व और मौजूदा फुटबॉलरों ने शुक्रवार को उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद एआईएफएफ (अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ) के चुनावों में पूर्व खिलाड़ियों को मतदान का अधिकार देने के कदम का स्वागत किया, हालांकि राज्य संघ इस फैसले से खुश नहीं हैं। इन पूर्व खिलाड़ियों में महान फुटबॉलर बाईचुंग भूटिया और संदेश झिंगन शामिल हैं।

उच्चतम न्यायालय ने तीन अगस्त को एआईएफएफ की कार्यकारी समिति के चुनाव कराने का निर्देश दिया था जिसमें निर्वाचक मंडल राज्य फुटबॉल संघ के 36 प्रतिनिधियों और 36 मशहूर पूर्व फुटबॉल खिलाड़ियों का हो।

विश्व संचालन संस्था फीफा ने हालांकि एआईएफएफ को भेजे गये एक पत्र में कहा था कि निर्वाचक मंडल में राज्य संघों के प्रतिनिधियों और पूर्व खिलाड़ियों की बराबर संख्या 'समझदारी नहीं' है, हालांकि उसने संविधान मसौदे के 50 प्रतिशत के बजाय कार्यकारी समिति में 25 प्रतिशत खिलाड़ियों के प्रतिनिधित्व पर सहमति दी थी। पूर्व कप्तान भूटिया ने कहा कि उच्चतम न्यायालय का आदेश खिलाड़ियों को संन्यास में गरिमा प्रदान करेगा। उन्होंने कहा, ''मैं एआईएफएफ में पूर्व खिलाड़ियों को मत डालने का अधिकार देने के लिये उच्चतम न्यायालय के फैसले का स्वागत करता हूं। हमारे देश में



खिलाड़ियों को संन्यास के बाद भुला दिया जाता है और उन्हें खेल से बाहर कर दिया जाता है जबकि उनके पास देने के लिये फिर भी काफी कुछ होता है। '' भूटिया ने कहा, ''एक खिलाडी ही खिलाड़ियों के दर्द को समझ सकता है और उन्हें आगे बढने के लिये किस चीज की जरूरत है, वह इसे बखूबी जानता है। इस फैसले ने खिलाड़ियों को संन्यास में गरिमा प्रदान की है।''

मौजूदा खिलाडी और राष्ट्रीय टीम के डिफेंस की जिम्मेदारी संभालने वाले झिंगन ने कहा, ''यह खिलाड़ियों के लिये संन्यास के बाद व्यावहारिक करियर विकल्प है और खिलाड़ियों के भविष्य के लिये स्वागत योग्य कदम है।'' राष्ट्रीय टीम के एक अन्य पूर्व कप्तान जो पॉल अंचेरी के अलावा पूर्व भारतीय फुटबॉलर जैसे रमन विजयन, संदीप नंदी, अनवर अली, अनस एडाथोडिका, निर्मल छेत्री, संजू प्रधान और सुभाशीष रॉय चौधरी ने भी खिलाड़ियों को मतदान का अधिकार दिये जाने का समर्थन किया।

## पूर्व खेल मंत्री सोनोवाल लड सकते हैं एआईएफएफ अध्यक्ष पद का चुनाव

नयी दिल्ली, 12 अगस्त। केंद्रीय मंत्री सर्वानंद सोनोवाल इस महीने के अंत में होने वाले अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के चुनाव में अध्यक्ष पद के लिये चुनाव लड सकते हैं सूत्रों ने इसकी जानकारी दी। केंद्रीय मंत्रिपरिषद में पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग का पोर्टफोलियो संभाल रहे सोनोवाल ने एआईएफएफ चुनाव चुनावों के लिये संभावित नामांकन के संबंध में असम फुटबॉल संघ से संपर्क किया है। लेकिन अभी तक कुछ भी आधिकारिक नहीं है क्योंकि वह चीजों को देख रहे हैं।

## अगले हफ्ते भारत दौरा करेगा एफआईएच प्रतिनिधिमंडल

लौसेन (स्विट्ज़रलैंड), 12 अगस्त। अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) का एक प्रतिनिधिमंडल हॉकी इंडिया के नये संविधान में हुई प्रगति की जांच करने के लिये अगले हफ्ते भारत का दौरा करेगा। एफआईएच ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

महासंघ ने यहां जारी एक विज्ञिप्त में कहा कि इस प्रतिनिधिमंडल में एफआईएच के कार्यवाहक अध्यक्ष सैफ अहमद, मुख्य कार्यकारी अधिकारी थियेरी वील और कार्यकारी बोर्ड के सदस्य तैय्यब इकराम शामिल होंगे। एफआईएच ने प्रतिनिधिमंडल की ज़िम्मेदारियों के बारे में कहा, ''एफआईएच प्रतिनिधिमंडल भारतीय हॉकी प्रशासनिक समिति के नये संविधान के आलेखन में हुई प्रगति की जांच करेगा।'' एफआईएच ने यह भी कहा कि प्रतिनिधमंडल भुवनेश्वर में होने वाले आगामी एफआईएच हॉकी पुरुष विश्व कप को खतरे में पडने से बचाने के लिये जल्द से जल्द हॉकी इंडिया के चुनाव कराने का आव्हान करेगा। हॉकी इंडिया की प्रशासक समिति 17 और 18 अगस्त को एफआईएच प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात करेगी।

# महिला आईपीएल का शुरूआती चरण मार्च 2023 में कराया जायेगा

नयी दिल्ली, 12 अगस्त। महिलाओं की इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मार्च 2023 में एक महीने की विंडो में शुरू की जाएगी और पूरी संभावना है कि इसमें पांच टीमें खेलेंगी, शुक्रवार को इसकी पुष्टि बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने की।

बीसीसीआई के शीर्ष अधिकारियों ने इस मुद्दे पर चर्चा की और टूर्नामेंट के लिये मार्च की विंडो को ठीक समझा गया जो दक्षिण अफ्रीका में महिला टी20 विश्व कप के बाद की है।

बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई से कहा, ''हां, डब्ल्यूआईपीएल मार्च के पहले हफ्ते में शुरू होगा और हमने पहले साल चार हफ्ते की विंडो निर्धारित की है। दक्षिण अफ्रीका में टी20 विश्व कप नौ से 20 फरवरी तक आयोजित किया जायेगा और हमारी योजना इसके तुरंत बाद डब्ल्यूआईपीएल कराने की है। ''

उन्होंने कहा, ''फिलहाल हम पांच टीमों के साथ टूर्नामेंट करायेंगे लेकिन यह छह टीमों का हो सकता है क्योंकि संभावित निवेशकों के बीच इसको लेकर काफी दिलचस्पी है। आगे टीमों की नीलामी की प्रक्रिया की घोषणा की जायेगी। ''

बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली और सचिव जय शाह ने पीटीआई को अलग अलग साक्षात्कार में पहले पुष्टि की थी कि डब्ल्यूआईपीएल 2023 में शुरू होगा।

मुंबई इंडियंस, राजस्थान रॉयल्स, चेन्नई सुपर किंग्स सभी ने महिला टीमें खरीदने में दिलचस्पी दिखायी थी। यहां तक कि यूटीवी के सीईओ रोनी स्क्रूवाला ने ट्वीट किया था कि वह डब्ल्यूआईपीएल फ्रेंचाइजी खरीदने में दिलचस्पी रखते हैं।

## सशस्त्र बलों के खिलाड़ियों से मिले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

नयी दिल्ली, 12 अगस्त। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को भारतीय सशस्त्र बलों के उन खिलाड़ियों से मुलाकात की जिन्होंने हाल में ब्रिटेन के बर्मिंघम में समाप्त हुए राष्ट्रमंडल खेलों में हिस्सा लिया था।

रक्षा मंत्री ने सशस्त्र बलों के खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की और इसे 'शानदार' करार किया। भारत ने 28 जुलाई से आठ अगस्त तक हुए इन राष्ट्रमंडल खेलों में 18 स्वर्ण, 15 रजत और 22 कांस्य पदक जीते।

सिंह ने ट्विटर पर लिखा, ''बर्मिंघम में राष्ट्रमंडल खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले सैन्य बलों के खिलाड़ियों के साथ बातचीत शानदार रही। '' उन्होंने लिखा, ''उन्होंने अपने शानदार प्रदर्शन से हर किसी को खुश किया और अपनी उपलब्धियों से देश को गौरवान्वित किया। इन एथलीट को भविष्य के लिये सफलता हासिल करने के लिये शुभकामनायें। ''

# राहुल और कोहली की वापसी से किसे ड्रेसिंग रूम में बैठाया जाएगा

नयी दिल्ली, 12 अगस्त। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली पूरी तरह से फिट और चयन के लिए उपलब्ध है लेकिन पिछले एक दशक पहली बार क्रिकेट जगत में टीम में उनकी जगह को लेकर चर्चा चल रही है।

पिछले साल यूएई में खेले गए टी20 विश्व कप में टीम के बेहद ही खराब अभियान का ठीकरा शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों पर फूटा था, जो तेजी से रन बनाने में विफल रहे थे। इस बात पर काफी चर्चा हुई थी क्या लोकेश राहुल, रोहित और कोहली का शीर्ष के तीन स्थान पर बल्लेबाजी करना चाहिये। खेल के ज्यादातर जानकार हालांकि इसके पक्ष में नहीं थे।

भारतीय टीम अगर एशिया कप और



टी20 विश्व कप में इन तीनों बल्लेबाजों को अंतिम एकादश में रखती है तो इसका असर टी20 प्रारूप में देश के लिए पिछले कुछ समय में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों पर पड़ेगा।

इसमें ऋषभ पंत, सूर्यकुमार यादव और दिनेश कार्तिक में से किसी को टीम से बाहर होना पड सकता है। पंत के पास किसी भी समय मैच का पासा पलटने की क्षमता है तो सूर्यकुमार आसानी से मैदान के किसी भी हिस्से में बडा शॉट लगा सकते हैं। कार्तिक टीम में विशेषज्ञ फिनिशर (आखिरी ओवर के विशेषज्ञ बल्लेबाज) की भूमिका निभाते है । कोहली और राहुल के लिए क्या इनमें किसी एक बल्लेबाज को ड्रेसिंग रूम में बैठना पडेगा? यह अहम सवाल है और भारतीय टीम प्रबंधन को इसका जवाब तलाशना होगा। हरफनमौला हार्दिक पंड्या और रविन्द्र जडेजा की जगह इस टीम में पक्की है और फिर चार विशेषज्ञ गेंदबाज होंगे।

इससे टीमें सिर्फ पांच बल्लेबाजों के लिए जगह होगी। इसमें अंतिम एकादश में जगह को लेकर माथापच्ची होगी। पिछले साल के टी20 विश्व कप के बाद कोहली ने टी20 की चार पारियों में 17, 52, एक और 11 रन बनाये है।

इस मामले में बडा सवाल यह भी है कि क्या टीम प्रबंधन कोहली को अपने हिसाब से खेलने देगा या उन्हें पारी की शुरुआत से ही आक्रामक बल्लेबाजी करनी होगी। रोहित की कप्तानी में टीम आक्रामक बल्लेबाजी कर रही है। वह खुद भी आतिशी तेवर में बल्लेबाजी कर रहे है।

इंग्लैंड और वेस्टइंडीज में उन्होंने क्रमशः पंत और सूर्यकुमार के साथ पारी का आगाज कर सबको चौका दिया। भारतीय कप्तान ने इस दौरान 16 मैचों में 145 के स्ट्राइक रेट से लगभग 450 रन बनाये। पंत और सूर्यकुमार ने भी पारी का आगाज करते हुए आक्रामक तेवर दिखाये।

दीपक हुड्डा भी शानदार लय में है और उन्होंने आयरलैंड के खिलाफ पारी का आगाज करते हुए शतक जडा था। हुड्डा ने तीसरे क्रम पर भी अच्छी बल्लेबाजी कर प्रभावित किया है। एशिया कप के शुरुआती मैचों में उनके लिए टीम में जगह बनाना मुश्किल होगा लेकिन ऑफ स्पिन गेंदबाजी के कारण वह मजबूत विकल्प होंगे।

राहुल के बारे में पहले कहा गया था कि वह पूरी तरह से फिट नहीं है और एशिया कप से टीम में वापसी करेंगे लेकिन पाकिस्तान के खिलाफ 28 अगस्त को टीम के पहले मैच को देखते हुए उन्हें मैच अभ्यास देने के लिए जिम्बाब्वे दौरे की टीम में जोड़ा गया। राहुल जिम्बाब्वे में शिखर धवन की जगह टीम का नेतृत्व करेंगे। टीम को हालांकि सबसे ज्यादा माथापच्ची पंत, सूर्यकुमार और कार्तिक में से किसी दो को चुनने पर करनी होगी।

## ईडन गार्डंस में विशेष मैच से शुरू होगा लीजेंड्स लीग क्रिकेट

नयी दिल्ली, 12 अगस्त। लीजेंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) की शुरुआत में इस साल 15 सितंबर को कोलकाता के प्रतिष्ठित ईडन गार्डन्स में एक विशेष मैच खेला जाएगा। आयोजकों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

इंडिया महाराजा और वर्ल्ड जॉइंट्स के बीच होने वाला यह मैच भारतीय स्वतंत्रता के 75वें वर्ष से जुड़े समारोहों को समर्पित होगा। एलएलसी के उपायुक्त रवि शास्त्री ने विज्ञिप्त में कहा, ''यह हमारे लिए गौरवशाली क्षण है कि हम अपनी स्वतंत्रता का 75वें साल का जश्न मना रहे हैं। मुझे यह बताते हुए बेहद खुशी हो रही है कि हमने इस साल लीग को स्वतंत्रता समारोह के 75वें वर्ष को समर्पित करने का फैसला किया है।'' इंडिया महाराजा का नेतृत्व पूर्व भारतीय कप्तान और भारतीय क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष सौरव गांगुली करेंगे जबकि वर्ल्ड जॉइंट्स की कमान इंग्लैंड के 2019 के विश्व कप विजेता कप्तान इयोन मोर्गन संभालेंगे।



*हिन्दू धर्म व अन्य लोककथाओं में लोगों का जो विश्वास है उसमें भारत की जैव विविधता के संरक्षण की अभूतपूर्व क्षमता है। श्रद्धालु करीब सवा लाख ऐसे पवित्र उपवनों की रक्षा करते हैं जो सैंकड़ों प्रजातियों का घर हैं। भारत में पवित्र उपवन ऐसे क्षेत्र हैं जिनकी सुरक्षा पूरा समुदाय धार्मिक आस्था के साथ करता है। इन उपवनों में रहने वाले साँपों जैसे जीवों की भी सुरक्षा की जाती है जिन्हें आमतौर पर अवांछित माना जाता है। अधिकांशतः मंदिरों से संबंधित और संरक्षित ये उपवन भारत के लोगों के लिए सांस्कृतिक रुप से बहुत महत्वपूर्ण हैं और साथ ही अविश्वसनीय रुप से सघन जैव विविधता का गढ़ भी। वर्ष 2017 में प्रकाशित एक शोध पत्र में पश्चिमी हिमालय के दो पवित्र उपवनों की केस स्टडी की गई थी, देश में जैव विविधता पर इनके प्रभाव को जानने के लिए। इनमें से एक है उत्तराखंड का हरियाली देवी मंदिर क्षेत्र, जो रुद्र प्रयाग में 4200 फीट की ऊंचाई पर कोडिमा गांव के पास है। यहां मंदिर में शेर पर सवार हरियाली देवी की मूर्ति है। इससे लगे हुए छोटे से उपवन में पौधों की 80, स्तनपायी जीवों की 12, पक्षियों की 9 तथा तितली की 7 प्रजातियां मिलती हैं। समीपवर्ती तुंगनाथ उपवन में तो काले भालू भी हैं। कई अन्य अध्ययनों में पवित्र उपवनों में अविश्वसनीय रुप से समृद्ध जैव विविधता मिलने की पुष्टि की गई है। सैंट्रल -वैस्टर्न घाट के पवित्र उपवनों में वृक्षों की 144 प्रजातियां मिलती हैं, जबकि इसी क्षेत्र के ग्रामीण जंगलों में वृक्षों की केवल 91 प्रजातियां ही हैं। आंध्र प्रदेश के पल्लालम्मा मंदिर के पुजारी लक्ष्मण आचार्य ने कहा, "यह ऐसी चीज़ है जो हर हिन्दू में रची बसी है, मंदिर, वृक्ष, तालाब सब पूजनीय माने जाते हैं।" सभी तरह की संस्थाएं अब यह मानने लगी हैं कि, देश की प्राकृतिक विरासत में इन उपवनों का क्या महत्व है। एप्लाइड एनवायरमैंट रिसर्च फाउण्डेशन ने वैस्टर्न घाट की पहाड़ियों में 80 उपवनों के रखरखाव में मदद की है। पुणे का देवराय फाउण्डेशन तो ऐसे उपवन बना रहा है जिन्हें देवराय कहा जाता है। अब तक ये लोग पौधों की 119 प्रजातियों को संरक्षित कर चुके हैं, जिसमें जाएंट क्रेप मर्टल (मेंहदी) और इण्डियन कोरल ट्री भी हैं, जिसे पंगारा कहते हैं।*

# स्कूलों में अंग्रेजी माध्यम की पढ़ाई बच्चों पर थोपने की नीति कैसे सफल होगी?

## राज्यभर में हिन्दी माध्यम से पढ़ाने वाले 283 सरकारी स्कूलों को अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में बदला गया है

बीकानेर, 12 अगस्त (कासं)। शिक्षा विभाग ने राज्य के 283 सरकारी स्कूलों को अंग्रेजी माध्यम में तब्दील कर दिया है। इसमें 212 स्कूल ग्रामीण क्षेत्र के हैं, जबकि 71 स्कूल शहरी क्षेत्र के। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की घोषणा के मुताबिक प्रदेशभर में दो हजार स्कूलों को हिन्दी से अंग्रेजी माध्यम में तब्दील करना है। इसमें गांव और शहर दोनों में एक-एक हजार स्कूल हिन्दी से अंग्रेजी माध्यम में बदले जाने हैं।

■ **सरकारी घोषणा के अनुसार लक्ष्य है, प्रदेशभर में दो हजार स्कूलों को हिन्दी से अंग्रेजी माध्यम में तब्दील करना।**

खास बात यह है कि सरकार की अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोलने की नीती के विरोध में लगातार प्रदेश भर में विरोध प्रदर्शन का सिलसिला जारी है।

गत दिनों कोटपूतली कस्बे के राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विद्यालय में अंग्रेजी माध्यम के साथ-साथ एक पारी में हिन्दी माध्यम कक्षाएं भी प्रारम्भ करने की मांग को लेकर कोटपूतली के प्रबुद्ध नागरिकों के एक शिष्ट मण्डल ने मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी से भेंट कर अतिशीघ्र सरदार विद्यालय को दो पारियों में चलवाने की मांग की थी।

नारायणपुर में राज्य सरकार द्वारा बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय को महात्मा गाँधी इंग्लिश मीडियम में मर्ज किये जाने के बाद जो बच्चे हिंदी मीडियम के थे उनको स्कूल प्रबंधन ने स्कूल में पढ़ाने से मना कर दिया है। वो बच्चे जो प्रथम कक्षा से इसी स्कूल में पढ़े हैं उन्हे अन्य स्कूलों में भेजने के लिए मजबूर किया जा रहा है

अभिभावक, बड़ी कक्षा में बच्चों का माध्यम बदलने, अंग्रेजी माध्यम में पढ़ाने वाले शिक्षकों की कमी व उनके प्रशिक्षित नहीं होने को लेकर विरोध कर रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र में अंग्रेजी माध्यम स्कूलों के संचालन के लिए पर्याप्त भवन नहीं होना भी एक बड़ी समस्या के रूप में सामने आया है।

अभिभावकों और ग्रामीणों के विरोध को देखते हुए शिक्षा विभाग ने पिछले दिनों स्कूलों को हिन्दी से अंग्रेजी माध्यम में बदलने के नियमों में फेरबदल किए थे। पहले बारहवीं तक के स्कूलों को हिन्दी से अंग्रेजी में बदल दिया था, लेकिन अब पहली से पांचवीं तक के स्कूल ही हिन्दी से अंग्रेजी में तब्दील हुए हैं। इन स्कूलों मे, कक्षा छह से बारह में फिलहाल हिन्दी माध्यम ही संचालित होगा। बाद में एक-एक क्लास हिन्दी से अंग्रेजी में बदलती जाएगी

मजेदार बात यह है कि, इन स्कूलों में इसी सत्र में पढ़ाई शुरू होगी और पहले साल कक्षा एक से पांच तक की क्लासों में ही अंग्रेजी माध्यम में एडमिशन हो सकेगा। बड़ा सवाल यह है कि, प्रशिक्षण के अभाव में अंग्रेजी माध्यम में पढ़ाने को मजबूर ये शिक्षक बच्चों की पढ़ाई के साथ कितना न्याय कर पाएंगे।

राज्य सरकार ने सभी जिलों में स्कूलों को हिन्दी से अंग्रेजी में बदला है। अकेले अजमेर व अलवर जिलों में ही 44 स्कूल बदल गए हैं। शिक्षा मंत्री डॉ. बी.डी. कल्ला के विधानसभा क्षेत्र में श्रीरामसर रोड स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय को भी हिन्दी से अंग्रेजी माध्यम में बदल दिया गया है। इसके अलावा जयपुर, उदयपुर,कोटा, अजमेर सहित अधिकांश जिलों में ग्रामीण स्कूलों में अंग्रेजी माध्यम शुरू हो रहा है।

## 'नीतीश प्र.मंत्री...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

उन्होंने कहा कि हम सब जनता के मुद्दों के विषय में बात करेंगे तथा इस बात पर विचार करेंगे कि बेहतर सामाजिक कैसे बनाया जा सकता है। नई सरकार पर ई.डी. और सी.बी.आई. के खुले भय के बारे में पूछे जाने पर, नीतीश ने कहा, "मुझे ऐसा कोई डर या आशंका नहीं है।

एक चीज याद रखिये, अगर (एजेंसियों के) दुरुपयोग की आदत बन भी गई है, ऐसा करने में लिप्त लोगों पर लोगों की बारीक नज़र भी है।"

लेकिन उनकी पार्टी इसके कुछ ज्यादा ही निकट थी। जे.डी.यू. अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह ने कहा, "हमने कह दिया है कि नीतीश कुमार प्रधानमंत्री पद के प्रतिस्पर्द्धी नहीं हैं, लेकिन उनमें वे सभी गुण मौजूद हैं, जो प्रधानमंत्री बनने के लिये जरूरी हैं। राजीव रंजन सिंह ने पटना में मीडिया से कहा, "एक बार बस नई सरकार काम करना शुरु कर दे, हम दिल्ली जायेंगे, पूरे भारत में भाजपा से लड़ने के लिये सर्वसम्मति बनाने के लिये सभी विपक्षी नेताओं के साथ मीटिंग करेंगे।

नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली महागठबंधन सरकार 24 अगस्त को राज्य विधानसभा में होने वाले फ्लोर टैस्ट में अपना बहुमत सिद्ध करेगी।

कुमार ने कहा कि मंत्रिमण्डल विस्तार 15 अगस्त से पहले हो सकता है। सूत्रों ने कहा कि जनता दल-यूनाइटेड की अपेक्षा आर.जे.डी. को मंत्री पद ज्यादा मिलेंगे।

महागठबंधन को विधानसभा में 164 सदस्यों का समर्थन प्राप्त है।

## जे.के. लोन अस्पताल अधीक्षक रिश्वत लेते गिरफ्तार

कोटा, 12 अगस्त (निसं)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की कोटा इकाई ने स्थानीय जेकेलोन चिकित्सालय के अधीक्षक डा. हीरालाल मीणा को परिवादी से 50 हजार रुपए रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। ब्यूरो

■ **भ्रष्टाचार निरोधक विभाग ने कोटा जे.के. लोन अस्पताल के अधीक्षक डॉ. हीरालाल मीणा को 50,000 रू. की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया।**

से मिली जानकारी के अनुसार परिवादी की फर्म द्वारा जेकेलोन चिकित्सालय कोटा में करवाए गए कार्यों के बकाया 30 लाख रुपए के बिलों को पास कराने की एवज में डॉ. मीणा ने 1लाख 70 हजार रिश्वत राशि मांग कर परेशान किया।

## रूस भारतीय रूपये को....

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

युआन रुस और उसके नौकरशाहों के लिए एक नैसर्गिक विकल्प हो सकता है क्योंकि चीन-रुस का सबसे बड़ा व्यापार सहयोगी है।

रुस यदि अपनी अतिरिक्त आय को अमेरिकन डॉलर्स की प्रतिद्वंदी मुद्रा में कनवर्ट करने का निर्णय लेता है तो इससे चयनित देशों का हौंसला बढ़ेगा। मौद्रिक फण्ड्स प्रायः अमेरिकी डॉलर्स में संरक्षित रखे जाते है क्योंकि यह विदेशों के केन्द्रीय बैंकों की पसंदीदा परिसम्पत्ति है।

चीन अपनी मुद्रा युआन को भविष्य की रिजर्व करेंसी बनाने की दिशा में काम करता रहा है। पूरे विश्व में इसके विशाल ट्रेड वोल्यूम को देखते हुए चीन के लिए इस करेंसी को रिज़र्व करेंसी बनाना काफी आसान होगा, लेकिन परेशानी यह है कि युआन पर चीन की सरकार का दृढ़ नियंत्रण है।

आर्थिक मामलों में चीन की सरकार की जोड़तोड़ और उसके कुछ भ्रामक सांख्यिकीय आंकड़े युआन पर भरोसा सीमित करते रहे हैं। तथापि रुस अपनी खस्ताहाली के मुद्देनज़र भविष्य के उपयोग के लिए चाईनीज युआन की होल्डिंग में फायदे को देख रहा है। अगर भारतीय रुपए की बात की जाए तो यह करेंसी इन्टरनैशनल ट्रेडिंग के लिए उपलब्ध नहीं रही है। इसका उपयोग मुख्यतः घरेलू बाजार में लेनदेन के लिए किया जाता है।

भारतीय रुपया अभी पूर्ण परिवर्तनीय नहीं है और इसका अब तक एक रिज़र्व करेंसी ना बन पाने का यह भी एक कारण है।

इसके अतिरिक्त रुपए का मूल्य अस्थिर भी सिद्ध हो रहा है। इसकी वजह यह है कि इससे बहुत कम अन्तर्राष्ट्रीय लेनदेन किए जाते हैं और इसकी विनिमय दर तीव्रता से घटती-बढ़ती है। अतः विशेषज्ञ भारतीय रुपए की किसी बड़ी भूमिका को लेकर चिन्हित है।

टर्की के लीरा के लिए तो जितना कहा जाए उतना कम है। देश की राष्ट्रपति की पेचीदा सोच के कारण कई गलत नीतियां लागू हो चुकी हैं, लेकिन टर्की की अर्थव्यवस्था फिर भी काफी बड़ी है और इसका विस्तार हो रहा है।

## 'सुल्ली...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

की सुनवाई कर रहा है जिसमें कई महिलाओं द्वारा अलग-अलग दायर की गई एफ.आई.आर. को क्लब करने की मांग की गई है।

जस्टिस संजय किशन कौल और एम.एम. सुंद्रेश की बैंच ने देखा कि इस प्लेटफार्म पर बहुत सारे अपलोड्स है और अधिकांश पीड़ित महिलाओं ने एफ.आई.आर. दर्ज करवाई है तो इन्हें क्लब कैसे किया जा सकता है।

इस ऐप में सैकड़ों महिलाओं को निशाना बनाया गया उनकी तस्वीरों से छेड़छाड़ की गई और उनकी मंजूरी के बिना शेयर किया गया।

# जालोर में भगवा ध्वज को तोड़ने से माहौल गर्माया

जालोर, 12 अगस्त (कासं)। जालोर शहर के अस्पताल चौराहे पर लगे भगवा ध्वज को तोड़ने को लेकर हिन्दू संगठनों में आक्रोश व्याप्त हो गया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए तीन जनों को गिरफ्तार कर मामले को शांत करवाया। इन संगठनों ने आरोपियों के खिलाफ राष्ट्रद्रोह व धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का मामला दर्ज करने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया।

जालोर शहर के व्यस्ततम अस्पताल चौराहे पर अरमान खां पुत्र रमजान खां जाति मुसलमान निवासी किले की घाटी जालोर, असलम पुत्र मंसूर ने अस्पताल चौराहे पर पिछले लम्बे समय से लगे हुये भगवा ध्वज को दुर्भावनापूर्वक जानबूझकर फाड़ा और डंडे को तोड़ कर फेंक दिया तथा हिंदुस्तान मुर्दाबाद, पाकिस्तान

■ **पुलिस ने तत्परता दिखाई, तीन जने गिरफ्तार।**

■ **हिन्दूवादी संगठन तीनों आरोपियों, असलम, अरमान और मंसूर के खिलाफ राष्ट्रद्रोह और धार्मिक भावनाएं भड़काने का मामला दर्ज करने की मांग कर रहे हैं।**

जिंदाबाद, भारत तेरे टुकड़े होंगे ईशा अल्लाह ईशा सर तन से जुदा जैसे नारे लगाये। जिस पर वहां पर मौजूद बजरंग दल के प्रवीण सिंह नाथावत, सुरेश पुत्र शंकर, हिम्मत सिंह पुत्र कान सिंह निवासी ढोला व अन्य लोगों ने उसे पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

घटना की सूचना विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल सहित विभिन्न हिन्दू संगठनों से जुड़े सैकड़ो लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। अस्पताल चौराहे पहुंचकर इस मामले में लिप्त अन्य आरोपियो की गिरफ्तार करने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया, जिससे माहौल गर्माया गया। लोगों के आक्रोश को देखते पुलिस ने अतिरिक्त जाब्ता तैनात कर दिया। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने अरमान, असलम, मंसूर व अन्य के विरुद्ध धार्मिक भावनाओं को आहत करने व राष्ट्रदोह का प्रकरण दर्ज करने की मांग की।

## दिल के टुकड़े ...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

चुनावों में विपक्ष का प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनने की उनकी कोई महत्वाकांक्षा नहीं है, वहीं, विपक्ष की एकता के बिहार के नमूने ने यह आशा जगाई है कि अन्य राज्यों में इसी तरह की रणनीति दोहराई जा सकती है। आगामी सप्ताहों में, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश व कर्नाटक सहित कई राज्यों के सोशलिस्ट समूहों ने बैठकें आयोजित करने की योजना बनाई है।

पिछले 40 सालों में, भूतपूर्व जनता पार्टी से अलग हुए कई दल उभरकर आए हैं, जैसे, समाजवादी पार्टी, आर.जे.डी. व जे.डी.यू. तथा जे.डी. (एस), आई.एन.एल.डी. एवं आर.एल.डी.। वरिष्ठ सोशलिस्ट नेता अरूण श्रीवास्तव ने कहा, "हमारा प्रयास जनता पार्टी परिवार को एक मंच पर लाने का है।"

भारतीय सोशलिस्टों की पुरानी ब्रिगेड में से, नीतीश कुमार ही हैं, जो प्रासंगिक हैं और सक्रिय हैं और माना जाता है कि, व्यापक रूपसे वो सभी पार्टियों को स्वीकार्य हैं। सन् 2013 में जब कुमार ने, भाजपा द्वारा प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में नरेन्द्र मोदी के चयन का विरोध किया था उस समय उन्होंने विपक्षी नेताओं की कई बैठकों में भाग लिया था, इन चर्चाओं के बीच कि उन्हें विपक्ष का प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनाया जाएगा। लगभग दो दशकों तक भाजपा के गठबंधन सहयोगी होने के बावजूद, कुमार ने अपना सोशलिस्ट रूझान बरकरार रखा है तथा विपक्षी कैम्प में अपने संबंध भी बनाकर रखे हैं।

गत वर्ष जब आई.एन.एल.डी. नेता ओम प्रकाश चौटाला दस वर्ष की जेल के बाद रिहा हुए तब नीतीश कुमार पहले नेता थे जो उनसे मिलने गए थे।

वो विपक्षी कैम्प के उन चुनींदे नेताओं में एक हैं जिनके कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से अच्छे संबंध हैं।

विपक्ष की एकता किस तरह क्या रूप लेगी, बहुत कुछ कांग्रेस नेताओं तथा विशेष रूप से सोनिया गांधी पर निर्भर करेगा। बिहार के नवनियुक्त उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, जो आज दिल्ली पहुंचे, सोनिया गांधी से मिलने वाले थे। वो वामपंथी नेता सीताराम येचुरी व डी. राजा से भी मिले।

विपक्ष की एकता, या सन् 2024 लोकसभा चुनावों के लिए, प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में नीतीश कुमार का चयन बहुत दूर की बात है। लेकिन यह तो स्पष्ट है: अपने नवीनतम कदम से, नीतीश ने विपक्ष के कैम्प में उम्मीद की एक किरण जगाई है।

## पं. नेहरू ने 14 अगस्त...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

का प्रतीकातमक प्रतिनिधित्व है।

इस स्वरूप (चक्र) का चयन आकस्मिक रूप से नहीं किया गया, बल्कि यह अशोक की राजधानी को चक्र से लिया गया था। दरअसल, वह चक्र कोई अशोक का आविष्कार नहीं था, यह अशोक से भी पुराना था। लेकिन यह तथ्य कि यह अशोक से संबंधित है तथा उसके स्तम्भों पर विद्यमान है, इसलिये इस विशेष रूप को अपनाना हमारे लिये एक अतिरिक्त प्रेरणा का हेतु रहा।

यह सुझाव कि चक्र और बड़ा होना चाहिये था, तथा इसे केसरिया एवं हरी पट्टियों को थोड़ा सा ढ़क लेना चाहिये था, इस पूरी डिज़ाइन की कलात्मकता की समझ की कमी को दर्शाता है। ऐसा करने से झंडा बिगड़ गया होता।

इस प्रकार यह झंडा, जिस रूप में अंगीकार किया गया, उन सभी अपेक्षाओं को पूरा करता है, जो हम इससे चाहते हैं। यह सुन्दर एवं कलात्मक है, यह मूलतः हमारे स्वातन्त्र्य संघर्ष एवं हमारी विजय का झंडा है, यह झंडा आम आदमी, भारत की संपूर्ण जनता का प्रतिनिधित्व करता है, और आधुनिक, जैसा कि यह है, होते हुये भी, यह हमें बहुत पहले की प्राचीन भारत की महान सांस्कृतिक परम्पराओं की ओर ले जाता है, जो किसी न किसी मात्रा में, युगों-युगों से चलती आई हैं। इस प्रकार से यह भारतीय संस्कृति के स्थायित्व तथा आज के भारत के गतिशील गुण-दोनों का ही ध्वज है, जिसे लेकर हमें आशा एवं विश्वास है कि झंडे के ये दोनों ही गुण इस देश की की जनता को बेहतरी एवं मुक्ति की ओर ले जाते रहेंगे।

(हिन्दुस्तान टाइम्स के संपादक को लिखा गया यह पत्र नेहरू ने 12 अगस्त, 1947 को लिखा था तथा 14 अगस्त, 1947 को मुद्रित/प्रकाशित हुआ था।)

# भरी सभा में लेखक सलमान रश्दी पर जानलेवा हमला

## न्यूयॉर्क में मंच पर लैक्चर देने के लिए उठते वक्त एक युवक ने चाकुओं से उनकी गर्दन और सीने पर कई वार किये

न्यूयॉर्क, 12 अगस्त। लेखक सलमान रुश्दी पर न्यूयॉर्क में चाकु मारकर जानलेवा किया गया। जानकारी के मुताबिक उनके एक लैक्चर से पहले शुक्रवार को उस समय रुश्दी पर चाकू से हमला किया गया जब वे पश्चिमी न्यूयॉर्क में एक कार्यक्रम में मौजूद थे। चौटाउक्वा इंस्टीट्ययूशन में एक शख्स ने मंच पर धावा बोल दिया और लेखक को चाकू मार दिया। रुश्दी पर हमला होने के बाद तुरंत वहां अफरा-तफरा मच गई और उन्हें फौरन इलाज के लिए ले जाया गया।

सलमान रुश्दी की किताब द सैटेनिक वर्सेज ईरान में 1988 से बैन है, क्योंकि कई मुसलमान इसे ईशनिंदा मानते हैं। ईरान के दिवंगत नेता अयातुल्ला रूहोल्लाह खुमैनी ने एक फतवा जारी किया था जिसमें रुश्दी की मौत पर इनाम रखा गया था। रुश्दी की हत्या करने वाले को 30 लाख अमेरिकी डॉलर का इनाम देने का ऑफर दिया गया था। ईरान की सरकार ने लंबे समय से खुद को खुमैनी के फरमान से दूर कर लिया है, लेकिन रुश्दी विरोधी भावना अब भी वहां बरकरार है। साल 2012 में एक ईरानी धार्मिक फाउंडेशन ने रुश्दी की हत्या पर घोषित इनाम को 2.8 मिलियन अमेरीकी डॉलर से बढ़ाकर 3.3 मिलियन अमेरीकी डॉलर कर दिया था। सलमान रुश्दी एक विवादित लेखक रहे हैं और उन्हें पहले भी कई बार जान से मारने की धमकी मिल चुकी है. जानकारी के मुताबिक लेक्चर देने के लिए जैसे ही रुश्दी स्टेज पर पहुंचे वैसे ही एक शख्स ने उन पर मुक्के बरसाने शुरू कर दिए हैं। शुरुआती जानकारी में सामने आया है कि शख्स के हाथ में चाकू जैसा कोई नुकीला हथियार भी था। समाचार एजेंसी एसोसिएटेड प्रैस के मुताबिक हमलावर ने रुश्दी को मुक्के मारकर पहले फर्श पर गिरा दिया।

## कांग्रेस की ...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

पर कांग्रेस नेतृत्व की भावहीन खामोशी रहस्यमय लग रही हैं।

कांग्रेस ने न तो नीतीश को सार्वजनिक रूप बधाई ही दी और न पार्टी मुख्यालय पर कोई मीटिंग ही बुलाई। यह बात अजीब इसलिये भी लग नही है, क्योंकि वो नीतीश ही थे, जिन्होने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को जून में परिवर्तन की हवा की सूचना सबसे पहले दी थी, जब वे कोविड-19 संक्रमण के कारण अस्पताल में भर्ती थी। हालाँकि नीतीश ने वह शिष्टचार फोन-कॉल उनकी कुशल क्षेम पूछने के लिये किया था, लेकिन उन्हें सम्बन्धित प्रगति का संकेत देने के लिये प्रथम उपयुक्त व्यक्ति के रूप में उनको ही उचित माना था।

बताया जाता है कि सोनिया ने नीतीश से हुई अपनी बातचीत की जानकारी अपने एक निकटतम तथा विश्वसनीय व्यक्ति को दी थी तथा कहा था कि "बिहार परिवर्तन की प्रतीक्षा में है तथा हमें यथाशीघ्र लालू प्रसाद (आर.जे.डी. के पुराने नेता) से सम्पर्क करने की जरूरत है ताकि नीतीश तथा लालू जी के बीच की दूरी को पाटा जा सके।" यह ब्साात एक सूत्र ने सोनिया की रणनीति को उद्धृत करते हुये बताई।

उन्होंने कहा कि नीतीश ने कांग्रेस हाई कमान से मदद माँगी थी जिससे कि उनको भाजपा के दबाव के आगे झुकना नहीं पड़े। सोनिया ने उनसे कहा था कि वे राहुल गांधी के सम्पर्क में रहें तथा तेजस्वी (लालू के बेटे) तथा राहुल को यह जिम्मेदारी सौंपी गई थी कि वे दोनों बिहार में राजनैतिक परिवर्तन की बातचीत को आगे बढ़ाये।

जब प्रमुख गठबन्धन पार्टनरों ने बुनियाद तैयार कर दी तो कांग्रेस ने अपने बिहार प्रभारी भक्त चरण दास से कहा कि इस काम का खाका तैयार करें। मुख्य जोर इतना ज्यादा संख्या बल इकट्ठा करने पर रखा गया कि भाजपा के लिये तोड़-फोड़ तथा नई सरकार बनाना असम्भव हो जाये। इस प्रकार, 164 विधायकों का आँकड़ा सामने आया, जिसमें वामपंथी दल भी शामिल थे। इस पूरे घटनाक्रम के जानकार एक कांग्रेस नेता का कहना हैं, " नीतीश कुमार ने सीधे ही सोनिया को पाँच फोन कॉल किये, जिसमें हाल ही के 24 घंटे में किये गये वो दो कॉल भी शामिल हैं, जो अब सबकी जानकारी में हैं।"

कांग्रेसी नेता ने कहा कि नीतीश ने यह गोपनीय बात सोनिया से साझा की थी कि गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जे.पी.नड्डा तथा राज्य प्रभारी एवं केन्द्रीय शिक्षामंत्री धर्मेन्द्र प्रधान पटना आ रहे हैं तथा कभी उनके विश्वासपात्र रहे, नौकरशाह से राजनेता बने आर.सी.पी.सिंह की मदद से उनकी योजना जनता दल (यू.) को तोड़ने की है। नीतीश ने आर.सी.पी.सिंह को एक बार और राज्यसभा सदस्य बनाने से इनकार कर दिया तथा उन्हें पार्टी से निकाल दिया था।

# तेलंगाना के मु.मंत्री चन्द्रशेखर राव का ...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

जहां अगले वर्ष विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं, में महरूम हैं।

के.सी.आर. ने स्थानीय मीडिया के सहयोग से तथ्यों और आंकड़ों के साथ प्रधानमंत्री पर एक कटु प्रहार किया, जिसमें उन्होंने उन्हीं तथ्यों को प्रस्तुत किया जिनका वर्ष 2014 के लोकसभा चुनावों से पूर्व मोदी ने प्रधानमंत्री पद के प्रत्याशी के रूप में इस्तेमाल किया था।

के.सी.आर. प्रधानमंत्री को जिस तरीके से कटघरे में खड़ा करते रहे हैं वैसा किसी ने नहीं किया। वह प्रधानमंत्री के बयानों की सत्यता की जांच करते हैं और कच्चे तेल, सामान्य मूल्य वृद्धि या अमेरिकी डॉलर की तुलना में भारतीय रूपए के गिरते मूल्य जैसे विषयों पर प्रधानमंत्री से तीखे सवाल करते हैं।

बिहार के नाटकीय घटनाक्रमों ने के.सी.आर.और उनके परिवार के लिए निश्चित रूप से हौसला अफजाई का काम किया है। वे भाजपा से संघर्ष कर रहे हैं और उसके विस्तार को रोकने की कोशिश कर रहे हैं। उनके पुत्र एवं एक प्रमुख मंत्री के.टी. रामाराव (के.टी.आर.) जो राज्य सरकार में मंत्री हैं, और पुत्री कविता ने बिहार की नई राजनीतिक व्यवस्था का स्वागत किया है, जिसे वे स्वागत योग्य मानते हैं।

वास्तव में, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भाजपा को जिस तरह से चतुराईपूर्ण मात दी है, उससे अन्य राजनीतिक पार्टियों के नेताओं को निश्चित रूप से यह संकेत जाता है कि यदि कोई बहादुरी, निडरता और जुझारूपन दिखाए दिखाए तो भाजपा को नियंत्रित किया जा सकता है।

और इसको लेकर तेलंगाना के मुख्यमंत्री दर्शा रहे हैं कि वह कम नहीं पड़ते हैं और उनके पुत्र के.टी.आर. भी भाजपा पर प्रहार करने में कोताही नहीं बरतते हैं।

लेकिन, राजनीतिक विश्लेषक, जागरण लेकसिटी युनिवर्सिटी के कुलपति एवं लोकनीति नैटवर्क के राष्ट्रीय समन्वयक संदीप शास्त्री बिहार घटनाक्रमों को ज्यादा तवज्जो देने और राष्ट्रीय तथा अन्य राज्यों की राजनीति के लिए उन्हें आधार बनाने को लेकर आगाह करते हैं। प्रो. शास्त्री ने कहा कि प्रत्येक राज्य के चुनाव व राजनीति अलग-अलग तथा विशेष हैं, इसीलिए भाजपा को प्रत्येक राज्य और यहां तक कि लोकसभा चुनावों के दौरान भी अलग रणनीति होती है तथा कांग्रेस व अन्य पार्टियों को इसके लिए अपनी रणनीतियों पर पुनर्विचार करना होता है।

और विपक्ष यदि मोदी बनाम एक्स या व्यक्तित्व के मुद्दे पर उलझ जाता है तो वर्ष 2024 की रेस शुरू होने से पूर्व ही समाप्त हो जाएगी क्योंकि भाजपा और मोदी इसमें कोसों आगे हैं।

उन्होंने कहा कि विपक्ष को भाजपा का मुकाबला व्यक्तित्व की बजाय मुद्दों, दृष्टिकोण और सोच के आधार पर करना चाहिए।

लेकिन तेलंगाना से के.सी.आर. और उनका परिवार बिहार घटनाक्रमों से प्रेरणा ले रहा है और इस बात की खुशी व्यक्त कर रहा है कि अन्ततः किसी ने तो भाजपा की बैकडोर राजनीति को अवरूद्ध किया है। निश्चित रूप से यह एक ऐसा घटनाक्रम है जिसे लेकर वह स्वयं भी चिंतित हैं कि कहीं ऐसा उनके राज्य में न हो जाए।

के.सी.आर. की पुत्री कविता ने कहा कि बिहार घटनाक्रम पूरे देश के लिए सकारात्मक बदलाव है क्योंकि नीतीश कुमार ने बैकडोर राजनीति के युग को करारा जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि "नालंदा ने विश्व को हमेशा रास्ता दिखाया है और अब बिहार ने देश का मार्ग प्रशस्त किया है। मैं उम्मीद करती हूँ कि इसे हर कहीं दोहराया जाएगा।"

वर्तमान में पार्टी का पूरा ध्यान मुनुगोडे विधानसभा उप चुनाव पर है, चाहे यह कभी भी हो। यहां के निवर्तमान कांग्रेसी विधायक के. राजगोपाल रेड्डी ने जब अपनी विधानसभा सदस्यता से इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल होने के अपने इरादों की घोषणा की तब यह सीट रिक्त हो गई।

उम्मीद है कि भाजपा उन्हें इसी सीट से पुनः मैदान में उतारेगी और टी.आर.एस. के लिए यह प्रतिष्ठा का प्रश्न बन गया है। यह उप चुनाव भाजपा के लिए भी एक अग्निपरीक्षा होगा क्योंकि इससे उसे यह पता चलेगा कि राज्य में उसका वजूद क्या है और यह देखना भी दिलचस्प होगा क्या जनता दल बदलुओं का समर्थन करती है या नहीं।

## सफल ...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

स्वशासित द्वीप का बीच के रास्ते पर चलने में विश्वास और मजबूत हो गया है तथा वह बीजिंग और वॉशिंगटन के बीच ताकत के बड़े टकराव में अपना इस्तेमाल होने से इंकार करना चाहता है। वर्तमान राष्ट्रपति साई इंग-वेन के नेतृत्व में ताइवान के अधिकारियों ने चुपचाप अमेरिका का समर्थन किया और उससे हथियारों की बिक्री तथा सहयोग का वादा लेने का लाभ लिया है। उन्होंने चीन की घुड़कियों और धमकियों को इस द्वीप की दुर्दशा को लेकर अन्तर्राष्ट्रीय जागरूकता का हिस्सा बना दिया है। लेकिन ताइवान ने कूटनीतिक जीत का ठिठोरा नहीं पीटा वरना चीन और अधिक आक्रामक हो जाता चीन के प्रकोप से बचने के प्रयासों में ही निहित है। जब बीजिंग ने हाल ही में उस समुद्र में, जो चीन और ताइवान को पृथक करता है, अपने दर्जनों लड़ाकू जलयान भेजे, तो ताइवान की सेना ने कहा कि वह आगे नहीं बढ़ेगी तथा उसने अपेक्षाकृत नरम कदम उठाये। अधिकारियों ने बड़े शिष्ट एवं संयत बयान दिये तथा 7 राष्ट्रों से मिले समर्थन/सहयोग का स्वागत किया। अमेरिकन अधिकारियों ने ताइवान को हथियारों की आपूर्ति करने का विचार किया है क्योंकि चीनी सैन्य अवरोध की स्थिति में इस द्वीप को हथियारों की सप्लाई मुश्किल हो जायेगी।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्सः 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, 2418945, फैक्सः 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोनः 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोनः 256906, 256907, फैक्स:01562-256908